* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

25 जनवरी, 2023
माघ, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 98

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा


आरआरआर का गाना नाटू-नाटू ऑस्कर के लिए नॉमिनेट, भारत की दो डॉक्यूमेंट्री भी अवॉर्ड की दौड़ में






आजाद सिपाही 188100 Subscribers | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+ | Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel | Subscribe NOW | No 1 Channel



## नहीं मिल रहा मुद्दा : खुद की राजनीतिक जमीन तो धंस गयी, अब करने लगे धर्म ग्रंथों की बुराई

# रामचरित मानस पर विवाद के पीछे है विभाजक राजनीति

**■ हिंदू तो सहिष्णु है, कुछ भी बोल दो, क्या फर्क पड़ता है वाली मंशा गलत ■ नये-नये शिव भक्त, हनुमान भक्त बने नेता चुप्पी साधे हुए हैं ■ आखिर साबित क्या करना चाहते हैं इसकी आलोचना करनेवाले**

आजाद सिपाही विशेष

2024 का लोकसभा चुनाव नजदीक है। इस हिसाब से विपक्ष की मंशा भी धीरे-धीरे स्पष्ट होती जा रही है। विपक्ष, विपक्षी एकता चाहता है, जो अभी हो नहीं पा रही है। विपक्ष मोर्चा बनाना चाहता, जो बन नहीं पा रहा। संभावनाएं टटोली जा रही हैं, लेकिन सभी की महत्वाकांक्षा बीच में आ रही है। विपक्ष पीएम मोदी को 2024 में हटाना चाहता है, जिसके आसार कम ही नजर आ रहे हैं, क्योंकि उसके पास कोई कार्ययोजना नहीं है। विपक्ष मुद्दों की तलाश में है, जो उसे मिल नहीं रहा है। कुछ मुद्दे जो उसके पास हैं, वे सब भोथरे हो गये हैं। 2019 में सब फ्लॉप हो गये। विपक्ष अब नया दांव लेकर आया है। वह है 450 साल पहले लिखी गयी रामचरित मानस की चंद चौपाई। इसकी चौपाई को लेकर चंद नेता आग उगल रहे हैं। अपनी धूमिल होती राजनीतिक जमीन को हासिल करने के लिए उन्होंने हिंदुओं के पवित्र ग्रंथ रामचरित मानस पर हमला करना शुरू कर दिया। कारण स्पष्ट है, उन्हें हिंदुओं में फूट डालने वाली राजनीति ही करने आती है। फूट डालो राज करो। हिंदू तो सहिष्णु है। वह सब कुछ सह लेगा, यह उन नेताओं को पता है। उनकी हिम्मत थोड़े है दूसरे धर्म क्की किसी मानद पुस्तक पर टिप्पणी करने की। हद तो तब होती है, जब विपक्ष के कुछ बड़े चेहरे, जिन्होंने अपना-अपना भगवान चुन लिया है, वे भी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। नये-नये तपस्वी बने और खुद को शिव भक्त कहने वाले, खुद को हनुमान भक्त कहने वाले, कृष्ण भक्त कहने वालों की जुबान पर मानो दही जम गयी हो। मुंह से कुछ निकल नहीं रहा है। दुनिया भर में सम्मानित और सबसे अधिक भाषाओं में अनूदित महान महाकाव्य रूपी धर्मग्रंथ, श्रीरामचरित मानस को लेकर पहले भी विवाद होता रहा है, लेकिन वर्तमान में बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और समाजवादी पार्टी के एमएलसी और उत्तरप्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस पर हालिया जहर उगला है। हालांकि विवाद का कारण रामचरित मानस की कुछ चौपाई हैं, लेकिन इन चौपाइयों के अर्थ का अनर्थ करने और रामचरित मानस को समग्र रूप से नहीं समझने के कारण ही यह गलतफहमी उपजती रही है। हाल के वर्षों में धार्मिक प्रतीकों, आस्था, ग्रंथ आदि को लेकर विवाद बढ़ रहे हैं और यह विवाद अधिकांशत: हिंदू धर्म से जुड़ा होता है। सबसे अजीब यही लगता है और इस पर राजनीति भी खूब हो रही है। लेकिन रामचरित मानस जैसे धर्मग्रंथ के खिलाफ बयान देनेवाले नहीं जानते कि इसकी महत्ता क्या है। करीब साढ़े चार सौ साल पहले गोस्वामी तुलसीदास द्वारा लिखित यह ग्रंथ भारत के महान साहित्यिक और धार्मिक कृत्यों का सिरमौर माना जाता है। इसकी चौपाइयां मानव सभ्यता के उस इतिहास, वर्तमान और भविष्य को रेखांकित करती हैं, जिनकी कल्पना भी किसी दूसरे धर्मग्रंथ में नहीं की गयी है। तो फिर सवाल यह उठता है कि रामचरित मानस के खिलाफ बयानबाजी क्यों हो रही है। इसका सीधा-सपाट उत्तर यही है कि यह वोट पाने के लिए विभाजनकारी राजनीति का एक हिस्सा है। यह भी सच है कि इसके खिलाफ बयानबाजी से केवल व्यक्ति या समाज का ही नहीं, पूरे देश का नुकसान होगा। रामचरित मानस के खिलाफ विवादित टिप्पणी के कारणों और इसके पीछे की राजनीति को रेखांकित कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

भारत में आम चुनाव अगले साल होगा, लेकिन इसके लिए माहौल बनने लगा है। यों कहा जाये कि राजनीतिक दल और उनके नेता माहौल बनाने में लग गये हैं, तो ज्यादा सटीक होगा। नून-रोटी की जद्दोजहद में जूझ रहे आम लोगों को रिझाने के लिए इन राजनेताओं के पास अब शायद कोई हथियार नहीं बचा है, इसलिए अब ये उस हथियार का इस्तेमाल करने लगे हैं, जिसकी मारक क्षमता बहुत अधिक होती है। इसलिए इन दिनों धार्मिक मुद्दों, वह भी बहुसंख्यक हिंदू धर्म से जुड़े मुद्दों को खूब उछाला जा रहा है। यही कारण है कि बिहार के शिक्षा मंत्री और राजद नेता चंद्रशेखर और यूपी के पूर्व मंत्री और सपा विधान पार्षद स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिंदुओं के सबसे पवित्र ग्रंथ रामचरित मानस के खिलाफ बयान देकर माहौल को गरम कर दिया है। इन नेताओं के अनुसार साढ़े चार सौ साल पहले गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित इस धर्मग्रंथ में दलितों का अपमान किया गया है।

ऐसा माना जाता है कि गोस्वामी तुलसीदास ने अयोध्या में रहते हुए ही रामचरित मानस की रचना मुगल बादशाह अकबर के शासन काल के दौरान की थी। उनकी रचना मुख्यतः अवधी भाषा में है, लेकिन उसमें संस्कृत, उर्दू, फारसी शब्दों का भी प्रयोग किया गया है। माना तो यह भी जाता है कि तुलसीदास जी ने इसमें श्री राम के चरित्र की साधारण मनुष्य से तुलना करते हुए विवेचना की है। इसलिए इसे रामचरित मानस कहते हैं।

यह सभी जानते हैं कि रामचरित मानस की रचना गोस्वामी तुलसीदास ने साढ़े चार सौ साल पहले की थी, लेकिन आज उनकी कुछ चौपाइयां राजनीति का ऐसा औजार बन गयी हैं कि कोई यह समझ नहीं पा रहा है कि अब अचानक आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। रामचरित मानस की एक चौपाई को दलितों का अपमान बताते हुए अब इस पर एतराज भी जताया जा रहा है और उसके बहाने अपनी सियासी रोटियां भी सेंकी जा रही हैं,





लेकिन बड़ा सवाल यह है कि दलितों की राजनीति करने वाले नेताओं को अब तक यह ख्याल क्यों नहीं आया कि रामचरित मानस में लिखी इन चौपाइयों का विरोध जब पहले आज तक कभी नहीं हुआ, तो फिर आखिर अभी ही क्यों हो रहा है।

### क्या है पूरा विवाद

यूपी देश का सबसे बड़ा राज्य है, जहां दलितों की आबादी सबसे ज्यादा है। लोकसभा चुनाव होने में अभी सवा साल का वक्त बचा है, लेकिन भाजपा को घेरने के लिए विपक्ष को कोई मुद्दा तो चाहिए ही, जो उसे रामचरित मानस की उन चौपाइयों में मिल गया। समाजवादी पार्टी के बड़े दलित नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरित मानस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने रामचरित मानस में लिखी जातिसूचक और नीची जातियों का अपमान करने वाली पंक्तियों को हटाने के लिए केंद्र सरकार से लड़ाई मोल ले ली है। इससे पहले बिहार के राजद नेता और शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने रामचरित मानस को अंधविश्वास फैलानेवाला ग्रंथ कह कर इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी।

जाहिर है कि सरकार उनकी मांग पर कोई गौर तो नहीं करेगी, लेकिन सवाल यह भी उठता है कि ये दोनों इस मुद्दे को उछाल कर कितने दलितों को सपा और राजद के पाले में ले आयेंगे। यह भी सच है कि इनके बयान ने राजनीति में एक नये विवाद को जन्म दे दिया है, लेकिन सियासत का इतिहास बताता है कि ऐसे किसी भी मसले को किसी सोची-समझी रणनीति के तहत ही उछाला जाता है, खासकर तब, जबकि एक खास वर्ग की भावनाओं को सियासी रंग देते हुए उसे अपने साथ लेने की हर मुमकिन कोशिश को परवान चढ़ाया जाये।

### राजनीतिक एंगल

अब इस विवाद के राजनीतिक एंगल पर विचार करते हैं। निष्पक्षता से आकलन किया जाये, तो पिछले साल हुए यूपी विधानसभा के चुनावों में दलितों के एक बड़े तबके का मायावती की बसपा से मोहभंग हुआ था और उसने सपा के पाले में जाने की बजाय भाजपा को शायद अपना ज्यादा खैरख्वाह समझा भी और खुल कर उसे वोट भी दिया। इसे भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग का सफल प्रयोग भी कह सकते हैं कि उसने बसपा से नाराज इस मजबूत वोट बैंक को सपा या कांग्रेस में जाने देने की बजाय अपने साथ लाने में उम्मीद से ज्यादा कामयाबी हासिल की। रामचरित मानस को लेकर दिये मौर्य के इस ताजा बयान को उसी कड़ी के रूप में देखा जा रहा है कि सपा का सारा फोकस अब इसी पर है कि मायावती से नाराज होकर जो दलित वोट भाजपा के पास चला गया है, उसे किसी भी सूरत में अपने पाले में लाने के लिए हर तरह की तिकड़म का इस्तेमाल किया जाये। इसीलिए सियासी गलियारों में यह चर्चा जोरों पर पर है कि रामचरित मानस के जरिये दलितों का अपमान होने वाला बयान उन्होंने खुद नहीं दिया, बल्कि उनसे दिलवाया गया है।

इधर बिहार में महागठबंधन की पांच महीने पुरानी सरकार की नैया पहले से ही डगमगा रही है। राजद इस गठबंधन में सबसे बड़ा दल है, लेकिन दलित वोटों को लेकर उसकी चिंता यही है कि चिराग पासवान के अलावा सभी दलित नेता भाजपा के खेमे में हैं। ऐसे में दलितों का वोट इधर-उधर न चला जाये, इसलिए अभी से ही कोशिश की जाये।

यूपी की राजनीति में स्वामी प्रसाद मौर्य को आज भी दलितों के एक बड़े चेहरे के रूप में पहचाना जाता है और कुछ इलाकों में उनका खासा जनाधार भी है। इसलिए उन्होंने यह शिगूफा छोड़ कर एक नया विवाद तो पैदा कर ही दिया है। हालांकि यह कोई नहीं जानता कि आगामी लोकसभा चुनाव में उन्हें या उनकी पार्टी को किस हद तक फायदा मिलेगा। स्वामी प्रसाद मौर्य को रामचरित मानस की एक चौपाई अब अचानक खलने लगी है। उनका कहना है कि इस चौपाई में महिलाओं और दलितों-पिछड़ों को अपमानित करने के उद्देश्य से उन्हें प्रताड़ित करने को कहा गया है। चंद्रशेखर भी लगभग यही बात कहते हैं और इस ग्रंथ पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हैं।

यहां सवाल यह है कि आखिर हिंदुओं के पवित्र धर्मग्रंथों, प्रतीकों और अन्य आस्थाओं पर चोट कर राजनीतिक दलों को क्या हासिल हो सकता है। यह सच है कि इस तरह के विवाद से किसी का भला नहीं होनेवाला, बल्कि इससे नुकसान ही होगा। इसलिए इस तरह की बयानबाजी पर तत्काल रोक लगायी जानी चाहिए।

---

## सीएम ने जाना पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा जिले की योजनाओं का हाल

# नक्सल क्षेत्रों में नौजवानों को भटकाव से रोकने के लिए स्वरोजगार से जोड़ें : हेमंत

**ग्रामीण इलाकों में बेहतर पुलिसिंग और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य के हर जिले में कम से कम 10 से 15 हजार कर्मी हैं। आप चाहे किसी भी विभाग के अधिकारी या कर्मचारी हों, राज्य सरकार के अंग के रूप में कार्य कर रहे हैं। आप पढ़े-लिखे हैं। आप में दक्षता की कोई कमी नहीं है। झारखंड के भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति से भी भलीभांति वाकिफ हैं। अगर आप अपनी जिम्मेदारियों को चुनौती के रूप में स्वीकार कर कार्य करेंगे तो निश्चित तौर पर बेहतर नतीजे आयेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को चाइबासा में पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा जिले में संचालित विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं और विधि व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।

### विकास को तेज करने की ज्यादा जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा जिले में नक्सल गतिविधियां थोड़ी ज्यादा हैं। ऐसे में यहां विकास को और तेज करने की जरूरत है। नौजवानों को रोजगार या स्वरोजगार से जोड़ने में अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को निभायें। ताकि वे भटकाव रास्ते पर ना जायें। इसके साथ इन इलाकों में बेहतर पुलिसिंग और स्वास्थ सुविधाओं और मजबूत करें। कई बार मरीजों को चारपाई या किसी अन्य तरीके से घंटों पैदल चलकर अस्पताल ले जाने की खबरें सुनने को मिलती हैं। यह काफी चिंता की बात है। ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं हो, इसका अधिकारी पूरा ख्याल रखें।





### कमजोर, वंचित, गरीब और जरूरतमंद को आगे बढ़ायें

हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड एक आदिवासी और दलित बहुल राज्य है। इनके साथ यहां के किसानों, मजदूरों, दिव्यांगों, बुजुर्गों, महिलाओं, नौजवानों समेत कमजोर और वंचित वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसे लेकर कई योजनाएं शुरू की गयी हैं। इन योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, तभी हम अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को हासिल कर सकेंगे।

### पद से अलग हटकर मेहनत करने की जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज समेत तमाम संसाधन मौजूद हैं, जो इस राज्य को विकास के रास्ते पर आगे ले जा सकता है। फिर भी झारखंड देश के पिछड़े राज्यों में गिना जाता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि झारखंड के चरित्र को देखते हुए आपको अपने पद से थोड़ा अलग हटकर लोगों के साथ मिल बैठकर कार्य करने की जरूरत है। इस राज्य की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए थोड़ा ज्यादा मेहनत करें, तभी हम अपनी सकारात्मक सोच को यथार्थ में परिवर्तित कर सकते हैं। हेमंत सोरेने ने कहा कि राज्य में खेल गतिविधियों को सरकार बढ़ावा दे रही है। विशेषकर नक्सल प्रभावित इलाकों में सहाय योजना के तहत खेल कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस पर भी ध्यान दें और खेल को बढ़ावा दें।

### बैंकों का नहीं मिल रहा अपेक्षित सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के लिए बैंकों का सहयोग काफी मायने रखता है। लेकिन, यहां बैंक सरकार को आशा अनुरूप सहयोग नहीं कर रहे हैं। कई योजनाओं में सरकार खुद गारंटर है, फिर भी यहां के लोगों को उसका लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसी स्थिति में अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों और कार्यों को गति देना होगा। इसके लिए सरकार अपने स्तर पर हर संसाधन उपलब्ध करायेगी।

### मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं की समीक्षा की

मुख्यमंत्री ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, राजस्व न्यायालय, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार, जिले में चल रही विभिन्न परियोजनाओं एवं जिलों के विधि-व्यवस्था की समीक्षा की। इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बादल और जोबा मांझी के अलावा विधायक दीपक बिरुआ, निरल पूर्ति, सुखराम उरांव, सोनाराम सिंकू, नमन बिक्सल कोंगारी, भूषण बारा और दशरथ गहराई समेत मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी, जिलों के पदाधिकारी मौजूद थे।

---

# प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व में भारत को स्थापित किया : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**भाजपा प्रदेश प्रभारी ने पार्टी कार्यसमिति की बैठक में रखे विचार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर में आयोजित भाजपा कार्यसमिति की बैठक के समापन के मौके पर पार्टी प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व के क्षितिज पर एक सितारा के रूप में चमक रहा है। प्रधानमंत्री के गरीबों के प्रति समर्पण भाव से काम करने के कारण आज भारत को दुनिया की सबसे पॉवरफुल जी 20 की अध्यक्षता मिली। नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में भारत को स्थापित किया। आज स्थिति यह है कि अमेरिका के हाथों से सुपर पावर का तमगा छीनकर धीरे-धीरे भारत की हाथों में आ रहा है। आज भारत की विदेश नीति बहु आयामी, स्वतंत्र व्यापार करने की नीति के साथ साथ देश हित को सर्वोपरि मान कर बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत के बढ़ते प्रभाव के कारण संसार के सारे देश भारत के साथ मधुर संबंध बनाने के लिए प्रयासरत हैं। भारत का बढ़ते प्रभाव का नतीजा है कि जब भारत ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 तथा धारा 35अ को जब हटाया तो विश्व के देश इसके खिलाफ बयान देने से बचते हुए देखे गये।

### आठ सत्रों में संपन्न हुई बैठक

भाजपा की दो दिवसीय कार्यसमिति बैठक आठ सत्र में संपन्न हुई। दो दिनों तक चले इस कार्यसमिति की बैठक का पहला सत्र उद्घघाटन सत्र रहा। द्वितीय सत्र में राजनीतिक प्रस्ताव रखा गया। तृतीय सत्र में कई विषय पर चर्चा की गयी। डाटा प्रबंधन विषय पर जीतू चरण राम ने विस्तार पूर्वक डाटा प्रबंधन एवं उपयोग के बारे में बताया। सोशल मीडिया का राजनीति के क्षेत्र में प्रभाव विषय पर प्रदेश के महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने अपनी बात रखते हुए कहा कि आज भारत में सोशल मीडिया अपनी बातों को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लोकसभा प्रवास योजना के विषय पर पार्टी के महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने अपनी बातें रखीं। प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने संगठनात्मक विस्तार विषय पर अपनी बात रखी।

कार्यसमिति के दूसरे दिन की पांचवें सत्र में मंच मोर्चा की गतिविधियां एवं आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गयी एवं प्रतिवेदन रखा गया। युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, जनजाति मोर्चा, महिला मोर्चा आदि के प्रदेश अध्यक्षों ने अलग-अलग विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।

बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, मंच व मोर्चा के अध्यक्ष, प्रकोष्ट के संयोजक सहित 400 डेलीगेट्स शामिल हुए।



### भाजपा की कार्य पद्धति अन्य दलों से अलग : नागेंद्र त्रिपाठी

बैठक की चौथे सत्र में झारखंड प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने दायित्व का बोध विषय पर बोलते हुए कहा कि भाजपा की कार्य पद्धति अन्य दलों से भिन्न है। इसका का नतीजा है कि आज भाजपा सबसे बड़ा दल है जिसे 10 करोड़ से लेकर आज 23 करोड़ वोट मिलते हैं। सहयोगी दलों के वोट को अगर जोड़ें तो यह 28 करोड़ तक जाता है। हम केवल आंदोलन से नहीं आये हैं, बल्कि अपनी अलग कार्य पद्धति के साथ कार्य करते हुए आगे बढ़ रहे। सत्ता में भी आये हैं। पार्टी के सभी कार्यकर्ता को अपनी दायित्व का बोध तथा व्यवहार से हर समाज के लोगों को पार्टी से जोड़ने की कोशिश करनी चाहिए। हम लोगों को तोड़ने में नहीं बल्कि जोड़ने में विश्वास करते हैं। इस काम को प्रधानमंत्री मोदी आगे बढ़ा रहे हैं।

### मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर: अन्नपूर्णा देवी

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां विषय पर बोलते हुए कहा कि आज मोदी जी के नेतृत्व में भारत बदल रहा है। भारत आज हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। भारत की विदेश नीति में भारत का हित सर्वोपरि रहता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व का ही कमाल है कि आज विश्व किसी भी मुद्दे पर भारत का विचार जानने का उत्सुक रहता है। भारतीय तिरंगे का कितना महत्व है यह यूक्रेन और रसिया के बीच युद्ध के समय देखा गया। जहां भारतीय छात्रों के साथ-साथ अन्य देश के भी छात्र तिरंगा का सहारा लेकर यूक्रेन से बाहर निकलने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि भारत आज आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। कोरोना काल में भी प्रधानमंत्री मोदी ने अपने नेतृत्व एवं प्रबंधन क्षमता का लोहा पूरे विश्व में मनवाया।

www.epaper.azadsipahi.in

25 जनवरी, 2023
माघ, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 98

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

लखनऊ के हजरतगंज में पांच मंजिला इमारत गिरी, 30-40 लोगों के दबे होने की आशंका






## चाइबासा में जोहार यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# जो 1932 की बात करेगा, वही झारखंड में राज करेगा: हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाइबासा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जो 1932 की बात करेगा, वही झारखंड में राज करेगा। झारखंड को बाहर के लोग नहीं, यहीं के आदिवासी मूलवासी चलायेंगे। उन्हें परेशान जरूर किया जा सकता है, लेकिन परास्त नहीं किया जा सकता। खत्म नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि 1932 का कानून बनाया, तो कमल छाप वाले लोग यूपी-बिहार से आदमी लगा कर कानून को रद्द करवाने का काम कर रहे हैं। यहां कानून बन रहा है, तो यूपी-बिहार वालों को पेट में दर्द हो रहा है। मुख्यमंत्री मंगलवार को चाइबासा में जोहार यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने लोगों को संबोधित किया और विपक्ष पर निशाना साधा।

### भाजपा ने झारखंड को पिछड़ा राज्य बना दिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने ऐसी लकीर खींची है, जिसे छोटा करने या मिटाने में सात जन्म लगेगा। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि हमें जागरूक रहना होगा। राजनीतिक चेतना जगानी होगी। चतुर भगवाधारी समाज के अंदर जहर डालने का काम कर रहे हैं। कहीं आदिवासी को आदिवासी से लड़ाने का तो कहीं दलित से दलित को लड़ाने का काम किया जा रहा है। हिंदू-मुस्लिम को लड़ाना तो इनका पुराना काम रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राज्य बनने के बाद से अपने किसी भी आदिवासी मुख्यमंत्री को पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया। 20 साल तक इस राज्य की गद्दी पर कब्जा कर शासन चलाया और इस राज्य को देश का सबसे पिछड़ा राज्य बनाया। आदिवासी मूलवासी को मिटाना, गाली देना और शोषण करना इनकी नियती बन गयी थी।

### राज्य सरकार गरीबों के हित में कर रही काम

हेमंत सोरेन ने कहा कि हरा राशन कार्ड लेकर लोग परेशान थे और केंद्र सौतेला व्यवहार कर रहा है। भारत सरकार से एफसीआइ से अनाज मांगा था, लेकिन नहीं दिया। अब बाजार से राशन खरीद कर गरीबों को बांटा जायेगा। उन्होंने कहा कि अब अधिकारियों के एयर कंडीशन में बैठ कर काम करने की परंपरा खत्म हो गयी है। उन्हें जंगल, पहाड़ और नदी के किनारे के गांवों में जाना होगा। व्यवस्था को बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यहां के पैसा का पिछली भाजपा की सरकारों ने दुरुपयोग किया है। सिर्फ चाईासा जिला में 24 हजार करोड़ रुपया है। यह पैसा खदान क्षेत्र का है। पैसा चाइबासा और झारखंड में खर्च नहीं हो रहा है। बाहर जा रहा है। इससे गुजरात और महाराष्ट्र की रोशनी जल रही है, जबकि यहां के घरों में अंधेरा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने वन क्षेत्र में इको सेंसेटिव जोन बना कर ग्राम सभा को खत्म कर दिया है। ग्राम सभा को खत्म नहीं होने दिया जायेगा। इसके लिए भारत सरकार को पत्र लिखा गया है।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में मंत्री बादल, जोबा माझी और सत्यानंद भोक्ता, विधायक दीपक बिरूवा, निरल पुरती और दशरथ गगराई समेत झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो ने संबोधित किया। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष सह विधायक सुखराम उरांव ने दिया। इस अवसर पर झामुमो के जिला सचिव सोनाराम देवगम, पूर्व विधायक बहादुर उरांव, सुनील कुमार सिरका आदि उपस्थित थे। सभा का संचालन राहुल आदित्य ने किया।

## भाजपा की देवघर में दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक संपन्न

# पार्टी ने लिया हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ का संकल्प

- दीपक प्रकाश ने लोस की 14 सीटें जीतने के लिए कार्यकर्ताओं में भरा जोश
- बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर साधा निशाना, गिनायी नाकामियां

आजाद सिपाही संवाददाता




भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी और अन्य।

**देवघर।** भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 'हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ' संकल्प के साथ मंगलवार को समाप्त हो गयी। भाजपा ने देवघर में कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया था। समापन मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने केंद्र सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनायीं और कार्यकर्ताओं में झारंखड की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतने के लिए जोश भरा। वहीं, भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने हेमंत सरकार के अब तक के कार्यकाल की नाकामियों को गिनाया।

### 14 महीना और 14 लोकसभा सीट जीत का लक्ष्य: दीपक प्रकाश

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भाजपा हर कार्यक्रम को सफल बनाती है। आज से आठ महीने पहले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाया गया। उनके स्वागत में 13 किमी तक कार्यकर्ता डटे रहे तथा विशाल जनसभा कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत और प्रयास से राज्य में भाजपा के कार्यकर्ता पंचायत चुनाव में चुन कर आये और राज्य में गांव की सरकार बनाने में सफलता पायी। अब कार्यकर्ताओं के सामने नया लक्ष्य है। लोकसभा चुनाव में 14 महीने बचे हैं। हम सबकी यह जिम्मेदारी है कि हम राज्य की सभी 14 लोकसभा सीट को जीत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौगात दें। उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनायें। उन्होंने कहा कि जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तब से भारत की ओर कोई टेढ़ी आंख नहीं कर पाता है। राज्य को भ्रष्टाचार से मुक्ति अगर कोई दल दिला सकता है तो वह है भाजपा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य के गरीबों तक अंत्योदय की योजना को पहुंचायें। लोगों को जहां कहीं भी कोई समस्या हो, वहां पर भाजपा के कार्यकर्ता उनके साथ खड़े रहें।

### राज्य में हर कोई असुरक्षित महसूस कर रहा: बाबूलाल मरांडी

भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झामुमो सरकार बनाने के पहले और बाद में भी अपने किये वादों को पूरा नही कर पायी है। सरकार ने सदन में घोषणा की थी कि पांच लाख युवाओं को नौकरी देगी। बेरोजगारों को पांच हजार और सात हजार बेरोजगारी भत्ता देगी। दो लाख किसानों का लोन माफ, मुफ्त में बिजली, प्रधानमंत्री आवास के निर्माण में अलग से एक कमरा देने, 25 करोड़ तक का टेंडर स्थानीय लोगों को देने, धान क्रय समर्थन मूल्य 2300 से लेकर 2700 तक करने समेत कई वादे धरे रह गये हैं। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। उग्रवादी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। हत्या, दुष्कर्म, लूट आदि आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। आदिवासी और दलित महिलाओं के साथ उत्पीड़न और अत्याचार की घटनाएं घटित हो रही हैं। आज राज्य में कोई भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि गौ तस्करी की घटनाएं बढ़ रही हैं। संथाल परगना में घुसपैठियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। आदिवासी महिलाओं से शादी करके यहां की डेमोग्राफी बदलने का षड्यंत्र रचीजा रहा है। संथाल में मिनी एनआरसी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास के काम ठप हैं। स्कूल, कॉलेज में शिक्षक की कमी है। अस्पतालों में डॉक्टर, दवा, एंबुलेंस की कमी है। सड़क की हालत बदहाल है। राज्य में पीने के पानी की किल्लत है। गांव में बिजली नहीं मिल रही है, लेकिन सरकार को इससे कुछ लेना देना नहीं है। बाबूलाल ने 1932 और ओबोसी के आरक्षण की बात करते हुए कहा कि इसे लागू करना राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में था, लेकिन अपनी अकर्मण्यता के कारण इसे केंद्र सरकार के पाले में गेंद को डाल दिया। इससे जाहिर होता है कि सरकार इसे लागू ही नहीं करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में सर्वदलीय बैठक में अंतिम सर्वे राइट्स में दर्ज खतियानी लोगों को स्थानीय मानने की कोशिश की थी। लेकिन हाइकोर्ट ने उसे खारिज कर दिया था। वर्तमान राज्य सरकार भी सर्वदलीय बैठक बुलाकर इस पर निर्णय ले सकती थी। उस समय के कानून में क्या कमी थी, उसे दूर करती तो शायद कोर्ट में चुनौती नहीं दी सकती थी।




# नक्सलियों के बिछाये लैंडमाइंस विस्फोट में नाबालिग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**किरीबुरू।** किरीबुरू के गोइलकेरा थाना अंतर्गत कटंबा-कुरकुटिया गांव के बीच जंगल में 24 जनवरी की दोपहर लैंड माइंस विस्फोट में कटंबा गांव निवासी नाबालिग माटा अंगारिया घायल हो गया। घटना की बाबत बताया जा रहा है कि घायल युवक अपने गांव से जंगल की पगडंडी के रास्ते गोइलकेरा बाजार जा रहा था। तभी नक्सलियों द्वारा बिछाये गये लैंडमाइंस की चपेट में आ गया। लैंडमाइंस विस्फोट होने की वजह से वह घायल हो गया। हालांकि उसे गंभीर चोट नहीं आयी है। उसे इलाज के लिए चाईबासा लाया गया है।

उल्लेखनीय है कि कोल्हान रिजर्व वन क्षेत्र के गोइलकेरा और टोंटो थाना क्षेत्र के जंगलों में भारी पैमाने पर नक्सलियों ने लैंडमाइंस और बूबी ट्रैप लगा रखे हैं। यह लैंडमाइंस पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाया गया है। इसकी चपेट में आकर पूर्व में दो ग्रामीणों की मौत हो गयी थी। कई जवान और ग्रामीणों के मवेशी घायल हो चुके हैं। पुलिस और सीआरपीएफ उक्त जंगल को नक्सलियों से मुक्त कराने हेतु निरंतर ऑपरेशन चला रही है। सारंडा में वर्षों से तैनात सीआरपीएफ की 197वीं बटालियन को भी कोल्हान जंगल में भेजा गया है, जबकि सारंडा के विभिन्न कैंपों में बोकारो से सीआरपीएफ की 26 बटालियन के जवानों को लाकर ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पश्चिम सिंहभूम के जंगलों से नक्सलियों को खदेड़ भगाने के लिए केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के आदेश पर चाइबासा में फार्वर्ड ऑपरेटिंग बेस बनाया गया है। पुलिस नक्सलियों के कोर जोन में निरंतर घुसती जा रही है और जगह-जगह कैंप स्थापित करती जा रही है।

## झारखंड के इस आइएएस अफसर ने पार कर दी सारी हदें

# तस्करी रोकने की है जवाबदेही, पर मिल गये तस्करों से!

- अक्टूबर, 2020 से साहिबगंज के हैं डीसी
- इडी के सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे थे जनाब

अजय शर्मा


**रांची (आजाद सिपाही)।** यदि झारखंड अनोखा प्रदेश है, तो यहां के अधिकारी तो और भी अनोखे हैं। राज्य में कई ऐसे अधिकारी हैं, जिन्हें ना तो कानून का डर है और न ही नियम-कायदे या इमान की परवाह। ये अधिकारी जब नौकरी में आये थे, तो प्रशिक्षण के दौरान शपथ ली थी कि संविधान की रक्षा करेंगे, कानूनसम्मत काम करेंगे, अन्याय नहीं होने देंगे। लेकिन झारखंड आते ही शपथ भूल गये। ऐसे काम करने लगे, जिनमें कानून का तो उल्लंघन होता ही है, इंसानियत भी शर्मसार होती है। ये अधिकारी हर किस्म की गैर-कानूनी गतिविधियों को संरक्षण देने लगे। उन्होंने तस्करों से सांठ-गांठ कर ली। अवैध खनन, परिवहन और दूसरे गैर-कानूनी काम रोकने की जिम्मेदारी ली, लेकिन करने लगे इसका उलटा। ऐसे अधिकारी अब इडी के रडार पर हैं। एक-एक कर उनकी कारस्तानी सामने आ रही है। आइएस पूजा सिंघल के बारे में सब लोग जान चुके हैं। अब एक नये आइएएस अधिकारी रामनिवास यादव चर्चा में हैं। हालांकि उन पर अभी कोई आरोप साबित नहीं हुआ है, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा पूछताछ के लिए बुलाये जाने के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म है। इनके बारे में कहा जाता है कि यह दिन को रात और रात को दिन बनाने में माहिर हैं। मूल रूप से राजस्थान के हैं और कंप्यूटर साइंस में बी टेक की डिग्री लेने के बाद 2015 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में आये। झारखंड कैडर मिला और फिलहाल साहिबगंज के उपायुक्त हैं। इडी ने उनसे एक दौर की पूछताछ की है। अब 6 फरवरी को दोबारा पूछताछ होगी। इनके कारनामों से राज्य के ही नहीं, देश भर के आइएएस अधिकारी शर्मसार हैं, लेकिन इनको इसकी कोई परवाह नहीं। अधिकारियों की लॉबी से लेकर आम लोगों के बीच चर्चा है कि बतौर साहिबगंज डीसी, इन्होंने दो साल में इतना माल कमा लिया है कि इनका पूरा परिवार जीवन भर आराम से रहेगा। इडी ने उनकी पारिवारिक और संपत्ति का ब्योरा भी मांगा है।

### रात को दिन और दिन को रात कर दिया था

पिछले साल मार्च में साहिबगंज में जहाज दुर्घटना हुई थी। घटना साढ़े 12 बजे रात को हुई, लेकिन साहिबगंज के डीसी ने जो रिपोर्ट दी, उसमें समय को दिन के साढ़े 12 बजे बता दिया। इसका कारण यह था कि नियमानुसार गंगा नदी में जहाज का परिचालन दिन में ही करना है। हद तो तब हो गयी, जब घटनास्थल को भी बदल दिया गया। सूत्रों की मानें तो घटना बिहार के इलाके में हुई थी, लेकिन दुर्घटनाग्रस्त जहाज को आठ सौ मीटर खिंचवा कर झारखंड के इलाके में ले आया गया। वह भी जेल में बंद पंकज मिश्रा के कहने पर। उस समय लगा कि इस पूरे मामले की लीपापोती हो जायेगी, लेकिन तत्कालीन कमिश्नर ने सवाल खड़ा कर दिया। तब डीसी जा पहुंचे अपने आका पंकज मिश्रा के पास और फिर कमिश्नर को धमकी तक दिलवा दी। इसी बात को इडी ने पकड़ रखा है। इस बाबत भी इडी ने उनसे सवाल किया, जिसमें वह उलझ गये।

### साहिबगंज में अलग व्यवस्था

राजधानी के प्रोजेक्ट भवन में बैठने वाले अधिकारी भी साहिबगंज के डीसी से बात करने से कतराते हैं। वजह है कि साहिबगंज जिला दूसरे रास्ते पर चल पड़ा है। वहां जायज नहीं, नाजायज का बोलबाला है। तस्करों की चलती है। वे जो चाहते हैं, वही होता है। थानेदार कौन होगा, कौन वसूली करेगा, सब कुछ यही लोग करते हैं और अधिकारी उनके संरक्षक हैं।



## डिजिटलाइजेशन में विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रदेश में अव्वल बना



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालया ने पांच लाख से भी अधिक डिग्री, सर्टिफिकेट, अंकपत्र, अपलोड कर दिया है। ऐसा कर देने से विवि की उलब्धियों की फेहरिस्त में एक और कड़ी जुड गयी है। केंद्र तथा राज्य सरकार के आदेश के आलोक में अविलंब निर्णय लिया गया। इसे लागू कर दिये जाने से हजारों विद्यार्थी संस्थान तथा कम्पनियों को लाभ मिल सकेगा। अब उन्हें विश्वविद्यालय में दस्तावेजों की जांच के लिए आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस प्रक्रिया को लागू कर दिये जाने से समय और पैसे की बचत होगी। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से गठित कमेटी ने सफल निविदाकतों से वित्तीय वार्ता कर राशि बचत की। जो अपने आप में एक रिकार्ड है। यहां यह भी गौरतलब है कि एल वन कोटेशन की श्रेणी में आने वाले निविदा से भी वितीय वर्ता कर विश्वविद्यालय के फंड में वृद्धि की गयी है। बचे हुए एनालांग जिसे डिजिटलाइजेसन करना है उसे भी पूरा कर लिया जायेगा तथा शेष डिग्रीया जो 1992 से 2020 तक कि हैं उसे जल्द ऑनलाइन कर दी जायेगी। इस संबंध में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकुल नारायण देव ने बताया कि पूरे राज्य में एक मात्र विनोबा भावे विश्वविद्यालय को यह गौरव प्राप्त हुआ है। जहां इस तरह की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

## कोरोना काल में लोग तड़प रहे थे तब अडानी और अंबानी के घर पैसों की बौछार हो रही थी: शैलेंद्र यादव




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला के टाटीझरिया प्रखंड में भव्य भारत जोड़ों यात्रा का आयोजन हुआ जिससे संख्या में महिलाओ ने भाग लिया टाटीझरिया पंचायत भवन से बुध बाजार तक पहुंचने के पश्चात सभा में तब्दील हो गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शिबू सोनी ने किया भारत जोड़ों यात्रा के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव थे। श्री यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की जब कोरोना महामारी फैली हुई थी छोटे और मध्यम वर्ग के दुकानदार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए पर ताजुब की बात है की देश के दो चार उद्योगपति के घर पैसों की बरसात हो रही थी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शशि मोहन सिंह ने कहा बीजेपी की सरकार जुमलों की सरकार है। डा. प्रकाश कुमार ने कहा कि महंगाई दिन पे दिन बढ़ती जा रही है और लोगों की आय दिन बे दिन घटती जा रही है लोग बेरोजगार होते जा रहे। इस अवसर पर रीतलाल मंडल ने कहा कि देश पर बीजेपी के सरकार में उद्योगपतियों और कारपोरेट जगत का सिक्का चल रहा है और गरीब और गरीब हो रहे है और अमीर और तेजी से अमीर हो रहे है। इस अवसर पर मुख्य रूप से रोहन ठाकुर,के डी सिंह, शिबू प्रसाद सोनी, उमा प्रसाद, रीना देवी, रूबी देवी, प्रतिमा देवी, माला देवी, कविता देवी, आशीष कुमार, पंकज सोनी, कोलेशस्वर प्रसाद, तामुर प्रसाद, महेश रविदास, उषा रानी, ममता रानी, किशोरी ठाकुर, सुमानी अंसारी, पिंकी देवी, रिंकी देवी, अनिल कुमार, सुनीता देवी, संगीता, बलेस्वर सिंह, यमुना सिंह, मंजू प्रसाद, महेश प्रसाद, राजेश ठाकुर, रामदुलारी, रेखा देवी, सावित्री देवी आदि सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## कर्पूरी ठाकुर की 99वीं जयंती मनायी



**टाटीझरिया/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** नाई समाज टाटीझरिया द्वारा जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती डहरभंगा इन मनाया गया। इसकी शुरूआत प्रमुख संतोष मंडल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर और उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर दबे,कुचले,शोषित-वंचित के मसीहा थे। उन्होंने जमींदारी प्रथा के खिलाफ भी आवाज बुलंद किये। आज आवश्यकता है उनके बताये मार्ग पर चलने की। उनके सिद्धांत और नीतियों के बदौलत ही राज्य और देश की उन्नति संभव है। उपस्थित नाई समाज के पदाधिकारियों ने बारी-बारी से जननायक की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और उनके नीतियों पर चलने का संकल्प लिया।

## राजावर सुदूरवर्ती पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र का हुआ शिलान्यास



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में मंगलवार को जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव और उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने सतगावां का दौरा कर राजावर पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। उप स्वास्थ्य केंद्र भवन 55 लाख की लागत से बनेगा। इसके पश्चात डीडीसी ने डाक बंगला पहुंचकर वहां स्थित पुलिस कैंप के इंस्पेक्टर से मिलकर बात की और कहा कि यह डाकबंगला जिला परिषद का है और यहां रहने का किराया जिला परिषद को देना होगा, अन्यथा यह डाक बंगला खाली करना होगा। उपस्थित इंस्पेक्टर ने एसपी कोडरमा से बात करने की बात कही। इसके पश्चात बैधडीह सिहास मौजा के समीप सतगावां में बस स्टैंड निर्माण कार्य को लेकर स्थल का निरीक्षण किया। वही कटैया पंचायत भवन पहुंचकर पंचायत भवन में गंदगी व डेण्टीग पेंटिंग को देखकर मुखिया प्रतिनिधि श्रवण कुमार को डीडीसी ने जमकर फटकार लगाया और कहा कि यह पंचायत भवन है यहां लोगों का आना जाना रहेगा, इसे स्वच्छ रखें और सुंदर रखें। कटैया पंचायत में भी उप स्वास्थ्य केंद्र को लेकर 55 लाख की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। प्रखंड कार्यालय सतगावां पहुंचकर डीडीसी ने प्रखंड कार्यालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और उपस्थित सदस्यों को कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, बीडीओ बैधनाथ उरांव के अलावा दर्जनों लोग शामिल थे।

## मयुम क्की प्रेरणा शाखा और गौशाला समिति ने 70 गौ माता को लगाया रेडियम

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** प्रेरणा शाखा और श्री कोडरमा गोशाला समिति के संयुक्त तत्वाधान में मारवाड़ी युवा मंच की इकाई द्वारा मंगलवार को रोड सेफ्टी के लिए 70 गौ माताओं को रेडियम बेल्ट पहनाया गया। इस रेडियम बेल्ट को पहनाने का मुख्य उद्देश्य रात्रि में वाहनों की चपेट में गौ माता को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाना है। रात्रि में वाहन चला रहे और वाहन में बैठे लोग भी गौमाता को नहीं देख पाते हैं और खुद भी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। इस पर भी अंकुश लगा पायेंगे। मारवाडी युवा मंच की ईकाई प्रेरणा शाखा और गौशाला समिति इसके माध्यम से संदेश देने की शुरूआत की है। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया, सचिव नेहा हिसारिया ने कहा कि सडक दुर्घटनाओं को रोकना एवं रोड सेफटी के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है ताकि वाहन चालक गायों को बचाने के साथ-साथ अपने भी सुरक्षित रहे और मवेशियों को भी बचा सके। यह अभियान चंदवारा से लेकर कोडरमा घाटी तक चलाया जायेगा। पहले दिन झुमरी तिलैया के झंडा चौक, ब्लॉक रोड, स्टेशन रोड, अडडी बंगला और बाइपास रोड में चलाया गया। दूसरों को भी इस नेक कार्य के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्रिजली बीएड कॉलेज के छात्र उमेश कुमार, जितेंद्र कुमार, सोनू कुमार, रोहित कुमार के साथ ही गौशाला समिति के सह सचिव अरुण मोदी, संजय अग्रवाल, रोड सेफ्टी से हिमांशु कुमार का सहयोग मिला। मौके पर प्रेरणा शाखा की कोषाध्यक्ष ममता बंसल, श्वेता गुटगुटिया, रश्मि गुटगुटिया, प्रीति गुटगुटिया, उषा शर्मा, नेहा जैन, ज्योति अग्रवाल, ग्रिजली के निदेशक अविनाश सेठ के अलावा प्रदीप हिसारिया, सज्जन शर्मा आदि उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस परेड को लेकर सेना के प्लाटून ने पूरे जोश के साथ की फुल ड्रेस परेड रिहर्सल

# आयुक्त ने दी राष्ट्रीय ध्वज को सलामी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस? रिहर्सल को लेकर स्थानीय कर्जन ग्राउंड में सेना की मार्चिंग टुकड़ियों ने हिस्सा लिया और परेड की रिहर्सल की। मौके पर आयुक्त चंद्र किशोर उरांव, उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने सेना व पुलिस बल के टुकड़ियों के द्वारा फुल ड्रेस रिहर्सल का संयुक्त रुप से निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और सलामी दी गई। सेना के जवान ने पूरे यूनिफॉर्म में जोश खरोश के साथ राष्ट्रीय धुन पर कदमताल करते नजर आए. मगंलवार को फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान सेना के सात अलग अलग बीएसएफ, सीआरपीएफ, जिला पुलिस, महिला विंग, एनसीसी तथा होम गार्ड के दस्ते अपनी यूनिफॉर्म और हथियारों के साथ नजर आए. सेना की मार्चिंग टुकड़ियों से लेकर बैंड पार्टी तक ने हिस्सा लिया। सुबह 8 शुरू हुई परेड पूरे 180 मिनट तक चली।



### 25 जनवरी को क्रास कंट्री रेस का होगा आयोजन

25 जनवरी तथा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के द्वारा प्रातः 7:30 बजे कनेरी हिल से कर्जन ग्राउंड तक दौड़ का आयोजन किया जाएगा।कर्जन ग्राउंड में इस अवसर पर डीएसपी आरिफ इकराम एवं नजारत उप समाहर्ता डेविड बलिहार उपस्थित रहे।

## कर्पूर ठाकुर की जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड परिसर में कपूर्री ठाकुर जयंती के आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर ने किया जबकि संचालन भागीरथ ठाकुर के द्वारा किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, बरकट्ठा प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी,कोहराखुर्द मुखिया मुन्नी देवी, बीससूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल मुखिया संघ अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूवात किया गया। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि कपूर्री ठाकुर बहुत ही सादगी ब्यक्ति थे एक बार विदेश जाने की बारी हुई तो वह अपने दोस्त से कोट लेकर गये थे।अपने पुत्र की तबियत खराब होने पर उनका इलाज नही करवा पाये।



जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि कपूर्री ठाकुर बहुत ही ईमानदार ब्यक्ति थे वह अपने पद का दुरुपयोग कभी भी भी किये गरीब परिवार में जन्म लेने के बाद भी उन्होंने शिक्षक से मुख्यमंत्री तक सफर किया है। बरकट्ठा नाई समाज के संयोजक समन ठाकुर ने कहा कि कपूर्री ठाकुर जात नही जमात की राजनीतिक करते थे वह एक जात के साथ नही चलते सभी जात को साथ मे लेके चलने का काम किया उनका अपना पक्का कोई मकान रहने का नही था। इस मौके पर जिलाध्यक्ष छेदी ठाकुर, रामवृक्ष ठाकुर, अनुमंडल अध्यक्ष गोबिंद ठाकुर मंत्री , अशोक ठाकुर, मीडिया प्रभारी पापु ठाकुर, महामंत्री सुबोध ठाकुर, तुइयो पंचायत समिति सदस्य रेशमी ठाकुर, रिंकी देवी, उषा ठाकुर,मनोरमा देवी, बहादुर ठाकुर, राजेश ठाकुर, छोटेलाल मेहता, द्वारिका महतो, दिनेश प्रसाद, उत्तिम महतो, संतोष कुमार शर्मा, सुकर ठाकुर, बिरेंद्र कुमार शर्मा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर अपर समाहर्ता ने की बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता अनिल तिर्की की अध्यक्षता में वरीय पदाधिकारियों एवं सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। अपर समाहर्ता ने 26 जनवरी 2022 गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर की जाने वाली तैयारियों की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से लिये और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता ने कहा कि कोडरमा जिले में स्थित सभी महापुरुषों की प्रतिमा का विशेष रूप से साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मुख्य समारोह स्थल तक जाने वाले सभी मार्गों एवं पूरे शहर की साफ-सफाई भी सुनिश्चित कराएंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, जिला नजारत उप समाहर्ता जयपाल सोय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## अंचल कार्यालय में । म्यूटेशन दिवस का आयोजन

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** जमीन की खरीद बिक्री के बढ़ते मामले और जमीन विवाद से संबंधित मामले के निष्पादन के लिए अंचलाधिकारी चंदवारा के न्यायालय में सुनवाई की गई। इस दौरान दाखिल खारिज हेतु प्राप्त आनलाइन आवेदन की सुनवाई की गई। दाखिल खारिज के लिए प्राप्त कुछ आवेदनों के विरुद्ध खतियानी रैयत के वंशजों द्वारा आपत्ति की गई है तथा कुछ मामले में आनलाइन आवेदन के साथ प्राप्त कागजात अधूरा रहने के कारण आवेदकों को जरूरी राजस्व कागजात यथा विक्रेता का लगान रसीद, वंशावली, खतियानी जमीन के मामले में बंटवारा की कोपी के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। उक्त सभी मामलों में प्राप्त राजस्व कागजात की जांच के पश्चात राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक को दाखिल खारिज के मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सात दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आइक्यूएसी के तत्वधान में आयोजित सात दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रथम सत्र में बीएड प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम पर चर्चा की गई जिसमें महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा एवं मनीष पासवान द्वारा पाठ्यक्रम पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के बीएड सत्र 2022- 24 के प्रशिक्षुओं द्वारा कार्यक्रम का फीडबैक लिया गया । तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ बीसी स्वेन ने सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए नियमित रूप से कक्षाएं करने के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा ने किया। इस अवसर पर बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षु उषा कुमारी ,शमा परवीन, ज्योति कुमारी, खुशबू रानी, कविता कुमारी, पूजा कुमारी, विकास कुमार, सौरभ कुमार ,धनेश्वर कुमार, राजन कुमार, सूरज कुमार, रंजीत कुमार एवं महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक मौजूद थे।




### सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

# नहीं मिले चिकित्सक और कर्मी

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** कोडरमा सिविल सर्जन डा.अनिल कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र का औचक निरीक्षण मंगलवार को किया। निरीक्षण के दौरान समुदायिक स्वास्थ केंद्र मे ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर और कई स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी से गायब पाये गये वहीं ओपीडी भी बंद पाया गया। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों से आये मरीजों की केंद्र मे काफी भीड़ जमा थी। इस दौरान जब सिविल सर्जन ने स्वास्थकर्मियों से डॉक्टरों की उपस्थिति पंजी की मांग की तो कर्मियों ने उपस्थिति पंजी प्रस्तुत नहीं किया। उन्होंने बताया की डॉक्टर अपनी उपस्थिति पंजी खुद रखते हैं। सिविल सर्जन के जांच के दौरान ही डा. विपिन कुमार काफी लेट से केंद्र पंहुचे तब जाकर ओपीडी शुरू हो पाया। सिविल सर्जन ने कहा कि यहां डॉक्टर समय से नहीं आ रहें हैं, अगर इनलोगो ने अपनी कार्यशैली मे सुधार नहीं किया तो वो इस संबंध मे विभाग को लिखेंगे। इसके पूर्व सीएस ने ओपीडी के अलावे प्रसव गृह, ओटी, जांच कक्ष, आईपीडी समेत अस्पताल भवन का भी निरीक्षण किया तथा कई आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर आयुष चिकित्स्क डा. राकेश कुमार, लिपिक जयप्रकाश सिंह, जनता कुमारी, अजय कुमार, पप्पू कुमार, अर्जुन महतो, देवानंद कुमार आदि मौजूद थे।



## तसनालो में राष्ट्रीय बालिका दिवस मना

**चरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तसनालो में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। जिसका बतौर मुख्य अतिथि आइएएस प्रशिक्षु हजारीबाग कार्यक्रम को विधिवत दिपक उज्वल कर शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की याद में नारी शक्ति के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था इस दिन मनाने का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और उनके अधिकार प्रदान करने में मदद करना ताकि दुनिया भर में आने वाले चुनौतियों का सामना कर सके। इस दिन महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों के बारे में जागरूकता फैलाने को लेकर कार्य किया जाता है। लैंगिक अनुपात को खत्म करने शिक्षा स्वास्थ्य और पोषण के महत्व पर जोर देने के लिए मनाया जाता है। 2008 में पहली राष्ट्रीय महिला बाल दिवस मनाया गया। झारखंड सरकार द्वारा जेएसडीएम निशुल्क प्रशिक्षण झारखंड के युवतियों के लिए एक अद्भुत भविष्य निर्माण का सुनहरा अवसर 1835 वर्ष की सभी लड़कियों महिलाओं के लिए निशुल्क ट्रेनिंग एवं रोजगार के अवसर तथा सर्टिफिकेट भी दिया जायेगा। साथ ही रहने खाने की व्यवस्था भी उपलब्ध है। जरूरी दस्तावेज में आधार कार्ड की कॉपी मार्कशीट की कॉपी 4 फोटोग्राफ्स बैंक पासबुक कोपी राशन कार्ड वोटर आइडी निवास प्रमाण पत्र इत्यादि, चुरचू प्रखंड विकास पदाधिकारी इनदर कुमार, बीपीओ, सीडीपीओ रेखा रानी, प्लान इंडिया एनजीओ के पदाधिकारी, हजारीबाग मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह बहेरा मुखिया देवकी महतो, मांडू विधानसभा विधायक प्रतिनिधि सह महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा प्रतिनिधि बीना मिश्रा, चुरचू पंचायत के मुखिया पूनम बेसरा सहित ग्रामीण सैंकड़ों लोगों ने शामिल हुए।

## पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने योगासन की अपील की



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य पेंशन समाज जिला शाखा कोडरमा के अध्यक्ष नारायण मोदी के 81 वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को पेंशनर समाज कार्यालय में जन्म दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य प्रवरण वेतनमान संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष गिरिजा नंदन प्रसाद सहित सभी सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। समाज के सभी सदस्यों ने उनके दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना की। साथ ही इसी तरह आगे भी पेंशनर समाज की सेवा करते रहने का आग्रह किया। अध्यक्ष नारायण मोदी ने अपने संबोधन में सभी सदस्यों से हमेशा कार्यों में व्यस्त रहने, योगासन करने एवं तनाव मुक्त जीवन व्यतीत करते हुए परोपकार करते रहने की अपील की। इस मौके पर रामनरेश चौधरी, राजेंद्र मिष्टकार, नरेश झा, सुभाष शर्मा, राजेंद्र सिंह, रामदेव मंडल, सिद्धेश्वर प्रसाद, उमाशंकर प्रसाद, जय जय राम एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## गैरमजरूआ जमीन के अधिग्रहण के लिए होने वाली आम सभा के विरुद्ध ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को दिया आवेदन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बादम के बिजली खंभों में अंचल कार्यालय के द्वारा एनटीपीसी कोल खनन कंपनी के लिए गैरमजरूआ जमीन के अधिग्रहण हेतु ज्ञापन संख्या 25 दिनांक 6 जनवरी 2023 के तहत आम सूचना चिपकाया गया है। हम सूचना को देखने के बाद ग्राम बादम के ग्राम सभा के सदस्यों एवं चयनित प्रतिनिधियों के द्वारा एक सभा की गई। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से तय किया कि एनटीपीसी के लिए सर्वजनिक सड़कें धर्मस्थल एवं गैरमजरूआ जमीन का हस्तांतरण किया जाना ग्राम सभा के सदस्यों के आने वाली पीढ़ियों के साथ खिलवाड़ होगा। एनटीपीसी द्वारा विगत डेढ़ वर्ष से ग्रामसभा से पारित प्रधानमंत्री आवास को रोकना ग्राम सभा के निर्णय के विरुद्ध गैर कानूनी रवैया एवं संविधान विरोधी कृत्य है।एनटीपीसी का अभी तक यहां खनन भी शुरू नहीं हुआ है उसके बावजूद अस्थाई कार्यों पर एनटीपीसी के द्वारा रोक लगाया गया है इससे आम गरीबों को आवास एवं सरकारी कार्यों से वंचित रहना पड़ रहा है। 26 जनवरी 2023 को गणतंत्र दिवस है इस वजह से 25 जनवरी को गणतंत्र की तैयारी कर रहे होंगे। उसी तारीख को एनटीपीसी कंपनी के कोल माइंस के लिए जमीन अधिग्रहण करने के लिए ग्रामसभा करना उचित नहीं प्रतीत होता है। हम सभी ग्रामीण एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस में स्थानीय निवासियों के साथ हो रहे धोखेबाजी को देखते हुए अपने क्षेत्र की सरकारी जमीन जो जनता की है हम समाजवादी गणराज्य के लिए पर्यावरण की सुरक्षा को देखते हुए एनटीपीसी कोल ब्लॉक के लिए गैरमजरूआ जमीन अधिग्रहण हेतु आयोजित ग्रामसभा करने पर आपत्ति दर्ज करते हैं। आवेदन देने वालों में मुख्य रूप से मुखिया सुनीता देवी, उप मुखिया संगीता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य शहाब अकबर, पूर्व मुखिया दीपक दास, वार्ड सदस्य सरिक अशरफ, शाहीन सबा, जय प्रकाश राम, नाजिया प्रवीण, राजेश कुमार दास, अनिल प्रसाद, विनेश कुमार दास, नौशाद, अफरोज, जुनैद अहमद, रामचरण, दिनेश सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## मांगों को लेकर कर्मचारी संघ ने दिया धरना



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड पशुपालन एआइ कर्मचारी संघ ने अपने मांगो को लेकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया जिसके बाद डीसी के माध्यम से चार सूत्री मांग पत्र कृषि मंत्री को दिया। दिए गए मांग पत्र में कहा गया है कि विगत 18 दिसम्बर को विभाग, सरकार के सभी सम्बंधित पदाधिकरियों को प्रेषित कर मांग की गई थी। कर्मियों को मानदेय टीकाकरण, टेगिंग रिपोर्टिंग आदि का निर्धारित प्रोत्साहन राशि का भुगतान लंबित रहने के फलस्वरूप वर्तमान में टीकाकरण का कार्य बहिष्कार आन्दोलन पुरे राज्य में संघ के आह्वान पर करने के लिए बाध्य हुए है। कर्मियों को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने एआई कर्मचारीयो को होटवार रांची एवं निर्देशक, पशुपालन झारखंड रांची के द्वारा तरह तरह की धमकी दी जा रही है फलस्वरूप कर्मचारीयों में रोष व्याप्त है। वहीं ज्ञापन में पशुपालन विभाग में वर्षों से कार्यरत एआइ कर्मचारी की नियमावली तैयार कर वरीयता सूची निर्गत करने समेत कई मांगें रखी गयी।

## केरेडारी पुलिस ने 5 एकड़ में लगी पोस्ता की फसल को नष्ट किया



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी पुलिस ने प्रखण्ड के अति सुदूरवर्ती व पहाड़ों से घिरे निरी के जंगलों के समीप करीब 5 एकड़ में लगे पोस्ते की फसल को नष्ट किया है गुप्त सुचना के आधार पर केरेडारी थाना प्रभारी साधन चन्द्र गोराई व केरेडारी सीओ राकेश तिवारी दल बल के साथ पहुंचे व लहलहाती पोस्ते की फसल को नस्ट कियो थाना प्रभारी साधन चन्द्र गोराई ने कहा गुप्ता सुचना के आधार पर कार्रवाई की गई है।

## चेन्नई में हुई मौत मामले में कुजू सेंटर में परिजनों ने काटा बबाल, मुआवजे के बाद गतिरोध समाप्त



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू से नौकरी करने चेन्नई गई तीन युवती विद्युत हाइटेंशन तार के चपेट में आने से झुलसने के बाद कुमकुम कुमारी की मौत से आहत युवतियों के परिजन डटमामोड़ स्थित निष्ठा ट्रेनिंग सेंटर पर आकर एक करोड़ मुआवजे की मांग को लेकर जमकर बवाल काटा। जहां आजसू नेता तिवारी महतो के नेतृत्व में सभी सेंटर के गेट पर धरना पर बैठ गए। बाद में रामगढ़ डीएसओ देव कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर संजय गुप्ता और कुजू ओपी प्रभारी बलवंत दुबे के हस्तक्षेप के बाद दो दिनों से जारी गतिरोध समाप्त हो गया। वार्ता में लिखित समझौते के अनुसार कंपनी द्वारा 10 लाख रुपये और सरकारी लाभ युवती के परिजनों की मिलने की बात कही गई है। ज्ञात हो कि कुमकुम कुमारी अपने दो साथियों के साथ डटमामोड़ स्थित सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना के तहत झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी (निष्ठा) द्वारा चेन्नई स्थित सेलिब्रिटी फैशन लिमिटेड में नौकरी के लिए भेजा गया था। जहां पोंगल पर्व को लेकर कंपनी में हुए तीन दिवसीय छुट्टी के दौरान 14 जनवरी को विधुत हाईटेंशन तार के चपेट में आने से कुमकुम कुमारी बुरी तरह से झुलस गई थी। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने सेंटर पहुंचकर मुआवजा और सरकारी लाभ के लिए जमकर बवाल काटा। वार्ता में युवती के पिता भोलानाथ महतो, जिप सदस्य सर्वेश सिंह, जयकिशोर महतो, मदन महतो, रबोध मुखिया उमेश करमाली, कामेश्वर महतो, ललीता कुमारी आदि मौजूद रहे।

## सयाल उत्तरी पंचायत के ग्रामीणों के साथ विधायक ने की बैठक, सुनी समस्या, समाधान का दिया आश्वासन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सयाल उत्तरी पंचायत के एमआरएफ पब्लिक स्कूल में ग्रामीणों के साथ विधायक अंबा प्रसाद ने बैठक की। बैठक में विधायक ने पंचायतवासियों की समस्या सुन समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक ने बारी-बारी से सबों की समस्या सुनी। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करा दी। वहीं कई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग से संपर्क कर जल्द से जल्द निष्पादन करने की बात कही। बैठक के बाद अंबा प्रसाद ने सयाल उत्तरी पंचायत के वार्ड नंबर 1 और 2 में डोर टू डोर पैदल भ्रमण कर जन समस्याओं से अवगत हुईं। साथ ही सभी समस्याओं को सूचीबद्ध कर कार्य को निष्पादन करने का आश्वासन दी। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि समस्या के लिए जनता हमें ना ढूंढे मैं खुद जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए उनके पास पहुंचगी। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान के लिए हर सार्थक कदम उठाउंगी। मौके पर पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, सयाल उतरी पंचायत समिति सदस्य कंचन देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी इंदु मिश्रा, मुखिया तिलेश्वर साव, मुखिया जगदीश साव, पंसस मुकेश कुमार साव, जय सिंह, अजय पासवान, शंकर पासवान, उप मुखिया विमलेश कुमार, मीना राय, संजय सिंह, राजरानी देवी, वार्ड सदस्य मंजूलता देवी, सीता देवी, संगीता देवी, आंझी देवी, गीता देवी, ज्ञानती देवी, पूनम देवी, कुलदीप उरांव, कांति देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

## मारवाड़ी युवा मंच और महिला चेतना शाखा के रक्तदान शिविर में 74 लोगों ने किया रक्तदान



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच और महिला चेतना शाखा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जैन समाज के अध्यक्ष माणिक चंद जैन और नरेंद्र जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर शिविर को संबोधित करते हुए श्री मानिकचंद जैन ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से बढ़कर कोई भी पुण्य का काम नहीं है। हमसब स्वैच्छिक रक्तदान कर जरूरतमंदों की जीवन बचा सकते हैं। सदर अस्पताल ब्लड बैंक प्रभारी डॉ रेणु कुमारी की देख-रेख में मारवाड़ी युवा मंच और महिला चेतना शाखा के 74 महिला-पुरुषों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान के बाद रक्तदाताओं के बीच प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष आशीष जैन, महिला चेतना शाखा अध्यक्ष रीना मोदी, मिडिया प्रभारी राहुल जैन, आशीष अग्रवाल, श्रृंजय मेवाड़, सुमित सरावगी, धीरज बंसल, आयुष बजाज, अमीत अग्रवाल, अमन बौंदिया, निखील गुप्ता, रमा जैन, खुशबू अग्रवाल, मीनू बगड़िया, स्वेता अग्रवाल, मिलिंद अग्रवाल, शरद चौधरी, अजीत अग्रवाल, रवि अग्रवाल, मंजीत सिंह, शेखर शरद, सौरव जैन, निर्मल गोयल, मोहित अग्रवाल सहित मारवाड़ी युवा मंच और महिला चेतना शाखा के कई सदस्य शामिल थे।

## तीन दिवसीय 64 महंत भोग आराधना महोत्सव का शुभारंभ, संतों का लगा जमावड़ा

**कुजू (आजाद सिपाही)।** श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु मंदिर चरणधाम पहाड़ी कुजू कोलयरी में तीन दिवसीय 64 महंत भोग आराधना महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पहुंचे ब्रजधाम वृंदावन स्थित राधाकुंड-श्यामकुंड श्रीपाद रघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी के पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज व उनके साथ आए संतों का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। इसमें नवद्वीप धाम पानीतला गोपाल आश्रम से महंत गौरपद दास महाराज भी शामिल हैं। महोत्सव के आयोजक श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु चरण पहाड़ी के महंत प्रेमदास महाराज ने बताया कि 64 महंत भोग लीला महाप्रभु जी के परिकरों में शामिल हैं। इसमें 64 महंत, अष्ट कविराज, द्वादश गोपाल, चक्रवती, पितृ-मातृ वर्ग, गुरू वर्ग व प्रिया वर्ग के नाम शामिल होते हैं।

### गणतंत्र दिवस को लेकर सिदो कान्हू मैदान में फाइनल अभ्यास, डीसी-एसपी ने किया निरीक्षण

# कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ें अधिकारी: माधवी मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** गणतंत्र दिवस पर सिदो कान्हू मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को अंतिम अभ्यास किया गया। इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन को लेकर की गई तैयारियों का निरीक्षण किया।



### डीसी-एसपी ने किया परेड का निरीक्षण

मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया। जिसके बाद उपायुक्त ने झंडारोहण किया। अंतिम अभ्यास के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गई।

### कार्यक्रम की भव्यता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश

मौके पर उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता सौरभ प्रसाद से गणतंत्र दिवस के मद्देनजर अंतिम चरण की तैयारियों की जानकारी लिया। कार्यक्रम के भव्य व सफल आयोजन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

### कार्यक्रम को लेकर समय निर्धारित

गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय सिदो कान्हू मैदान में पूर्वाह्न साढ़े 9 बजे से शुरू होगा। उपायुक्त कार्यालय में प्रातः 10:30 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रातः 10:35 बजे, उप विकास आयुकत कार्यालय में प्रातः 10:40 बजे, अनुमंडल कार्यालय में प्रातः 10:55 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे एवं पुलिस लाइन रामगढ़ में प्रातः 11:15 बजे झंडारोहण किया जायेगा। इस दौरान उप विकास आयुक्त सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्री रानी सती दादी मंदिर में दो दिवसीय 12 वां वार्षिक स्थापना महोत्सव का समापन

# दादीजी के मीठे-मीठे भाइयों से झूमे भक्त

> कार्यक्रम को लेकर श्री रानी सती दादी मंदिर परिसर एवं दरबार को आकर्षक रंग-बिरंगे खुशबूदार फूलों से सजाया गया।



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के तत्वधान में शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित श्री रानी सती दादी मंदिर परिसर में 12वीं वार्षिक स्थापना दिवस को लेकर मंगलवार को दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर श्री रानी सती दादी मंदिर परिसर एवं दरबार को आकर्षक रंग-बिरंगे खुशबूदार फूलों से सजाया गया। महोत्सव के पहले दिन सोमवार को दादी मंदिर में मेहंदी उत्सव का आयोजन किया गया। श्री रानी सती महिला मंगल समिति की सदस्यों ने मीठे मीठे भजनों से दादी जी के हाथों में मेहंदी लगाई। वही, 24 जनवरी को सुबह 9 बजे से गणेश पूजन के यजमान महेंद्र अग्रवाल सपत्नीक अनीता अग्रवाल के हाथों पुजारी ने समस्त पूजन कार्य संपन्न कराया। 10.30 बजे मंगल पाठ प्रारंभ हुआ। दादी जी के मंगल पाठ में महाराष्ट्र के पुणे से प्रसिद्ध मंगल पाठ वाचक का मीनू पोद्दार एवं संजय पारीक शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दादी जी के मीठे मीठे भजन से मंगल पाठ किया। जहां 300 से अधिक दादी जी के भक्त शामिल हुए। वहीं, दादी जी का छप्पन भोग का सवामणी प्रसाद का भोग भी लगाया गया। साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। संध्या 5 बजे से महा आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन किया गया। मौके पर श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल एवं ओमप्रकाश अग्रवाल ने महोत्सव में शामिल होने वाले सभी दादी भक्तों के प्रति आभार व्यक्त।

## आजसू ने विभिन्न मांगों को ले बरका-सयाल जीएम को सौंपा मांग पत्र

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी ने विभिन्न मांगों को ले बरका-सयाल जीएम को मांग-पत्र सौंपा है। इसमें रेलवे क्रॉसिंग सौंदा बस्ती से लेकर पोड़ा गेट तक सड़क का निर्माण करने, प्रक्षेत्र के सभी सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने, बांसगढ़ा खदान से श्रीश्री बुढ़वा महादेव मंदिर तक सड़क का निर्माण करने, शुद्ध पेयजल को आपूर्ति करने, बरका-सयाल क्षेत्र के सभी हाट बाजारों में हाई मास्ट लाइट लगाने आदि शामिल है। मांग पत्र में कहा है कि प्रबंधन सभी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं करती है तो पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मांग-पत्र सौंपने वालो में आजसू के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, जिला संगठन सचिव विक्रांत साहू, प्रखंड उपाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, प्रखंड संगठन सचिव पंकज कुमार आदि शामिल थें।

# आजसू सुख-दुख का साथी है, युवाओं को मान सम्मान हमेशा देती रहेगी: चंद्रप्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** रजरप्पा स्थित आवासीय कॉलोनी प्रोजेक्ट आवास कार्यालय में कई युवाओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन राज्य के पूर्व मंत्री व गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सभी युवाओं को आजसू पटा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया, दुलमी मिडिया प्रभारी सह युवा नेता राजेन्द्र उर्फ रमन पटेल के नेतृत्व में शामिल सिकनी पंचायत के कॉग्रेस पार्टी के युवा नेता कृष्ण कु महतो, युवा नेता राजू करमाली, चेतलाल महतो, राज करमाली, निर्मल करमाली, अनुज करमाली, वही साथ मे गोला ओबीसी मोर्चा के कार्यकारणी अध्यक्ष संतोष महतो के नेतृत्व में शामिल गोला प्रखंड के कुम्हरदगा निवासी कॉग्रेस नेता अधिवक्ता ललन महतो भी आजसू में शामिल हुए। मौके पर ललन महतो ने कहा हम हमेशा आजसू पार्टी के साथ थे बीच मे 2019 चुनाव में हम किसी कारण वश थोड़ा भटक गए थे। हमने फिर से आजसू में घर आपसी किया हूँ आजसू पार्टी ही एक ऐसा पार्टी है जो सभी को अपने साथ लेकर चलती है। पार्टी हमेशा सभी के सुःख दुःख में साथ रहती है। सिकनी निवासी कृष्ण कु महतो ने भी कहा पिछले 2019 चुनाव में हमने कॉग्रेस पार्टी का पूरे तन मन से काम किया था। मुझे पार्टी में कभी सम्मान नही मिला इस कारण हमने आजसू पार्टी का दामन थामा और आगे पूरे तन मन से आजसू का काम करूंगा। सिकनी निवासी राजू करमाली ने कहा आजसू पार्टी के सभी कार्य मुझे अच्छा लगता है। आजसू पार्टी सभी वर्ग के लोगो को अपने साथ लेके चलती है सभी का विकास होता है और आजसू पार्टी हमेशा विकास की काम करती है। हमलोग इस उप चुनाव में आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को भारी मतों से विजय बनायेंगे। इस मौके पर रामगढ विधानसभा के युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी आजसू पार्टी के सिकनी पंचायत प्रभारी प्रशांत महतो, सिकनी पंचायत अध्यक्ष मुरली महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बालक-बालिका का भेद त्यागकर आगे बढ़ें: विवेक प्रधान

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** श्री अग्रसेन स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षिका नीलू श्रीवास्तव ने बच्चों को बालिका दिवस के उद्देश्यों की जानकारी दी। बेटियों के महत्व को बताते हुए सभी को शपथ दिलाई गई। निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि बालिका दिवस का उद्देश्य लड़के-लड़कियों में असमानता को दूर कर लड़कियों को समान अधिकार प्राप्त कराना है। लड़कियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कानूनी अधिकार और सम्मान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि स्त्री और पुरूष परिवार व समाज के संचालन के लिए गाड़ी के दो पहिए के समान हैं। किसी एक के अभाव में गाड़ी का चलना मुश्किल ही नहीं असंभव है। 21वीं सदी का भारत आज विज्ञान की उन्नति में अग्रसर तो है, लेकिन समाज में स्त्री-पुरूष की असमानता उसे गर्त की ओर धकेल रहा है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो स्थिति भयावह हो सकती है। लिंगानुपात इस कदर असंतुलित होगा कि संकट की स्थिति बन जाएगी। इसलिए नारी शक्ति का सम्मान परम आवश्यक है। समाज बालक एवं बालिका के भेद को त्यागकर सकारात्मक सोच की ओर कदम बढ़ाये। इस अवसर पर साधना सिन्हा, दीपिका तिवारी, श्रीपर्णा गुप्ता, रितिका रानी, सोनम खातून, नाजिया तौहिद, उषा कुमारी, रीता राय, अनन्या कुमारी, दिव्या कुमारी, अरविंद दुबे, अंकित विश्वकर्मा, नदीम अहमद आदि मौजूद थें।

## जुबिली कॉलेज में रोजगार मेला का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रिभर साइड स्थित जुबिली कॉलेज में मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के तहत मंगलवार को रोजगार मेला का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रोजगार मेला में महाविद्यालय के स्नात्तक स्तर के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इसमें सबसे अधिक नर्सिंग में छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। वहीं कईयों ने टेलरिंग में भी अपनी रूची दिखाकर बाजी मारी। स्नात्तक स्तर के चयनित छात्र-छात्रायें को कॉलेज परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जिला के सर्वागीण विकास के लिए आजसू पार्टी को करें मतदान: चंद्रप्रकाश

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 में आजसू पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दीपू गुप्ता ने किया। तो की बैठक के मुख्य अतिथि गिरिडीह समीक्षा चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य धनेश्वर महतो और पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो शामिल हुए। इस दौरान बैठक में आगामी उपचुनाव को लेकर आजसू पार्टी की मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही आजसू पार्टी के उम्मीदवार सुनीता चौधरी को भारी मतों से विजय बनाने को लेकर रणनीति तैयार की गई। मौके पर गिरिडीह सांसद श्री चौधरी ने कहा कि पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएं, आजसू पार्टी के कार्यकाल में जिस तरह जिला का सर्वांगीण विकास हुआ था, वह अब अधूरा है। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास के लिए आजसू पार्टी को ही मतदान करें, जिससे जिला एक बार फिर विकास की गति में आगे बढ़ सके। बैठक में वार्ड के प्रभारी लालचंद महतो, विश्वनाथ महतो, रविकांत कुशवाहा, रामेश्वर महतो, रामा महतो, उल्लास ठाकुर, महावीर महतो, गिरधारी महतो, कार्तिक महतो, शंकर महतो, जगनारायण, पुरुषोत्तम विश्वकर्मा, अंजय सिंह, करण सिंह, सामंत सिंह, सोनू राम, अरुण राय, सुजीत सिंह, अनुपमा सिंह, अरुण अग्रवाल, धर्मेंद्र साव भोपाली, होरिल चौधरी, पिंकी देवी, पुर्नी देवी, पिंकी देवी, सुलोचना देवी, विभा देवी, उर्मिला देवी, अहिल्या देवी, सुनीता देवी, पूनम शर्मा, पूनम शर्मा, बबीता सिंह, अहिल्या झा, शशि पांडे, गुड़िया देवी, फुल मनी देवी, हेमंती देवी, यशोदा देवी, मुन्नी देवी, आशा देवी, पार्वती देवी, ललिता देवी, रेखा देवी, ईश्वर पासवान, विनोद महतो, संदीप महतो, अरुण महतो, गगन चौधरी, संदीप महतो, विक्की शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भुरकुंडा ओपी में शांति समिति की हुई बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा ओपी में सरस्वती पूजा को ले मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसआइ रामसरीख तिवारी ने की। बैठक में सरस्वती पूजा एकता एवं भाईचारगी के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की बात कही गई। मौके पर एसआइ रामसरीख तिवारी एवं एएसआइ बीएन ओझा ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को ले जिले में आचार संहिता लगा हुआ। इसके तहत पूजा के दौरान डीजे पर मनाही होगी। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान हुडदंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या हुड़दंग की सूचना पर पुलिस को सूचित करें। मौके पर एसआई रामसरीख तिवारी, एएसआई बीएन ओझा, पुरन सिंह, आरपी शर्मा, चमन लाल, मुखिया उपेंद्र शर्मा व अजय पासवान, उपेन्द्र शर्मा, डब्लू पांडेय, जगतार सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, प्रदीप मांझी, मुकेश राउत, बलजीत सिंह, रोहित सोनी पुरेंद्र सिंह, जानकी ठाकुर, काला बाबू, प्रेम नाथ विश्वकर्मा सहित दर्जनो लोग मौजूद थें।

## उपायुक्त ने कई शाखाओं का किया औचक निरीक्षण कहा, जर्जर शाखाओं की करें मरम्मत



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त अबु इमरान ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित आपूर्ति, स्थापना, सामान्य, विधि, जन शिकायत, नीलाम पत्र शाखा समेत संचालित शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने समय पर कार्यालय में पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थित, उपस्थित संचिका, कार्यालय के साफ सफाई, लंबित मामले का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही शाखा में कार्य को लेकर मिलने आए आमजन की भी समस्या सुन संबंधित पदाधिकारी को मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड एवं जिला के पदाधिकारी एवं कर्मी ससमय कार्यालय में उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याओं का निष्पादन करें। मौके पर उन्होंने शाखाओं के जर्जर स्थिति को देख संबंधित पदाधिकारी को मर्रमत्ति कार्य करने का निर्देश दिया।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं. eT-M-OBHS-LD-BBS-210-23

कार्य का नाम : 02 वर्ष की समयावधि के लिए भुवनेश्वर आधारित ट्रेनों में लिनेन वितरण एवं ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग (ON-Board Housekeeping) सेवा सम्मिलित कोच मित्र।

विज्ञापित मूल्य : ₹24,16,88,734.76, EMD : ₹13,58,500/-, निविदा दस्तावेज की लागत : ₹11,800/-, पूरा होने की अवधि : 24 महीने।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक 25.01.2023

निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक 08.02.2023 को 1530 बजे।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर / खोरधा रोड

PR-925/N/22-23


### डीसी-एसपी ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों का लिया जायजा

# झंडोत्तोलन, राष्ट्रगान और परेड निरीक्षण समेत कार्यक्रमों का हुआ पूर्वाभ्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** गणतंत्र दिवस के मौके पर शहर के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाले झंडोतोलन राष्ट्रगान एवं परेड कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों का उपायुक्त अबु इमरान एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया। स्टेडियम में निरीक्षण वाहन पर सवार उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में 7 प्लाटून द्वारा भाग लिया गया। जिसमें सीआरपीएफ जवान, आईआरबी जवान, आइआरबी महिला, सशस्त्र बल, सशस्त्र बल महिला, गृहरक्षक वाहिनी एनसीसी डीएवी विद्यालय के बच्चे शामिल रहा। परेड निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने झंडोत्तोलन किया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी साथ हीं राष्ट्र गान किया, राष्ट्रगान में उपस्थित पदाधिकारी, स्कूली बच्चों समेत स्टेडियम में उपस्थित सभी ने भाग लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर टेंट, मंच, साफ सफाई, स्टेडियम में अतिथियों की एंट्री करने समेत अन्य विषयों को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार बतौर मुख्य अतिथि मुख्य समारोह स्थल जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।



### मौके पर इनकी रही उपस्थिति

पूर्वाभ्यास कार्यक्रम के दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, स्थापना उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत पुलिस विभाग के कई पदाधिकारी, स्कूली शिक्षक, छात्र-छात्राएं समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हास्यास्पद मांग

तुलसीदास रचित रामचरितमानस की कुछ पंक्तियों को लेकर पिछले कुछ समय से जारी विवाद ने उस समय एक और मोड़ ले लिया, जब समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने सरकार से यह मांग कर दी कि इस रचना में से कुछ पंक्तियों को हटा दिया जाये या फिर यह पूरी रचना ही बैन कर दी जाये। यह मांग बताती है कि कोई बहस विवेक के धागे से बंधी न रहे तो वह किस हास्यास्पद स्थिति तक पहुंच सकती है। विवाद शुरू हुआ बिहार के शिक्षा मंत्री और आरजेडी नेता चंद्रशेखर के इस बयान से कि रामचरितमानस के कुछ दोहे समाज के कुछ खास तबकों के खिलाफ हैं। देखा जाये तो रामचरितमानस के कई दोहों पर बहस बहुत पहले से चली आ रही है। उनमें से कुछ को दलित विरोधी बताया जाता है, तो कुछ को स्त्री विरोधी। इसके पक्ष-विपक्ष में लंबी-चौड़ी दलीलें दी जाती रही हैं। कुछ लोगों का यह कहना है कि रामचरितमानस एक महाकाव्य है। उसमें अलग-अलग किरदार हैं। हर किरदार की अपनी सोच-समझ, अपना चरित्र है, अलग हालात हैं। इन किरदारों के मुंह से निकली बातों को लेखक की बात के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। दूसरी तरफ यह भी कहा जाता है कि कोई भी लेखक अपने समय और समाज की नुमाइंदगी करता है। तुलसीदास ने जिस तरह से अपनी बात रखी है, उससे असहमतियां हों तो भी इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि वे उस दौर की सीमाएं थीं। ये दोनों ही दलीलें महत्वपूर्ण हैं और इनका ध्यान रखे बगैर तुलसी या रामचरितमानस ही नहीं, किसी भी दौर के साहित्य का सही मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। और, रामचरितमानस तो वैसे भी सिर्फ साहित्यिक कृति नहीं है। पिछले करीब पांच सौ वर्षों में उत्तर भारत के करोड़ों लोग जिस श्रद्धा और प्रेम से इसका पाठ करते रहे हैं, वह इसका दर्जा बहुत ऊंचा कर देता है। बावजूद इसके, यह सवाल बना रहता है कि हम इसमें कही गई बातों को किस रूप में देखें और किस हद तक स्वीकार करें। हर अग्रगामी और प्रगतिशील समाज इसका ध्यान रखता है। अगर भारतीय समाज ने इसका ध्यान नहीं रखा होता तो 16वीं सदी की जीवनशैली के मुकाबले जिस तरह का बदलाव हमारे रहन-सहन और सोच-विचार में दिख रहा है, वह नहीं दिखता। ध्यान रहे, खुद तुलसीदास ने भी इस फर्क का ख्याल रखा। वरना वह अपने आराध्य भगवान राम को संस्कृत के चंद विद्वानों के बीच से निकाल कर जनसाधारण तक पहुंचाने के लिए अवधी में रामचरितमानस लिखने का फैसला नहीं करते, भगवान को पुरोहितों के दायरे से बाहर निकाल कर सीधे भक्तों की पहुंच तक नहीं लाते। रामचरितमानस का पाठ करने, उसका आनंद लेने, श्रीराम की भक्ति में डूब जाने का मतलब यह नहीं होता कि हम तत्कालीन समाज की सीमाओं को न पहचानें।

**तुलसीदास ने जिस तरह से अपनी बात रखी है, उससे असहमतियां हों तो भी इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि वे उस दौर की सीमाएं थीं। ये दोनों ही दलीलें महत्वपूर्ण हैं और इनका ध्यान रखे बगैर तुलसी या रामचरितमानस ही नहीं, किसी भी दौर के साहित्य का सही मूल्यांकन नहीं किया जा सकता।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

उद्योग जगत में वर्तमान के कुछ उभरते हुए रुझानों में शामिल हैं: विनिर्माण को तकनीक के आधार पर सक्षम बनाना (उद्योग 4.0) तथा आइओटी, 3डी प्रिंटिंग, उन्नत रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वर्चुअल और संवर्धित वास्तविकता पर ध्यान देने के साथ उत्पादन प्रक्रिया को इनके अनुरूप बनाना। इसके अलावा, विनिर्माण क्षेत्र के लिए सेवा प्रदाता के अनुरूप संरचना तैयार करने एवं सतत विकास को बढ़ावा देने पर अधिक जोर दिया जा रहा है: हरित प्रोत्साहन, बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन, चक्रीय अर्थव्यवस्था का निर्माण तथा पर्यावरण, सामाजिक और कॉर्पोरेट प्रशासन (इएसजी) श्रेणी मूल्यांकन और लक्ष्यों को अपनाना।

# भारत के आर्थिक विकास को, जी-20 के संदर्भ में सक्षम बनाना



**रूपा दत्ता**




2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के महत्वाकांक्षी, लेकिन हासिल करने योग्य, लक्ष्य तक पहुंचने के लिए, विनिर्माण क्षेत्र, भारत के समक्ष सबसे बड़े और सर्वाधिक परिवर्तनकारी अवसरों में से एक प्रस्तुत करता है। भारत का विशाल एवं कुशल कार्यबल, एक उभरता हुआ आपूर्ति आधार, प्राकृतिक संसाधनों तक स्थानीय पहुंच, उद्यमिता की क्षमता और एक मजबूत घरेलू बाजार, देश को एक आकर्षक विनिर्माण केंद्र बनाते हैं।

उद्योग जगत में वर्तमान के कुछ उभरते हुए रुझानों में शामिल हैं: विनिर्माण को तकनीक के आधार पर सक्षम बनाना (उद्योग 4.0) तथा आइओटी, 3डी प्रिंटिंग, उन्नत रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वर्चुअल और संवर्धित वास्तविकता पर ध्यान देने के साथ उत्पादन प्रक्रिया को इनके अनुरूप बनाना। इसके अलावा, विनिर्माण क्षेत्र के लिए सेवा प्रदाता के अनुरूप संरचना तैयार करने एवं सतत विकास को बढ़ावा देने पर अधिक जोर दिया जा रहा है: हरित प्रोत्साहन, बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन, चक्रीय अर्थव्यवस्था का निर्माण तथा पर्यावरण, सामाजिक और कॉर्पोरेट प्रशासन (इएसजी) श्रेणी मूल्यांकन और लक्ष्यों को अपनाना। विशेष रूप से महामारी के बाद के परिदृश्य में, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ व्यापक एकीकरण इस प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**भारत 1 दिसंबर, 2022 से 30 नवंबर, 2023 तक जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है।**

इस संदर्भ में, वर्तमान भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए, प्रमुख मुद्दों को रेखांकित करने में भारत की जी-20 अध्यक्षता की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत की अध्यक्षता वैश्विक दक्षिण के मुद्दों को उठाने एवं नवाचार, सतत विकास और ज्ञान आधारित रूपरेखा के निर्माण से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ वर्तमान औद्योगिक परिवेश में उभरती हुई प्रवृत्तियों को बढ़ावा देने, डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं को प्रोत्साहन देने और समाज के सभी स्तरों और सभी देशों के लिए खुले स्रोत आधारित डिजिटल अवसंरचना तक पहुंच को सक्षम बनाने में मदद कर सकती है।

20 देशों का समूह (जी-20) अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है। यह सभी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक आर्किटेक्चर एवं शासन को आकार देने और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 20 देशों के समूह (जी-20) में 19 देश (अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका) और यूरोपीय संघ शामिल हैं। जी-20 के सदस्य देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार के 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की जनसंख्या के लगभग दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करते हैं। जी-20 की अध्यक्षता करने वाला देश एक वर्ष के लिए जी-20 के एजेंडे हेतु मार्गदर्शन करता है और शिखर सम्मेलन की मेजबानी करता है। भारत के आमंत्रित देश हैं: बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात और स्पेन (स्थायी आमंत्रित)।

भारत 1 दिसंबर, 2022 से 30 नवंबर, 2023 तक जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। जी-20 की इसकी अध्यक्षता का मूल विषय- 'वसुधैव कुटुम्बकम' यानी 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' की अवधारणा से प्रेरित है।

बिजनेस 20 (बी-20) कनाडा की अध्यक्षता के तहत 2010 में बनाया गया जी-20 का आधिकारिक संवाद समूह है, जिसका उद्देश्य वैश्विक व्यापार जगत के नेताओं को वैश्विक आर्थिक और व्यापार शासन के मुद्दों पर उनके विचारों के लिए प्रेरित करना और पूरे जी-20 व्यवसाय समुदाय के लिए एक स्वर में बात करना है। यह कार्यक्रम समूह विभिन्न कार्यबलों के माध्यम से काम करता है, जिसकी सिफारिशों का बी-20 शिखर सम्मेलन में सार प्रस्तुत किया जाता है और जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले जी-20 नेताओं को प्रस्तुत किया जाता है।

भारत की अध्यक्षता में बी-20 का काम सात (7) टास्कफोर्स और दो (2) एक्शन काउंसिल के माध्यम से संचालित किया जाना है, अर्थात

**टास्क फोर्स**

1. सुदृढ़ वैश्विक व्यापार और भविष्य के कार्य के लिए निवेश,
2. कार्य, कौशल और गतिशीलता का भविष्य
3. ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और संसाधन संबंधी दक्षता
4. डिजिटल परिवर्तन
5. वैश्विक आर्थिक सुधार हेतु वित्तपोषण
6. प्रौद्योगिकी, नवाचार और अनुसंधान एवं विकास
7. आर्थिक सशक्तिकरण के लिए वित्तीय समावेशन

**एक्शन काउंसिल:**

1. व्यापार में इएसजी
2. अफ्रीकी आर्थिक एकीकरण

इस एजेंडे के तहत अनेक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की जानी है जिसमें विषय-विशिष्ट कार्यदलों की बैठकें भी शामिल हैं, जिनमें उद्योग जगत की हस्तियों, नीति निमार्ताओं, विशेषज्ञों और अंतर्राष्ट्रीय राजनयिकों की भागीदारी होगी। भारत की अध्यक्षता में पूरे भारत और विदेश में हाइब्रिड एवं आमने-सामने दोनों ही तरह की लगभग 100 बैठकें और कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनायी गयी है। बी-20 की आरंभिक बैठक जनवरी, 2023 में गांधीनगर में होनी है।

'रेज' - 'उत्तरदायी, त्वरित, अभिनव, सतत और न्यायसंगत व्यवसाय' के आदर्श वाक्य के साथ बी-20 इंडिया दरअसल जलवायु कार्रवाई, नवाचार, डिजिटल सहयोग, सुदृढ़ जीवीसी और वित्तीय समावेश जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श करने के लिए एक महत्वपूर्ण फोरम होगा। स्टार्ट-अप्स दरअसल नवाचार-आधारित आर्थिक रिकवरी, कायाकल्प, और विकास के लिए प्रभावशाली इंजन बन गए हैं। जी-20 की भारतीय अध्यक्षता में शुरू किये जा रहे स्टार्ट-अप 20 सहभागिता समूह का उद्देश्य स्टार्ट-अप्स को आवश्यक सहयोग देने और स्टार्ट-अप्स, कॉरपोरेट जगत, निवेशकों, नवाचार एजेंसियों एवं संबंधित परिवेश के अन्य प्रमुख हितधारकों के बीच उचित तालमेल सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त वैश्विक माहौल बनाना है। नये सहभागिता समूह का मुख्य उद्देश्य जी-20 देशों में रणनीतिक सहयोग के जरिए अभिनव स्टार्ट-अप्स को आवश्यक सहयोग देने के लिए एक समावेशी रूपरेखा विकसित करना है।

इस पूरे परिप्रेक्ष्य को देखते हुए, चर्चा के केंद्र में रहने वाली कुछ प्रमुख पहल हैं:

डिजिटलीकरण एवं उद्योग 4.0 पर जोर और व्यवसाय जगत को वैश्विक बाजारों में भागीदारी बढ़ाने और विभिन्न व्यवसायों द्वारा निर्यात विविधीकरण के लिए जीवीसी के विकास एवं अनुकूलन से संबंधित वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने की जरूरत है। आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और व्यावसायिक प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार लाने के लिए जीवीसी के भविष्य को स्थायी एवं समावेशी तरीके से आकार देना महत्वपूर्ण है।

भविष्य की नौकरियों के अनुरूप बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करने के तरीके और उन्नत तकनीकों को अपनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाली दुनिया में काम करने के लिए श्रमशक्ति को फिर से कुशल बनाने और उनके कौशल को बेहतर करने की कार्ययोजना।

आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए वित्तपोषण में तेजी लाना, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमइ) के प्रति समर्थन को प्रोत्साहन।

सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं के लिए ऋण चुकाने और वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करने की दिशा में प्रयासों को बढ़ावा देना।

विशेष रूप से डिजिटल वित्तीय सेवाओं के माध्यम से जी-20 के देशों के बीच वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना।

वित्तीय सेवाओं के डिजिटलीकरण पर केन्द्रित रणनीतियों से संबंधित उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों को साझा करना।

पर्यावरणीय संबंधी अनिवार्यताओं के अलावा, स्थानीय एवं क्षेत्रीय संदर्भों को ध्यान में रखते हुए स्थायी, संतुलित एवं समावेशी निवेश तथा सामाजिक एवं आर्थिक अनिवार्यताओं को संतुलित करने से जुड़े कदमों को प्राथमिकता दी जायेगी।

उपरोक्त सभी पहल/उद्देश्यों के लिए कोविड के बाद की दुनिया में ठोस कदम उठाने हेतु जी-20 के सभी देशों के बीच सामूहिक एवं समन्वित प्रयासों की जरूरत है। अब जबकि सभी देश महामारी के बाद अपनी अर्थव्यवस्थाओं को उबारने के लिए अधिकतम कदम उठाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, साझेदारी एवं सहयोग के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए सभी देशों के बीच समन्वित एवं पारस्परिक आर्थिक विकास की दिशा में काम करने के लिए सहयोगी तथा संयुक्त प्रयासों की देखने की जरूरत बेहद महत्वपूर्ण है। अपनी अध्यक्षता के आधारस्तंभ के तौर पर भारत द्वारा दुनिया को एक परिवार के रूप में देखने पर जोर दिए जाने के साथ, यह सभी देशों में आर्थिक विकास और एक देश के भीतर सभी आय वर्ग के लोगों को सक्षम बनाने वाले स्थायी एवं सकारात्मक कदमों को अपनाने का समय है।

**(लेखक : प्रधान सलाहकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# उपायुक्त और एसएसपी ने पूर्व परेड का निरीक्षण कर दी सलामी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बिस्टुपुर गोपाल मैदान में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस के पूर्व परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न हो गया। मंगलवार को परेड रिहर्सल का उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव व एसएसपी प्रभात कुमार ने निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने मार्च पास्ट की सलामी ली। मौके पर उपायुक्त ने कहा परेड में परेड में अर्द्ध सैनिक एवं पुलिस बल की 7 टुकड़ियां शामिल हैं। जिनमें एक जैप-6, 2 टुकड़ी जिला पुलिस बल,एक टुकड़ी होम गार्ड, एक सहायक पुलिस सहित 1-1 टुकड़ी एनसीसी के बालक व बालिका सहित सेंट मेरी स्कूल की बैंड पार्टी टीम शामिल है। मौके पर उपायुक्त ने तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा टुकड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया,कुछ कमियां है जिसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। मैदान में लेबलिंग व अन्य काम चल रही हैं। जोशपूर्ण माहौल में भव्यता के साथ जिला स्तरीय समारोह मनाया जायेगा। उन्होंने समारोह में जिलेवासियों को शामिल होने की अपील की। एसएसपी प्रभात कुमार ने परेड में शामिल सभी टुकड़ियों के प्रत्येक सदस्य को जिम्मेवारी निभाते हुए बेहतर पैरेट के लिए निर्देश दिया। मौके पर एडीएम नंदकिशोर लाल आदि शामिल रहे।

# कुरीति को दूर कर लड़कियों को पढ़ायें, संवरेगा समाज : डॉ संजय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के खरसावां के सरगीडीह में गोड़ सेवा संघ एवं संपूर्ण मानवता कल्याण संघ के संयुक्त तत्वधान में वार्षिक महा अधिवेशन संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया।मौके पर मुख्य अतिथि विधायक दशरथ गगराई शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर समाज के द्वारा 1000 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर समाज के 500 गणमान्य लोगों को कॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य शिविर में समाज के 800 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। मौके पर महा अधिवेशन में समाज के प्रतिनिधियों ने एकजुटता का संदेश दी। इस अवसर सर डॉ संजय गिरी ने बताया जमशेदपुर से स्वास्थ्य शिविर में हड्डी रोग, गायनिक, शिशु रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञों ने समाज के लोगों के स्वास्थ्य जांच की गयी।

### बोड़ाम में झूमर और छऊ नृत्य का आयोजन

# मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी सभ्यता का अंग : सहिस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** बोड़ाम प्रखंड के गागीबुरु न्यू युवा क्लब के द्वारा एक दिवसीय झूमर व छौ नृत्य का आयोजन किया गया। मंगलवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस व विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद स्वपन महतो शिरकत की। ग्रामीणों के द्वारा अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर बोड़ाम प्रखंड के दूर दरार से सैकड़ो ग्रामीण शामिल होकर झूमर व छौ नृत्य का जमकर आनंद उठाया। मौके पर पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा झारखंड के मेला और सांस्कृतिक हमारी सभ्यता का अंग है। इसकी रक्षा करना हम सबका दायित्व बनता हैं। इस तरह के आयोजन से युवाओं को सीख लेने की जरूरत है। इस अवसर पर पुर्व पार्षद स्वपन महतो,पंचायत समिति सदस्य देवजानी दास, मृत्युंजय सिंह, प्रकाश गोप, छुटु लाल सिंह, निर्मल सिंह, मंटू दास, प्रबोध महतो,समर गोप, लक्ष्मण, कमिटी के अध्यक्ष राजीव महतो, सचिव स्वपन कर्मकार, सूरज, राम, सोमनाथ, राहुल, सर्वेश्वर, अजय, भीम, शरत, दुलाल, भृगु राम, विक्रम, देवेन, तपन, दीपक, गौरव, सीताराम, सुनील, बुद्धेश्वर आदि उपस्थित रहे।

# बागबेड़ा पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र में युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी नीलू होनहागा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नीलू होनहागा बागबेड़ा के बाजार टोला का रहने वाला है। उसके खिलाफ 16 जून साल 2010 में जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस नीलू होनहागा की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को पुलिस को पता चला कि वह अपने घर पर है। इस पर छापामारी कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### मंत्री ने मानगो फ्लाई ओवर कार्य की प्रगति समीक्षा की

# तीन महीने में फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य शुरू होगा : बन्ना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगो में बनने वाली फ्लाई ओवर निर्माण के प्रगति को लेकर मंत्री बन्ना गुप्ता ने परिसदन में बैठक की। सोमवार को मंत्री ने बैठक के दौरान आरसीडी के वरीय अधिकारियों, टाटा स्टील, जुस्को और जिला प्रशासन के साथ की समीक्षा की। बैठक में डिजाइन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें सभी पक्ष ने सैधान्तिक रूप से सहमति दी, लेकिन कुछ पॉइंट्स पर जो कमी पायी गयी उसे टाटा स्टील, जिला प्रशासन और आरसीडी की टीम संयुक्त रूप से 15 दिनों में जॉइंट रूप से सर्वे का काम पूरा कर जो रिपोर्ट देगा उसके अनुसार जरूरत हुआ, तो डिजाइन में आंशिक रूप से बदलाव किया जायेगा। नहीं जरूरत हुआ तो उसे आगे कार्ययोजना के लिए अग्रसरित किया जायेगा। बैठक के दौरान फ्लाई ओवर निर्माण के लिए कुछ नए स्थानों पर भी सोईल टेस्टिंग का कार्य पूरा करने पर चर्चा हुई। साथ ही विभिन्न स्थानों पर टू लेन सर्विस, फोरलेन सर्विस के वैकल्पिक व्यवस्था पर भी विस्तृत विचार किया गया।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि किसी भी बड़े कार्य को धरातल पर उतरने के लिए थोड़ा समय लगता है। समय का सदुपयोग ना हो इसके लिए लगातार हम समीक्षा किया जारहा है। हर बाधा विघ्न को पार करते हुए तीन महीने के भीतर फ्लाई ओवर निर्माण का कार्य शुरू होगा।

बैठक में आरसीडी के सीडीओ, टाटा स्टील के प्रणय सिन्हा, अमित सिंह जुस्को के ऋतुराज सिन्हा, कैप्टन धनंजय मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, जमशेदपुर अशेष के कार्यपालक पदाधिकारी और मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गोबिंदपुर गधड़ा के बालीडुंगरी फुटबॉल मैदान में भव्य टुसू मेला सह मिलन समारोह का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित गधड़ा बालीडूंगरी फुटबॉल मैदान में टुसु मेला कमेटी के अध्यक्ष विश्वजीत भगत के नेतृत्व में पहली वार भव्य टुसू मेला सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झामुमो युवा नेता विजय मछुआ, विशिष्ट अतिथि सामजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह मजदूर नेता राजेश सामंत, सम्मानित अतिथि झामुमो जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति शामिल हुए।

टुसू मेला कमेटी के द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। टुसू मेला में दूर दरार से सैकड़ों टुसू प्रतिभागी टुसू के साथ हर्ष उल्लास के साथ नाचते गाते शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर भीमसेन भूमिज, विश्वजीत भगत,जेना जामुदा, बिरजू पात्रों रतन टूडू, विवेक गुप्ता, गणेश भूमिज, गौर मित्रा,जेना सिंकू, ओम प्रकाश सिंह, मोहन भगत, बंसी हांसदा, सोनू श्रीवास्तव, राजेश मुंडा,सन हांसदा सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने टुसू पर्व का आनंद उठाया।

## नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी



**27 जनवरी को पूणाहुति, भंडारा, कथा विश्राम एवं रात्रि में होगा भक्ति जागरण का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** स्थानीय बस स्टैंड के पास नव निर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को भव्य कलश सह शोभा यात्रा निकाली गई। मुख्य यजमान नरेश साह व उनकी धर्मपत्नी सबिता देवी ने सपरिवार कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से हरिहरपुर होते हुए सोन नदी पहुंचकर वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बाद सभी श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर पुनः मंदिर पहुंचकर परिक्रमा में बाद मंदिर में कलश स्थापित किया। उसके बाद काशी से पधारे विद्वानों ने वेदी पूजन व जलाधिवास करा कर विधिवत पूजा अर्चना शुरू हो गयी। 25 जनवरी को मूर्ति का नगर भ्रमण कराया जाएगा। जिसमें क्षेत्र से भारी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। 26 जनवरी को प्राणप्रतिष्ठा किया जाएगा। 27 जनवरी को पूणाहुति, भंडारा, कथा विश्राम व रात्रि में भक्ति जागरण किया जाएगा। नवनिर्मित मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा सह स्थापन को लेकर श्रीराम कथा का साम पांच बजे से आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य प्रवचन कर्ता आचार्य सौरभ भारद्वाज ने शिव सती चरित्र का वर्णन किया। वृंदावन से पधारे विद्वान पंडित राजकुमार पांडेय, पंडित विनय चौबे, नीतीश, आर्गन पर मारुति नंदन पांडेय, नागेंद्र एवं विशिष्ट जनों के आगमन से वेद मंत्र ध्वनि से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। संगीतमय कथा प्रतिदिन शाम चार बजे से रात आठ बजे तक चलेगा। मौके पर रामप्रवेश साह, तेतरी कुंवर, सूर्यदेव सिंह, संतोष सिंह, दिलीप सिंह सहित भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** मंत्री ने किया जननायक कर्पूरी ठाकुर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण, कहा

# शहीदों एवं महापुरुषों के नाम पर आज तक हुई है सिर्फ राजनीति

**26 जनवरी को किया जायेगा नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा का अनावरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के चिनियां मोड़ पर पुलिस कंट्रोल रूम के समीप जननायक कर्पूरी ठाकुर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। कर्पूरी जयंती के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जननायक स्व. कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। उन्होंने समाजवाद की नींव रखी थी। संविधान में दलितों, शोषित एवं पिछड़ों के लिए उपलब्ध अधिकार को लागू किया। कर्पूरी ठाकुर ने पूरे देश की जनता को उनके हक एवं अधिकार के लिए जगाने का काम किया। मंत्री ने कहा कि जैसे पूरे देश में राष्ट्रपिता एक हैं, वैसे ही जननायक भी एक ही हैं कर्पूरी ठाकुर। मंत्री ने कहा कि आज तक जितने भी जनप्रतिनिधि हुए उन लोगों ने सिर्फ ठगने का काम किया है। शहीदों व महापुरुषों के नाम पर सिर्फ राजनीति ही किया। उन्हें सम्मान देने का काम किसी ने नहीं किया। लोकतंत्र की चाबी जनता के हाथ में होती है। झूठ की बुनियाद पर चलने वाले जनप्रतिनिधियों को जनता सबक सिखाये।

उन्होंने कहा कि नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा स्थापना का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिलान्यास किया था। उस प्रतिमा का 26 जनवरी को अनावरण किया जाएगा। गढ़वा में बहुत ही बेहतर पार्क का निर्माण कार्य चल रहा है। उस पार्क में बहुत जल्द ही भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का भी अनावरण होगा। मंत्री ने कहा कि समाहरणालय परिसर में महात्मा गांधी की विशाल आदमकद प्रतिमा लगायी जाएगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे अपने कार्यकाल में ही सभी महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित कर उन्हें सम्मान देंगे। मौके पर समाजसेवी विजय केशरी मंत्री एवं गढ़वा वासियों से अपील की कि सभी लोग केंद्र सरकार से कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न की उपाधि दिलाने की मांग करें। मौके पर राजेश्वर ठाकुर, मुरली प्रसाद गुप्ता आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय नाई महासभा के गढ़वा जिला अध्यक्ष दशरथ ठाकुर एवं विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू ने किया। धन्यवाद ज्ञापन झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर ने किया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, सुप्रिया दुबे, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, संतोष केशरी, अरविंद यादव, अनिता दत्त, रेखा चौबे, सतीश ठाकुर, डा. बीएन ठाकुर, संजय कुमार ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, अनूप ठाकुर, डा. जेपी ठाकुर, कुंदन ठाकुर, राजू ठाकुर, राजीव रंजन, फुजैल अहमद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## रामकंडा प्रखंड के एक दर्जन से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन



**हेमंत सरकार राज्य के अंतिम व्यक्ति को ध्यान रखकर सभी योजनाओं को कर रही है संचालित : मंत्री**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर एक दर्जन से अधिक लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंगलवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी लोग पार्टी में शामिल हुए। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर झामुमो में शामिल किया। इस दौरान रमकंडा प्रखंड के दुर्जन ग्राम निवासी मनोज भुईहर, छठन राम व विराजपुर निवासी रोजिद मंसूरी अपने दर्जनों समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में किए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर गढ़वा सहित पूरे राज्य में काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। आज अपना राज्य झारखंड वासियों के सपनों का झारखंड बनने की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। सभी क्षेत्रों में कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को सुनें एवं उसे दूर करने की पहल करें। साथ ही राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जनहित की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दें तथा उसका लाभ लोगों को शत-प्रतिशत मिल सके यह सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के अंतिम व्यक्ति को ध्यान रखकर सभी योजनाओं को संचालित कर रही है। इसका लाभ प्रत्येक लोगों को मिल सके कार्यकर्ता इसके लिए प्रयास करें। मौके पर झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, अनिता दत्त, रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, अरविंद यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर में स्थित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विद्यालय में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा 9, 10 और 11 के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में लगभग 350 बच्चों ने भाग लिया। प्रथम सिंधु ठाकुर, द्वितीय ज्योति मेहता तथा तृतीय पुरस्कार सुजीत कुमार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, गढ़वा शहर सांसद प्रतिनिधि चंदन जयसवाल एवं जिला महामंत्री भाजपा गौरीशंकर बिंद उपस्थित थे। विद्यालय के निदेशक आरएन सिंह ने बताया कि बच्चे समय का उपयोग सही ढंग से करें तो उन्हें परीक्षा कब है इसकी चिंता बिल्कुल भी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन निश्चित तौर पर बच्चों को इस कठिन समय में उनके मानसिक बोझ को कम करने में सहायक होगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार ने बच्चों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी एवं उन्हें बताया कि परीक्षा भवन में उन्हें अपने प्रश्नों का उत्तर देना भी एक कला है।

## बंशीधरनगर में बिजली करंट की चपेट में आने से बिजली मिस्त्री की मौत

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत पुररनानागर के इस्तफार अंसारी की मौत बिजली की चपेट में आने के कारण हो गयी। इस्तफार अंसारी के परिजन ने बताया कि इस्तफार वाहिद खान के घर काम करने गया था, जहां काम के दौरान वह बिजली की चपेट में आ गया। इस्तफार को अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## डीसी-एसपी ने गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण

**कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए उपायुक्त ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप एवं पुलिस अधीक्षक गढ़वा अंजनी कुमार झा द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल (गोविन्द उच्च विद्यालय के मैदान में) पर किये जाने वाले ध्वजारोहण, परेड, राष्ट्रगान एवं आयोजित किये जाने वाले अन्य निर्धारित कार्यक्रमों के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाले कुल 08 प्लाटून का परेड निरीक्षण किया गया। उक्त परेड पूर्वाभ्यास में आठ प्लाटून क्रमशः सीआरपीएफ गढ़वा, जिला बल गढ़वा, गृह रक्षा वाहिनी गढ़वा, एसआईएस बेलचंपा गढ़वा, एनसीसी नामधारी कॉलेज गढ़वा, जीएन कान्वेंट स्कूल गढ़वा, केजीबीवी मेराल गढ़वा एवं राजकीय मध्य विद्यालय चिरौंजिया, गढ़वा ने भाग लिया। प्रतिभागियों द्वारा कार्यक्रमों में बेहतर प्रस्तुति देने, अच्छा प्रदर्शन करने एवं कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु उपायुक्त घोलप द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम,संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी, जिला स्तर के अन्य पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में चार लोग गंभीर रूप से घायल

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया में दो अलग-अलग मोटरसाइकिलों के आमने-सामने की टक्कर में कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना सोमवार की शाम भंडरिया गोदरमाना मुख्य मार्ग स्थित हाई स्कूल के समीप मोटरसाइकिल व स्कूटी के बीच हुई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी घायल हो गए। दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया लाया गया।

वहीं दूसरी घटना भंडरिया-रमकंडा मुख्य मार्ग के साधु कुटी गांव में मंगलवार को दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोग व राहगीरों की मदद से उन्हें तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया लाया गया। घायल में भंडरिया थाना क्षेत्र के सरईडीह गांव निवासी अक्षय लोहरा तथा बड़गड़ गांव निवासी प्रवेश कुजूर का नाम शामिल है। दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर किया गया।

## उत्क्रमित मवि के जल मीनार में लगी सोलर प्लेट की चोरी

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिंजो में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने जल मीनार में लगी सोलर प्लेट की चोरी कर ली। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगदानंद सिंह ने कहा कि शुक्रवार को विद्यालय बंद कर सभी शिक्षक और बच्चे घर चले गए थे। शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा कि जल मीनार का सोलर गायब है। इसकी सूचना शिक्षकों को दी गई। शिक्षक पूरे मामले की जानकारी लेकर इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारी से की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चोरों की संख्या बढ़ गई है। पहले भी उनके विद्यालय में लगी जलमीनार की सोलर को चोरी करने का प्रयास किया गया था। उन्होंने कहा कि जल मीनार की सोलर की चोरी कर लेने के बाद विद्यालय में पेयजल संकट उत्पन्न हो जाएगा।

**HAZARIBAG MUNICIPAL CORPORATION, HAZARIBAG**

NIT No.: UDD/HMC/HZB/38/2022-23 DATE 20-01-2023

**REQUEST FOR PROPOSAL**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Selection of Chartered Accountant/ Cost Accountant Firms For Internal Audit and Double Entry System (as per required) |
| 2. | Descriptions and Objectives of the Assignments | Internal Audit to assist in improving the accountability of use Funds and provide a deterrent to malpractice or mismanagement. |
| 3. | Language of Documentation | English |
| 4. | Mode of submission of bids | By Speed /Registered Post/By Hand ( Open Tender) |
| 5. | Method of Selection | "LCS (Lowest cost Selection method) |
| 6. | Total time Period | 3 Years ( Year 2023-24 to 2025-26) |
| 7. | Date of starting of Sale of Tender paper | 25.01.2023 at 11:00 am |
| 9. | Last Date/Time for submission of Bids | 13.02.2023 upto 3:00 pm |
| 10. | No of Copies of Tech. and Financial Proposal for each package. | 1 copy of Technical Proposal 1 copy of Financial proposal |
| 11. | Date\Time of Technical Bid/ Financial Bid Opening | 15.02.2023 upto 3:00 pm |
| 12. | Bid Submission address | Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag |
| 13. | Contact no./ email id | 9431765798 / municipal_08@rediffmail.com |

नोट – निविदा की नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त
PR 288272 Urban Development and Housing(22-23)#D नगर निगम, हजारीबाग

**अनुमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त, कोडरमा के पत्रांक–23/सा0, दिनांक– 16.01.2023 के द्वारा मृतक अर्जुन साव, उम्र– 55 वर्ष, पिता–मंगरू साव, ग्राम–सपही, थाना–डोमचाँच, जिला– कोडरमा की मृत्यु से संबंधित दुर्घटना का Magisterial जाँच किया जाना है। श्री साव की मृत्यु से संबंधित जानकारी के संबंध में कोई भी नागरिक अपना लिखित या मौखिक पक्ष/साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहते हैं तो अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक–27.01.2023 से 11.02.2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

अनुमण्डल पदाधिकारी
कोडरमा

PR 288199 District (22-23)_D

**कार्यक्रम :** अभाविप के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला छात्र सम्मेलन सह छात्र उत्सव में डॉ. सत्यदेव पांडे ने कहा

# अभाविप अपने स्थापना काल से ही समाज एवं छात्र हित के कार्य में जुटा है

**युवा उत्सव का उद्देश्य शिक्षा, सामाजिक परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव एवं शैक्षणिक माहौल स्थापित करना है : निखिल रंजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा जिला के द्वारा अभाविप के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला छात्र सम्मेलन छात्र उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के उतर मध्य पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विद्यार्थी परिषद के उत्तर मध्य पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन, प्रदेश सह मंत्री रमेश उरांव, पलामू विभाग संगठन मंत्री रत्नेश त्यागी, विभाग प्रमुख डॉ. सत्यदेव पांडे, जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी, नगर सह मंत्री अखिल कुमार, नगर छात्रा सह प्रमुख रेनू पटेल ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम के उद्घाटन उपरांत विषय प्रवेश करते हुए डॉ. सत्यदेव पांडे ने कार्यक्रम की विधिवत जानकारी दी। उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही राष्ट्रहित की भावना से परिपूर्ण होकर समाज हित और छात्र हित में कार्य करने हेतु निरंतर लगा हुआ है और आज उसी संघर्ष और साधना के 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं।

छात्र उत्सव सम्मेलन को संबोधित करते हुए उत्तर मध्य पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन ने कहा कि यह छात्र शक्ति ही है जो राष्ट्र हित के लिए आपने प्राण न्योछावर करने वालों में से है। युवा उत्सव का उद्देश्य शिक्षा और सामाजिक परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव और शैक्षणिक माहौल स्थापित करना है। नयी शिक्षा नीति से भारतीय युवाओं का सांस्कृतिक व सामाजिक पुनर्जागरण हो रहा है। छात्रों का लक्ष्य सफलता के साथ अपना जीवन सार्थक बनाना है और छात्रों को जागरूक करने और उन्हें लक्ष्य प्राप्त करने में हर संभव मदद करने में परिषद के एक-एक कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

कार्यक्रम में प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी,पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ उमेश सहाय, विभाग संयोजक मंजूल शुक्ला, जिला क्रीड़ा प्रमुख पंकज चौबे,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शशांक चौबे, शेखर गुप्ता, किरण कुमारी, शुभम तिवारी, हरि ओम, कौस्तुभ तिवारी,सुकुल कुमार,तनु कुमारी,जय प्रकाश कुमार, बबलू कुमार, दिव्या पाठक, अनामिका कुमारी, आशा कुमारी, पल्लवी कुमारी, राहुल कुमार, अमृता सोनी, विश्वजीत प्रजापति, काजल कुमारी, रेखा कुमारी, रोबिन कुमार,पुरुषोत्तम सिंह चंदेल, शिवम कुमार चौबे, राहुल पाल, सौरभ पांडे, रिशु चंद्रवंशी, अखिलेश कुमार, अंकित कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### गढ़वा के वर्तमान शैक्षणिक परिदृश्य पर प्रस्ताव पारित

गढ़वा के वर्तमान शैक्षणिक परिदृश्य पर प्रस्ताव भी पारित किया गया। शैक्षणिक प्रस्ताव के माध्यम से विभिन्न विषयों को पारित किया गया। जिनमें राज्य सरकार राज्य के राजनीतिक दलों से सामंजस्य बनाकर जल्द से जल्द राज्य में नयी व कारगर नियोजन नीति बनाने, सभी विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति उपलब्ध हो यह सुनिश्चित हो, सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति सुनिश्चित हो, ग्रामीण क्षेत्रों से शिक्षा प्राप्ति हेतु आने वाली छात्राओं एवं जनजातीय विद्यार्थियों हेतु बस की व्यवस्था हो, विद्यार्थियों को मिलने वाली शिक्षा अपनी मातृभाषा में हो, स्वावलंबन हेतु नये रोजगार मुखी संस्थान व तकनीकी संस्थान खोले जायें। सभी विद्यालय व महाविद्यालयों में वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई शुरू की जाए तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार विशेष पहल करते हुए अपेक्षित शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति की व्यवस्था करे।

**झारखण्ड सरकार**
**लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
दूरभाष सं.. 06546–298028, 263408,
e-mail- prisonhzb@gmail.com, cj-hzbag@jharkhandmail.gov.in

**ई0–निविदा सूचना**

1. कारा का नाम– **लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग**
2. विषय– **वर्ष 2023 के द्वितीय त्रैमासिक अवधि (दिनांक– 01.04.2023 से 30.06.2023 तक) में कारा में खाद्यान्नों, आलू, हरी सब्जी एवं फलों के कय के निमित्त ई–निविदा का आमंत्रण।**
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non-refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में **अधीक्षक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग** के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है–
(I) 10.00 लाख रूपये तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ) रूपये मात्र।
(ii) 10.00 से 50.00 लाख रूपये तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – 5,000.00 (पाँच हजार) रूपये मात्र।
(iii) 50.00 लाख रूपये से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 10,000.00 (दस हजार) रूपये मात्र।
4- **Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि**– 06.02.2023 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 13.02.2023 के अपराह्न 4:00 बजे तक।
5- **Website पर निविदा upload करने की तिथि**– 06.02.2023 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 13.02.2023 के अपराह्न 4:00 बजे तक।
6- **Tender Fee, EMD का original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample)** दिनांक– 14.02.2023 से 15.02.2023 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यवधि में कार्यालय में जमा करना होगा।
7. **निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान**– 16.02.2023 को पूर्वाह्न 12:00 बजे अधीक्षक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग के कार्यालय में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा website jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/ स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय/मंडल/उपकारा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752, 9546188599 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
लोकनायक जयप्रकाश नारायण
केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग

PR 288221 Prison(22-23)#D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 25 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
08

# उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया परेड रिहर्सल का निरीक्षण



**लोहरदगा, आजाद सिपाही।** गणतंत्र दिवस के दिन होने वाले परेड का फाइनल रिहर्सल बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम के मैदान में किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में जिला आरक्षी बल की दो (पुरुष-01, महिला-01), गृह रक्षा वाहिनी का 01 (पुरुष), सहायक पुलिस बल की 02 (पुरुष-01, महिला-01), जवाहर नवोदय विद्यालय लोहरदगा से एनसीसी की 02 (बालक व बालिका), नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय लोहरदगा से एनसीसी की 01 (बालक), उर्सलाइन बालिका उच्च विद्यालय से गाइड की 01 टुकड़ी और कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा से 01 टुकड़ी शामिल हुईं। रिहर्सल में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय सेन्हा की छात्राओं द्वारा बैंड डिस्प्ले का प्रदर्शन भी किया गया। इस वर्ष गणतंत्र दिवस को बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में होनेवाले मुख्य कार्यक्रम में राज्य के योजना-सह-वित्त विभाग, वाणिज्यकर विभाग, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम स्थल पर झंडोत्तोलन किया जायेगा। प्रातः 7.30 बजे उपायुक्त आवास परिसर में उपायुक्त द्वारा झंडोत्तोलन किया जायेगा। इसके बाद जिले के पदाधिकारियों द्वारा प्रातः 8 बजे से 8.45 बजे तक जिले में स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण किया जायेगा। बीएस कॉलेज स्टेडियम में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री डॉ0 रामेश्वर उरांव द्वारा 9 बजकर 15 मिनट पर बी एस कॉलेज स्टेडियम में झंडोत्तोलन किया जाएगा। मुख्य अतिथि का आगमन स्टेडियम में सुबह 9 बजे होगा। इसके बाद वे परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद झंडोत्तोलन, राष्ट्रगान, माननीय मंत्री का अभिभाषण होगा। माननीय मंत्री के अभिभाषण के पूर्व विभिन्न विभागों द्वारा झांकी प्रस्तुत की जाएगी जिसमें स्वास्थ्य, जिला समाज कल्याण, जिला कृषि कार्यालय, जिला परिवहन कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता कार्यालय, शिक्षा कार्यालय समेत हिंडाल्को और स्काउट एवं गाइड की भी झांकियां शामिल है। मंत्री के अभिभाषण उपरांत पारितोषिक का भी वितरण किया जाएगा।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनायी गयी जयंती



महुआडांड (आजाद सिपाही)। रामपुर निवासी रामनरेश ठाकुर के आवास में जननायक स्वर्गीय कर्पुरी ठाकुर की जंयती मनायी गयी। सबसे पहले जननायक स्वर्गीय कर्पुरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। वहीं रामनरेश ठाकुर ने कहा कि स्वर्गीय कर्पुरी ठाकुर के द्वारा ठाकुर समाज के लिए बहुत ही अहम कार्य किये गये हैं। हमें इनकी जीवनी से सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, कांग्रेस नेता सह बीस सूत्री सदस्य रामनरेश ठाकुर, आमिर सुहैल अहमद, बसारत अली,रानु खान, रिंकु खान, नुरुल अंसारी, अजीत पाल कुजुर, उप प्रमुख अभय मिंज,सुर्दशन ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, अशोक प्रसाद, आरजेडी प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ ठाकुर, कोमल किंडो, पप्पु खान, राहुल ठाकुर उर्फ द्वारिकाधीश ठाकुर, रवि रंजन ठाकुर, राजेश रामपुरिया,उज्ज्वल धनुष, विवेक शर्मा,शंकर यादव,अमन गुप्ता एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता आदि मौजूद थे!

## सरस्वती पूजा संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



महुआडांड़ (आजाद सिपाही)। शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजा संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को महुआडांड़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में थाना क्षेत्र के अधिकारियों के अलावा पंचायत प्रतिनिधि एवं आम प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। श्री सुरीन ने कहा कि पूर्व की तरह ही इस बार भी सरस्वती पूजा शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाएं। सभी पूजा समिति अपने स्तर से स्वय सेवकों की प्रतिनियुक्त करेंगे। पूजा स्थल पर तेज आवाज डीजे पर प्रतिबंध है एवं किसी भी परिस्थिति में अश्लील एवं भड़काऊ गाने नहीं बजायेंगे। थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष नजर रहेगी एवं उन्होंने पूजा कमेटियों से हुड़दंगियों पर नजर रखने एवं तुरंत सूचना देने की बात कही। मौके पर कार्य दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार, पुलिस निरीक्षक धर्मदेव पासवान, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंग डांग, जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया, मदीना मस्जिद सदर, परवेज आलम, हिन्दू महासभा के महामंत्री संजय जयसवाल, रामनाथ यादव, परवेज आलम, अमन कुमार गुप्ता, राजकुमार, सुभम कुमार, आजाद अहमद, मुजाहिद, विशाल कुमार इमरान खान अन्य मौजूद थे।

## जननायक कपूर्री ठाकुर की 99 वीं जयंती मनी



हेरहंज(लातेहार)(आजाद सिपाही)।प्रखंड मुख्यालय के भंडार चौक के पास राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में जननायक कपूर्री ठाकुर जी की 99 वीं जयंती मनायी गयी। सबसे पहले कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा में प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ उरांव ने माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्ज्वलित किया। इस जयंती में शामिल सभी कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा में पुष्प चढ़ाकर जयंती मनायी। श्री उरांव ने कहा कि इनका जन्म 24 जनवरी 1924 को बिहार राज्य के समस्तीपुर जिले के एक पितोझिंया गांव में जन्म हुआ था। उन्होंने सामान्य जीवन की शुरूआत की थी। गरीबी में सादगी से जीवन बिताएं। राजनीति में कदम रखा। जिसमें वे बिहार के दो बार मुख्यमंत्री पद पर और एक बार उप मुख्यमंत्री पद पर रहकर आम गरीब लोगों की समस्याओं को हर संभव मदद करने का काम किये। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ उरांव, राजदेव यादव, अरविंद यादव,जितेंद्र यादव, दीपनारायण यादव, विपिन यादव, अरविंद साहू, छोटू ठाकुर, दिलीप रजक, पिन्टू यादव, महेश यादव समेत दर्जनों संख्या में कार्यकर्ता आदि शामिल थे।

## श्री राम जानकी मंदिर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का आयोजित मंडल सम्मेलन को सफल बनाने का प्रयास



हेरहंज-(लातेहार) प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में आगामी 29 जनवरी को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित मंडल सम्मेलन समारोह को सफल बनाने हेतु राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने गांव-गांव में जाकर लोगों से संपर्क कर कार्यक्रम की जानकारी दी।उन्हें सम्मेलन में आने को निमंत्रित किया। जिला कार्यवाह धर्मेंद्र जायसवाल और हेरहंज सह खंड कार्यवाह रूपेंद्र जायसवाल ने संयुक्त रूप से जाकर तासु पंचायत स्थित हनुमान मंदिर और सेर नदाग स्थित शिव मंदिर में स्वयं सेवकों और प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक की, और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। गौरतलब हो कि मंडल सम्मेलन कार्यक्रम में संघ के द्वारा भारत माता की आरती, स्वयं सेवकों द्वारा शाखा लगाना, बौद्धिक चर्चा,बच्चों द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता,शिव चर्चा एवं भंडारा का कार्यक्रम आयोजित है। बैठक में उपेंद्र यादव,अजय सिंह, केश्वर राम, श्याम नारायण सिंह, परमेश्वर विश्वकर्मा, बिहारी प्रसाद, राम प्रकास यादव, रंजीत प्रसाद, नीरज कुमार आदि मौजूद थे।

## सबकी योजना सबका विकास अभियान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन



बारियातु। प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी दीपाली भगत, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, राज्य से आये मास्टर ट्रेनर साकेत तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक तिवारी के द्वारा योजनाओं को चयन के बारे में विस्तार से चर्चा किया। चर्चा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं का लाभ लाभुकों को शत-प्रतिशत मिले।यही इसका मात्र उद्देश्य है। आगे बताया कि ग्राम पंचायत के विकास को लेकर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा ताकि सही योजना का चयन किया सके। मौके पर मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत, शांति देवी, केदार गंझु, सुरेश उरांव, तेतरी देवी, रानो देवी, सरिता देवी, सुशिला देवी, पंसस राजेश राम, उमेश उरांव,जया देवी,सोनी देवी, पंचायत सचिव प्रकाश कुमार, अनेशवर प्रसाद. 15 वीत्त प्रभारी पंकज पाण्डेय,आलोक दुबे सहित कई पंचायत प्रतिनिधि और प्रखंड कर्मी आदि उपस्थित रहे।

## मनिका थाना परिसर में गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**मनिका।** मनिका थाना परिसर में दिन मंगलवार को प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी के नेतृत्व में आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के कार्यक्रम में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना क्षेत्र के शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने सभी सदस्यों से थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित गांवों में हो रहे सरस्वती पूजा के विषय में जानकारी ली। बैठक में उपस्थित प्रखंड क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने गणतंत्र दिवस और पूजा कार्यक्रम को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने हेतु अपने-अपने विचार व्यक्त किये। वहीं थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने कहा कि पूजा व विसर्जन के दौरान अश्लील गाने बजाने पर रोक रहेगा। विसर्जन जुलूस पर नजर रखने को कहा। कहीं भी किसी तरह से गड़बड़ी करनेवाले को सूचना तत्काल थाना को दे अशांति फैलाने वाले लोगों को पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। वहीं बीडीओ वीरेंद्र किंडो ने प्रखंडवासियों से अपील किया कि भाईचारे का परिचय देते हुए शांतिपूर्ण माहौल में पूजा कार्यक्रम को संपन्न करवाएं। वहीं सीओ अजय कश्यप ने कहा कि पूजा-पंडालों में क्षेत्र की माताएं एवं बहने भी मां सरस्वती का आशीर्वाद लेने जाती हैं। शांति समिति के बैठक में निर्णय लिया गया कि किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था भंग होती है तो उसकी जिम्मेवार कमेटी के लोग होंगे। उनपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पूजा में किसी भी तरह के हंगामेदार ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं करें। शांति समिति की ओर से लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने का लोगों तक संदेश पहुंचाना है। ताकि सभी जगह शांति से पूजा हो। मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, जिप सदस्य बलवंत सिंह, विश्व सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेश जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, जिला सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे, भाजपा नेता विशु राय, जेएसआई प्रदीप राय, प्रामानंद सिंह,एवं जन प्रतिनिधि कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## तेंदुआ के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय का घेराव किया



**बरवाडीह बरवाडीह:** पलामू व्याघ्र परियोजना के विभिन्न क्षेत्रों के जंगली क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों किसान मजदूरों ने मंगलवार को जिप सदस्य कन्हाई सिंह के तेंदुआ एवं जंगली जानवरों के आतंक के मुद्दे को लेकर जुलूस प्रदर्शन करते हुए प्रखंड कार्यालय का घेराव किया।प्रखंड के पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर से प्रखंड ग्रामीण सुदूर क्षेत्रों से जुटे काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीणों तेंदुआ एवम अन्य जंगली जानवरों के आतंक के मुद्दे पर जीप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में वन विभाग के विरोध नारेबाजी करते हुए प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड कार्यालय का घेराव किया।मौके पर ग्रामीणों ने एक घंटे से ज्यादा समय तक बीडीओ राकेश सहाय, वनपाल शशांक शेखर पांडे एवम बेतला वनपाल संतोष कुमार से जंगली जानवर के मुद्दा को लेकर सवाल जवाब किया।मौके पर कन्हाई सिंह ने कहा कि तेंदुआ के आतंक के कारण ग्रामीणों में दहशत व आतंक है। ग्रामीण अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों के सुरक्षा के उपाय नहीं किए गए हैं। जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। मौके पर बीडीओ श्री सहाय ने कहा कि तेंदुआ को मारने के लिए वन विभाग द्वारा शूटर मंगाया गया है और क्षेत्र की जनता को जल्द ही तेंदुआ के आतंक से छुटकारा मिलेगा। ग्रामीणों ने एक स्वर में तेंदुआ से सुरक्षा के लिए वन विभाग द्वारा रात्रि गश्त की व्यवस्था करने, टॉर्च एवं पटाखा उपलब्ध कराने,शूटरों की संख्या बढ़ाने एवं स्कूल जाने वाले बच्चों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। वन विभाग की वनपाल संतोष कुमार एवं शशांक शेखर पांडे ने जवाब देते हुए पीटीआर क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को टॉर्च एवं पटाख उपलब्ध कराने रात्रि गशती बढ़ाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से लातेहार उपायुक्त को एक चार सूत्री मांग पत्र वन क्षेत्र में जा रहे ग्रामीणों की जंगली जानवरों से सुरक्षा प्रदान करने जंगली जानवरों को भगाने के लिए संसाधन उपलब्ध कराने समेत अन्य मांगे शामिल है। मौके पर फ्रांसिस गुड़िया, सलोमी भेंगरा, विनोद परहिया, सुरेंद्र कोरवा समेत वन क्षेत्र के शामिल थे।

## पीवीयूएनएल ने ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के कई पंचायतों में पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के द्वारा ग्रामीणों के बीच सैकड़ों कंबलों का वितरण किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में सासंग बनहरदी उदयपुरा के ग्रामीण मौजूद थे। बनहरदी कोयला खनन परियोजना के लोगों ने इस कार्यक्रम में कहा कि पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड हर संभव यह चाहती है कि ग्रामीण को हर तरह से मदद करें। जिससे लोगों की जीवनशैली में सुधार हो। इस अवसर पर बन हरदी कोयला खनन परियोजना के एजीएम चंद्रशेखर आरबी सिंह अमरेश चंद्र रावत दिनेश जालिम खुर्द के मुखिया सुनीता उरांव और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने कंपनी के लोगों को साधुवाद दिया और कहा कि हम सभी आपके मददगार हैं।

# त्योहार में गड़बड़ी पैदा करने वालों की खैर नहीं : थाना प्रभारी

## सरस्वती पूजा को लेकर किस्को थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को थाना परिसर में आगामी 26 जनवरी को होने जा रही सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी बुडाय़ं सारू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान क्षेत्र में सरस्वती पूजा मनाया जाने पर आपसी सौहार्द एवं भाईचारा का माहौल बनाए जाने हेतु चर्चा की गयी। साथ ही सरस्वती पूजा के दौरान पूर्ण रूप से शराबबंदी एवं जुआ खेलने वालों पर शिकंजा कसे जाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गयी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए सीओ बुडाय़ं सारू ने कहा कि सरस्वती पूजा क्षेत्र में आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा त्यौहार में किसी तरह का कोई हुड़दंग न हो इसे लेकर शांति समिति के सदस्यगण शत-प्रतिशत अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करेंगे। वहीं थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में सरस्वती पूजा भाईचारे के साथ संपन्न हो इसे लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो ने कहा कि सरस्वती पूजा त्यौहार के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी पैदा करने वालों पर सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में जुआ और पूर्ण शराबबंदी को लेकर अभियान चलाकर पकड़े जाने पर वैसे लोगों के विरुद्ध चिन्हित कर नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मौके पर बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष सामुल अंसारी, परहेपाट मुखिया जतरू उरांव, बीस सूत्री सदस्य नुसरत अंसारी, एएसआई अविनाश कुमार सिंह, एएसआई गोविंद सिंह, आजसू नेत्री अंजन देवी, पूर्व मुखिया ग्राम पंचायत परहेपाट सुखमनी लकडा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य ग्राम पंचायत परहेपाट अख्तर अंसारी, पूर्व प्रमुख मुनीलाल भगत, उप मुखिया लाल सुधीर नाथ शाहदेव, आदर्श मोटर परिवहन सहयोग समिति लिमिटेड के सचिव जफर इमाम, इसहाक अंसारी, समाजसेवी कुद्दूस अंसारी, मनोज ठाकुर, मुर्शीद अंसारी, दयानंद लकडा, सेराज अंसारी, मंसूर अंसारी आदि मौजूद थे।

## बालूमाथ मे 94 वीं जयंती पर याद किये गये कर्पूरी ठाकुर



बालूमाथ(आजाद सिपाही)। मंगलवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित राजद जिला कोषाध्यक्ष सुरेश राम के आवास पर जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती मनायी गयी। बालूमाथ प्रखंड राजद कार्यकर्ताओं ने कपूर्री की तस्वीर पर फूल माला पहनाकर समारोह का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता राजद सुरेश राम ने की। वहीं संचालन राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने किया। राजद कार्यकर्ताओं ने जननायक कपूर्री की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। सभी संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यकर्ताओं सहित गणमान्य लोगों ने कपूर्री की जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने कहा कि हर मुख्यमंत्री को इनसे प्रेरणा लेते हुए समाज के उत्थान के लिए भेद-भाव से रहित होकर सर्वसमाज के विकास के लिए कार्य करना चाहिए। इस समारोह में प्रखंड के राजद के मनोज यादव, श्यामसुन्दर यादव, दीपक यादव, लखपति यादव, उमेश यादव, सत्येन्द्र यादव, मो तौफीक, कुलदीप राम मुनेश्वर यादव, प्रदीप यादव सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

## अवैध शराब बिक्री के आरोप में होटल का रसोइया गिरफ्तार



सेन्हा-लोहरदगा:झारखंड उत्पाद अधिनियम के तहत बक्सीडीपा चौक से एक युवक को गिरफ्तार कर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा जेल भेजा गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा चौक से पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिला अंतर्गत इंद्रपुर थाना क्षेत्र के भुताम निवासी सुभाष मंडल के 32 वर्षीय पुत्र दुर्योधन मंडल को सेन्हा थाना पुलिस द्वारा झारखंड उत्पाद अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बताया जाता है कि भुताम निवासी दुर्योधन मंडल लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित अरु नेतरहाट हाइवे होटल में रसोइया का कार्य करता था और पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था कि अवैध शराब का कारोबार होता है। जिसपर जिला से छापेमारी टीम गठित कर कार्रवाई की गयी। जिसमें अंग्रेजी शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में कार्रवाई करते हुए होटल संचालक को पूर्व में जेल भेजा गया था। लेकिन शराब बिक्री में दुर्योधन मंडल की संलिप्तता बताते हुए इसके विरुद्ध भी कार्रवाई किया गया। इस संदर्भ में ए एस आई जमशेद खान ने बताया कि शराब बिक्री के आरोपी दुर्योधन मंडल की तलाश पुलिस लम्बे समय से कर रही थी। इसी बीच बक्सीडीपा चौक में आरोपी के होने की गुप्त सूचना प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई कर मंगलवार को गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में मंडलकारा लोहरदगा भेजा गया।

## सीआरपीएफ कैंप में कमांडेंट के निर्देश पर सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन




मनिका। प्रखंड स्थित थाना क्षेत्र के कुमनडीह स्थित सी /214 समवाय सीआरपीफ कैंप में 214 बटा के कमान्डेंट के डी जोशी के निर्देश पर सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत ग्राम कुमण्डीह, बडकाडीह, आंटीखेता, हुमामारा, लावागढ एवं अम्बाटीकर के आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण बच्चों जो कि ग्राम कुमण्डीह, बरकाडीह, अतीखेता, हुमामारा, लावागढ एवं अम्बाटीकर के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनस्थ हैं। इन बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में सहायता प्रदान करने हेतू जरूरतमंद बच्चों के बीच स्कूल बैंग, टिफिन बॉक्स, नोट बुक, पेन्सिल, रबड, एवं इस्ट्रमेंन्ट बॉक्स का वितरण किया गया। मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद ने कहा कि ग्रामीणों के साथ बेहतर सम्बन्ध स्थापित करने के साथ-साथ उन्हें तत्काल सहायता अथवा राहत सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। लाभार्थी बच्चों को स्कूल से आने-जाने में आसानी एवं अध्ययन साम्रागी के समुचित रख-रखाव में सहायता मिलेगी। प्रहलाद कुमार रजक (सहा कमा. सी/214 बटा.), निरीक्षक / जीडी कमल प्रकाश वर्मा सहित कम्पनी के सभी अधिनस्थ अधिकारी, जवान एवं ग्रामीण के साथ लाभार्थियों के अभिभावक एवं अध्यापक उपस्थित रहें ।

## वर्षो से फरार दो अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल



बरवाडीहः जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बरवाडीह व छिपादोहर थाना प्रभारी द्वारा एक संयुक्त टीम गठित कर वर्षो से फरार दो आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी मिली है। इस संबंध में मिली जानकारी बरवाडीह ,छिपादोहर, मनिका, सतबरवा थानों में दर्ज अलग-अलग मामले में डकैती अपहरण जैसे जघन्य अपराधों में संलिप्त राम उपेंद्र राम उर्फ उपेंद्र भुइंया लुकुमखांड (छिपादोहार)निवासी को बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के द्वारा बेतला चेकनाका के समीप गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बरवाडीह थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की वर्षो से तलाश थी। इसके अलावा बरवाडीह पुलिस ने फरार संतोष प्रसाद बरवाडीह खुरा निवासी को गिरफ्तार कर रेल दंडाधिकारी डालटेनगंज भेज दिया है। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा श्रीनिवास सिह ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अपराध और अशान्ति फैलानेवाले लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस टीम बेहतर कार्य करने वाले लोगो को सम्मानित भी करेगी और अपराध पर हरसभंव प्रयास करके अंकुश लगाने का कार्य करेगी।

## नगर परिषद के बर्तन बैंक का लोग उठा रहे हैं लाभ

**मंगलवार को एक शादी पार्टी के आयोजक ने बर्तन बैंक से लिये ढाई सौ बर्तन**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोकथाम की दिशा में कारगर उपाय के रूप में प्लास्टिक कप व थर्माकोल प्लेट आदि का विकल्प उपलब्ध कराने के लिए स्टील के बर्तनों का बैंक नगर परिषद ने शुरू किया था।

इस बर्तन बैंक से शहर के लोग ₹1 जैसे मामूली शुल्क पर बर्तन सेट किराये पर ले जा सकते हैं। ऐसा इसलिए किया गया था ताकि स्टील के बर्तनों की आसान उपलब्धता पर लोग प्लास्टिक व थर्माकोल के बर्तन नहीं खरीदें। मंगलवार को वार्ड 12 के निवासी विजय राम ने अपने घर में आयोजित शादी समारोह के लिए 250 बर्तन नगर परिषद के बैंक से किराये पर लिये। उन्हें स्वयं सहायता समूह की दीदी बैजंती देवी द्वारा पांच मिनट की लिखा पढ़ी के बाद ये बर्तन उपलब्ध करा दिये गये। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार, नगर मिशन प्रबंधक राहिल डुंगडुंग तथा सामुदायिक संगठनकर्ता विमला देवी एवं सीआरपी आदि लोग मौजूद थे।

इस दौरान लाभुक विजय राम ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि नगर परिषद ने आम लोगों की सुविधा के लिए ऐसा प्रयास किया। उन्होंने संकल्प भी लिया कि वे अपने घर के इस शादी समारोह में प्लास्टिक व थर्माकोल उपयोग नहीं करेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि जैसे जैसे शहर में बर्तन बैंक की जागरूकता बढ़ेगी, बर्तन बैंक का मकसद और भी सार्थक होगा।

**तैयारी :** डीसी-एसपी गुमला ने किया गणतंत्र दिवस समारोह के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण

## गणतंत्र दिवस पर उपलब्धियों से संबंधित झांकियों का होगा प्रदर्शन

**गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर मंगलवार को परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया।

पूर्वाभ्यास में उपायुक्त सुशांत गौरव और पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारिब ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही पूर्वाभ्यास परेड की सलामी ली।



परेड में शामिल टुकड़ियों आकर्षक एवं भव्य परेड का स्वरूप प्रदर्शित किया गया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में विभागीय कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों पर आधारित श्रेष्ठ झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न प्लाटून के द्वारा किये जाने वाले परेड में सीआरपीएफ, जिला सशस्त्र बल, सहायक पुलिस (महिला एवं पुरुष), होम गार्ड, एनसीसी, विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों की टुकड़ी शामिल होंगे।

**तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक :** इसी क्रम में उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस के तैयारियों को लेकर समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभाकक्ष में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में तैयारी से संबंधित सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

उपायुक्त ने झांकी, परेड, समय सारणी एवं अन्य कार्यक्रमों के विषय में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। । उन्होंने सभी कार्यक्रमों का समय निर्धारित करते हुए सूची तैयार करने की बात कही।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भरनो थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**भरनो (आजाद सिपाही)।** सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक भरनो थाना परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी ने की। शांति समिति के सदस्यों ने तेज गति से वाहन चलाने वालों पर अंकुश लगाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी ने सभी पूजा समिति के लोगों को निर्देश देते हुए आगामी 27 जनवरी को सरस्वती मूर्ति के विसर्जन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी पूजा समिति शांतिपूर्ण तरीके से पूजा को मनायें और ससमय मूर्ति का विसर्जन करें। कहा कि कार्यक्रम में हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है। किसी भी अफवाह में ना आयें किसी भी तरह की सूचना पुलिस को तत्काल दें। मौके पर उपस्थित लोगों में भोला केशरी, सुनील केशरी, आशीष नाथ शाहदेव, सोबराति, मोख्तार आलम, अनिल गुप्ता, नबी फरहास, देवकुमार सिंह सहित शांति समिति में कई लोग एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने की सड़क निर्माण को लेकर अधिग्रहित जमीन के मुआवजे की मांग



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत भीखमपुर रोड से छोटाकटरा होकर केराकोना तक सड़क का निर्माण कार्य शुरू है। जिसको लेकर छोटाकटरा के ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि भीखमपुर रोड से छत्तीसगढ़ सीमान गाटी झरिया तक उच्च पथ का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें राजस्व ग्राम छोटाकटरा का भी जमीन पड़ता है। सड़क निर्माण कार्य के लिए भूमि अधिग्रहण भी कर लिया गया है लेकिन इसकी पूर्ण जानकारी रैयतों को नहीं है। जिसका लिखित आवेदन हमने उपायुक्त गुमला सहित अन्य पदाधिकारियों को भी दे दी है। अतः हमारी मांग है कि लगभग 40 रैयतों के पड़ने वाली जमीन का उचित मुआवजा समय से कर दिया जाए अन्यथा हम मजबूरन निर्माण कार्य को बंद करने हेतु विवश होंगे। मौके पर कामेश्वर उरांव, मोहन उरांव, आकाश भगत टोप्पो, धनंजय भगत, सिकंदर उरांव, भिखारी ठाकुर, सुखसाय उरांव, जीवनंदन उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पालकोट में राज्यस्तरीय बालक-बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के राजा मैदान में झारखंड सरकार की सहाय योजना अंतर्गत पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न पंचायत के 14 से 19 वर्ष के बालक-बालिका को सम्मिलित होना है। यह प्रतियोगिता 24 जनवरी से 31 जनवरी तक होगी। जिसमें फुटबॉल और हॉकी मैच होना है, जिसका आज शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि प्रमुख सोनी लकड़ा व कई अतिथियों ने मिलकर दीप प्रज्वलित कर खेल का शुभारंभ किया। मौके पर आयोजनकर्ता के अलावे प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, प्रमुख सोनी लकड़ा, 20 सूत्री अध्यक्ष विनय लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि बसंत गुप्ता, बीस सूत्री सदस्य सत्यनारायण केसरी, पंचायत समिति सदस्य शांति देवी व प्रखंड कर्मी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जंगली हाथियों से छेडछाड़ करना एवं उनके निकट जाकर सेल्फी लेना घातक : डीएफओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के कई प्रखंडों में फिलहाल हाथियों का आगमन और विचरण तेजी के साथ हो रहा है। जिले में भरनो के अवलिया जंगल से लेकर कामडारा, बसिया, पालकोट, चैनपुर, जारी, डूंमरी और बिशनपुर प्रखंड के क्षेत्रों में फैले हुए जंगलों के आसपास हाथियों का झुंड लगातार देखा जा रहा है। हाल के दिनों में हाथियों ने कई लोगों की जान ले ली है। हालांकि वन विभाग द्वारा पूरी सतर्कता बरती जा रही है कि हाथियों को बस्तियों के बीच नहीं आने दिया जाए। फिर भी कुछ ग्रामीण हाल में हाथियों के प्रकोप का शिकार हो चुके हैं। इस संबंध में डीएफओ बिलाल अहमद से आजाद सिपाही की हुई बातचीत में



कहा कि ऐसा देखा जा रहा है कि कुछ ग्रामीण हाथियों को बेवजह छेड़छाड़ कर रहे हैं। जिसके कारण भी हाथियों को गुस्सा आ रहा है और वह उत्पात मचा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि हाथियों के साथ छेड़छाड़ ना करें। अगर कहीं हाथी नजर आ जाएं तो दूर हट जाएं। उनके आसपास रहने व जाने का प्रयास ना करें। ऐसा भी सुना जा रहा है कि कई लोग हाथियों के झुंड के नजदीक जाकर सेल्फी भी लेने का प्रयास कर रहे हैं, जो उनके जीवन के लिए घातक है। उन्होंने यह भी अपील की कि फिलहाल हाथियों का विचरण जंगल की तराई वाली बस्तियों में अधिक हो रहा है इसके पीछे का मुख्य कारण धान का भंडारण और हड़िया-महुआ आदि के शराब की गंध है। डीएफओ ने कहा कि जैसे ही हाथियों का विचरण किसी गांव की ओर होता देखें तो फौरन वन विभाग के कर्मियों को सूचना दें। विभाग के कर्मी ग्रामीणों की मदद के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने ग्रामीणों को वन विभाग के कर्मियों के संपर्क में रहने का भी आग्रह किया है।

### जंगली भालू के हमले से ग्रामीण घायल

**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जिरहुल गांव में मंगलवार को जंगली भालू ने हमला कर एक ग्रामीण शिरू उरांव (60) को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। घायल ग्रामीण जिरहुल गांव के डांगरा पहाड़ के समीप अपने खेतों में मवेशी चराने गया हुआ था। इस क्रम में डांगरा पहाड़ से अचानक निकल कर जंगली भालू ने ग्रामीण पर हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। पास के खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने भालू को भगाया, तब तक शिरु उरांव बुरी तरह से जख्मी हो चुका था। तत्काल परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। इधर घटना की सूचना वन विभाग बसिया को दी गयी। जिसके बाद वन विभाग के प्रभारी वनपाल लिबनुस कुल्लू ने जख्मी व्यक्ति के इलाज हेतु विभाग की ओर से सहायता करने की बात कही।

### बिशुनपुर थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजनोत्सव संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी सदानंद सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के अधिकारियों के अलावे पंचायत प्रतिनिधि व आम प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने कहा शांतिपूर्वक आपसी भाईचारे के साथ सरस्वती पूजा को मनायें। ध्यान रहे कि किसी भी स्थिति में शांति व्यवस्था भंग ना हो और किसी दूसरे समुदाय की भावना को ठेस ना पहुंचे। इसके साथ ही सभी पूजा समिति के अध्यक्ष को यह निर्देश दिया गया है कि किसी भी प्रकार के उपद्रव फैलाने वाले व्यक्ति की सूचना अविलंब थाना को दें ताकि पुलिस उस पर कार्रवाई कर सके। उन्होंने विशेष तौर पर युवाओं से अपील करते हुए कहा कि पूजा के दौरान किसी भी परिस्थिति में नशे की हालत में ना दिखें अन्यथा पुलिस कार्रवाई के लिए बाध्य होगी। मौके पर उप प्रमुख चंदन सिंह, देवी सिंह, गुलाब साहू, राजू साहू, किनवा उरांव, राधे सिंह, प्रमोद सिंह, कुलदीप खेरवार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## झारखंड के उप शिक्षा सचिव ने विभिन्न विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण



**भरनो (आजाद सिपाही)।** झारखंड के उप शिक्षा सचिव अनिल कुमार सिंह मंगलवार को भरनो के प्लस टू हाई स्कूल, बालक मध्य विद्यालय और मिडिल स्कूल बोडो का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम उन्होंने प्लस टू हाई स्कूल में शिक्षक उपस्थिति पंजी, छात्र उपस्थिति पंजी, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, अनुशासन, शौचालय, पेयजल, लेसन प्लान का अवलोकन किया। साथ ही बोडो स्कूल एमडीएम, शिक्षक-छात्र उपस्थिति पंजी समेत कई आवश्यक चीजों का निरीक्षण कर संबंधित स्कूलों के सचिव को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर बोडो स्कूल के हेडमास्टर बसंत मेटे द्वारा स्कूल में पेयजल, किचन शेड और शौचालय की समस्या को अवगत कराया और बताया कि स्कूल के बच्चों को एक किलोमीटर से पेयजल के लिये और एमडीएम के लिये पानी लाना पड़ता है। मौके पर शमीम एजाज, प्लस टू की प्राचार्या वरदानी टोप्पो, अजय मंडल, अवधेश मिश्रा, बसंत मेटे आदि उपस्थित थे।

## पदाधिकारी ईमानदारी से जनता का कार्य करें : विधायक

**प्रखंड कार्यालय सभागार में विधायक ने की सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को विधायक जिग्गा सुसारन होरो की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गयी। जहां, शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंक, पेयजल, अंचल प्रखंड जेसेलपीएस, थाना, कृषि, पशुपालन समेत कई विभागों के पदाधिकारी उपस्थित हुए। मौके पर बारी-बारी से सभी विभागों द्वारा चलायी जा रही सरकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। जिस विभाग द्वारा कार्यों की प्रगति में त्रुटि पायी गयी उस विभाग के



पदाधिकारी को विधायक द्वारा जम कर फटकार लगायी गयी और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही श्री मुंडा ने कहा दूरदराज से ग्रामीण अपने कार्यों को लेकर ब्लॉक और अंचल आते हैं, उन्हें दौड़ाने का प्रयास न करें। ईमानदारीपूर्वक जनता का कार्य करें। अगर किसी पदाधिकारी या कर्मी का शिकायत मिली तो सीधे कार्रवाई करेंगे। मौके पर प्रमुख पारस नाथ उरांव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष जोलसन बड़ा, सांसद प्रतिनिधि रामनन्दन साही, बीडीओ तेज कुमार हस्सा, सीओ संजीव कुमार, सीडीपीओ सुनीता केरकेट्टा, बीइओ शांतिमुनि तिर्की, बैंक कर्मी समेत जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सिंचाई कूप से ग्रामीण का शव बरामद

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चुंदरी नावाटोली गांव निवासी 30 वर्षीय जमे उरांव का शव सिंचाई कूप में घाघरा पुलिस ने बरामद किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक जमे उरांव अपना ससुराल लोहरदगा स्थित भसको गांव गया था और दूसरे दिन शनिवार को वह लौटा। जिसके बाद चुंदरी गांव में लगने वाले साप्ताहिक हाट में उसे अंतिम बार देखा गया। इधर मंगलवार को गांव के ही एक कुएं में उपला हुआ उसका शव दिखाई दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद घाघरा पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

### गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**सिसई (आजाद सिपाही)।** गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता सीओ अरुणिमा एक्का ने की। बैठक में सरस्वती पूजा धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने, पूजा के दौरान सरकार द्वारा जारी गाईडलाइन का शत प्रतिशत अनुपालन करने, पंडालों में पूजा के अलावा अन्य किसी भी तरह का आयोजन नहीं करने, रात्रि दस बजने के बाद कोई भी लाउडीस्पीकर या डीजे नहीं बजाने, मूर्ति विसर्जन शाम छह बजे तक कर देने सहित कई अन्य निर्णय लिये गये। वहीं एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस व पूजा के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की नजर बनी रहेगी। सभी जगहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी रहेंगे। माहौल बिगाड़ने एवं शांति भंग करने वालों के विरुद्ध पुलिस सख्ती से पेश आयेगी। एसडीपीओ ने लोगों से सड़क सुरक्षा को लेकर बाइक चलाते समय अपनी सुरक्षा का ध्यान रखने की बात कही। मौके पर जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी, सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, मुखिया शोभा देवी, फ्लोरेंस देवी, पार्वती देवी, भैरो सिंह खेरवार, लक्ष्मी यादव, मनीजर साहू, श्यामसुंदर महतो, रामानंद सिंह, शंभु शर्मा, तेजमोहन साहू, संजय महतो, सुरेन्द्र उरांव, जयराम उरांव, रहमान अंसारी, रहमु अंसारी, उमर फारूक अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

**जनता दरबार :** उपायुक्त ने जिले के दूरदराज के इलाकों से पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना

## समस्याओं के निराकरण को लेकर अधीनस्थों को दिये निर्देश

**जनता दरबार में राशन कार्ड, भूमि संबंधित मुआवजा भुगतान, मानदेय भुगतान, नागरिकों के व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित मामले आये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के दूरदराज के इलाकों से पहुंचे लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु अधीनस्थों को निर्देश दिया।



जनता दरबार में विशुनपुर प्रखंड के वेठहट निवासी राजकिशोर खेरवार के द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया गया कि उनके पुत्र दशरथ को गुमला जेल से घाटशिला जेल भेज दिया गया था। उसी क्रम में कोविड-19 से दिनांक 26.01.2021 को जमशेदपुर के अस्पताल में मृत्यु हो गई। आवेदक द्वारा कोविड-19 में मृत पुत्र को अनुदान अनुग्रह राशि भुगतान की मांग की गई।

वहीं सिसई प्रखंड के डाड़हा निवासी राधिका देवी ने आवेदन समर्पित कर बताया कि उनके पति की मृत्यु दिनांक 08.05.2021 को कोविड-19 के दौरान हो गई है। जिसकी अनुदान अनुग्रह राशि भुगतान की मांग की है। इस पर उपायुक्त ने अपर समाहर्ता को आवश्यक कर्रवाई करने का निर्देश दिया।

बसिया प्रखंड के निनई के ग्रामीणों द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया कि लुंगटु पंचायत में अत्याधिक मात्रा में बालू एवं पत्थर का खनन किया जा रहा है। जिससे मुख्य पथ की स्थिति खराब हो रही है। ग्रामीणों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा इस पर उचित कार्रवाई करने का मांग की गई। उपायुक्त ने इस पत्र को संबंधित पदाधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

रायडीह प्रखंड के लालमाटी निवासी ग्रामिणों द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया गया कि ग्राम लालमाटी, टुडुरमा से सोकराहातू के बीच सड़क काफी खराब है। जिसके कारण ग्रामिणों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा शीघ्र सड़क निर्माण कराने का मांग की गई। इस पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

गुमला प्रखंड के कुकरूंजा कोरवा टोली हरदी कोना के ग्रामीणों द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया कि हरदी कोना में धुमकुड़िया भवन नहीं है। ग्रामीणों द्वारा धुमकुड़िया भवन निर्माण कराने का अनुरोध किया गया। इस संबंध में उपायुक्त ने आवेदन पत्र को जिला कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

गुमला प्रखंड के बिरसा एकेडमी ऑफ एथलेटिक्स खरका के खिलाड़ियों द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया गया कि यह संस्था 2015 से स्थापित है। कुल 55 खिलाड़ियों का नामांकन है। एथलेटिक्स में खिलाड़ियों के लिए शौचालय एवं पानी की असुविधा है। खिलाड़ियों द्वारा शौचालय एवं पानी उपलब्ध कराने की मांग की गई। आवेदन पत्र को संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे जनता दरबार में राशन कार्ड, भूमि संबंधित मुआवजा भुगतान, मानदेय भुगतान, संबंधित नागरिकों के व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को कार्रवाई करने हेतु भेजने का निर्देश दिया गया।

### कुएं से एक व्यक्ति का शव बरामद

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नाथपुर गांव में सोमवार की देर रात 10 बजे घाघरा पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया। घटना के बाबत नाथपुर ग्राम निवासी सुरेंद्र लोहरा ने मंगलवार को बताया कि मृतक का नाम अनिल लोहरा है। मैं उसका मौसा हूं। अनिल बिशुनपुर के हेलता गांव का रहने वाला है। बीते गुरुवार को अनिल लोहरा नशे की हालत में नाथपुर मेरे घर पहुंचा था और वह जगनू टोली जाने की लगातार बात कह रहा था। लेकिन नशे के हालत के कारण उसे खाना खिला कर घर में सुलाया गया। वह गुरुवार की रात कब निकला इसकी किसी को जानकारी नहीं हुई। सोमवार की देर शाम गांव के ही जतरा उरांव के कुआं में उसका शव देखा गया जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा पुलिस को दी गई।

### बसिया में व्यापारी से 40 हजार रुपये की छिनतई


**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत तेतरा गांव में मंगलवार को अज्ञात अपराधियों ने एक व्यापारी से लगभग 40 हजार रुपये की छिनतई कर फरार हो गये। इस संबंध में व्यापारी मोनु कुमार सिंह ने बताया कि मैं बाजार के दिन तेतरा गांव के समीप धान, मडुआ, उड़द आदि खरीद बिक्री करता हूं। मंगलवार को भी मैं दुकान लगाया था, तभी दिन के लगभग 12:30 बजे एक मोटरसाइकिल में सवार तीन लोग जिसमें सभी ने अपने चेहरे को तौलिये से बांध रखा था आये और मुझे डरा-धमका कर पैसों से भरा थैला छीन कर ले गए। हालांकि समाचार लिखे जाने तक थाने में किसी तरह का मामला दर्ज नहीं कराया गया था।

## छतरपुर के फुलवारी मैदान में मनायी गयी जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती



**छतरपुर(पलामू)** नगर पंचायत मुख्यालय स्थित फुलवारी मैदान में जननायक कपूरी ठाकुर की 99वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर के अध्यक्ष मोहन जायसवाल, युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, सेवानिवृत्त शिक्षक रामदेनी यादव, शिक्षक अरुण ठाकुर, राष्ट्रीय नाई सभा के अनुमंडलीय अध्यक्ष दुर्गा ठाकुर, राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष लवलेश यादव, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अर्जुन ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को मोहन जायसवाल,अरविंद गुप्ता,अर्जुन ठाकुर,लवलेश यादव सहित कई लोगों ने सम्बोधित किया और कहा कि हमें जननायक कपूरी ठाकुर के सिद्धांतों को अपना कर समाज को एक दिशा देने की जरूरत है तभी हम शोषण मुक्त समाज बना सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय नाई सभा के आलोक ठाकुर ने और अध्यक्षता नाई सभा के अनुमंडलीय अध्यक्ष दुर्गा ठाकुर ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय नाई महासभा के कार्यकर्ता मनोज ठाकुर,गुरु ठाकुर,मनोज ठाकुर,गुड्डू राम,नंदन ठाकुर, दिनेश ठाकुर, बच्चन ठाकुर,सुरेश ठाकुर तथा प्रखंड के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## स्पेशल चेकिंग स्क्वॉड के सीआइटी बने बीएम पांडेय, पूर्व सीआइटी बी गंझू से लिया प्रभार



**मेदिनीनगर आजाद सिपाही।** वरिष्ठ टीटी इंसेक्टर बीएम पाण्डेय की दक्षता और कार्य क्षमता को देखते हुए रेलवे के आलाधिकारियों द्वारा स्पेशल चेकिंग स्क्वायड का सीआईटी बनाया गया है। निवर्तमान सीआईटी बी. गंझू से प्रभार ग्रहण करने के बाद श्री पाण्डेय ने अपने आलाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपनी क्षमता के अनुसार अपने दायित्वों के निर्वहन में कोई कोताही नहीं करेंगे। हमारी पहली प्राथमिकता यात्रियों की सुविधा का भरपूर ख्याल रखते हुए अपनी पूरी ऊजार्वान टीम के साथ रेलवे के राजस्व के उपार्जन करने का जी तोड़ प्रयास करेंगे। ताकि जिन उम्मीदों को लेकर रेलवे के वरीय अधिकारियों ने दायित्व सौंपी है उस पर खरा उतरा जा सके। श्री पाण्डेय को सीआईटी बनने पर उनके शुभचिंतकों एवं सहकर्मियों ने उन्हें बधाई देते हुए इसके लिए रेल के वरीय अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## सामाजिक न्याय के योद्धा थे कर्पूरी ठाकुर : बच्चन ठाकुर



**पांकी (पलामू) आजाद सिपाही।** राष्ट्रीय नाई महासभा इकाई के तत्वाधान में मंगलवार को पांकी कपूरी ठाकुर चौक पर जननायक कपूरी जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय नाई महासभा पलामू के जिला अध्यक्ष प्रो. बच्चन ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी लाल सूरज, एवं पांकी पूर्वी के पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा के झारखंड महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। मौके पर प्रो. बचन ठाकुर ने कहा कि जननायक कपूरी जी जीवन भर राजनीति को जनसेवा के रूप में अपनाएं और गरीबों एवं वंचितों को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किये। समाज को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने देश एवं समाज हित में एक से बढ़कर एक काम किया। श्री ठाकुर ने कहा कि पिछड़ों एवं दलितों के मसीहा थे। जननायक कपूरी ठाकुर का पांकी में जब आदम कद प्रतिमा लगाया जा रहा था कुछ सामंतवादी विचारों के लोग विरोध कर रहे थे। सामंतवादी ताकतों के खिलाफ जमकर आंदोलन चलाया गया। श्री ठाकुर ने कहा कि इन्हे भारत रत्न मिलना चाहिए। भाजपा नेता लाल सूरज ने कहा कि गरीब शोषित पीड़ित के आवाज थे जननायक कपूरी ठाकुर। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी आम लोगों की सेवा में ही लगा दिया। आज जरूरत है लोगों को उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की। पांकी पूर्वी की पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा की महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर एक गरीब परिवार में पले बढ़े और एक सर्वोच्च पद पर जा पहुंचे और देश का नाम रोशन किये। आज उन्हीं के बताए हुए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर पलामू जिला के नाई समाज के उपाध्यक्ष अमलेश ठाकुर, इंजीनियर चंद्रशेखर ठाकुर, संजय ठाकुर, सुदेश्वर ठाकुर, सुनील ठाकुर, रंजय ठाकुर, लवकुश ठाकुर,पंकज ठाकुर,अरुण ठाकुर,अखिलेश ठाकुर, युवा समाजसेवी अनूप गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### कर्पूरी ठाकुर को विधायक कमलेशसिंह ने दी श्रद्धांजलि

# प्रतिमा स्थल के सुंदरीकरण के लिए 2.5 लाख देने की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद :** कपूरी मैदान हुसैनाबाद में जननायक कपूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कपूरी ठाकुर की जयंती मनायी। उन्होंने सर्वप्रथम उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए विधायक कोटा से 2.5 लाख देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी, 1924 को बिहार के समस्तीपुर जिला स्थित पितौंझिया गांव में हुआ था। कपूरी ठाकुर बिहार में एक बार उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रहे। इसके साथ ही वे दशकों तक विधायक और विरोधी दल के नेता रहे। उन्होंने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर गरीबों की आवाज बन कर उभरे थे। कपूरी ठाकुर 1971 में मुख्यमंत्री बनने के बाद किसानों को बड़ी राहत देने का काम किया था। वह अपने सम्पूर्ण जीवन काल में समाज के दबे पिछड़ों के हितों के लिए काम करते रहे। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने राज्य के सभी विभागों में हिंदी में काम करने को अनिवार्य बना दिया था। इतना ही नहीं उन्होंने राज्य सरकार के कर्मचारियों के समान वेतन आयोग को राज्य में भी लागू करने का काम सबसे पहले किया था। उन्होंने कहा कि कपूरी ठाकुर के आदर्शों पर चलकर ही गरीबों दलितों का कल्याण संभव है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह गुडु सिंह, इम्तेयाज आलम, कामाख्या संतोष ठाकुर, राहुल ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, नकुल ठाकुर, दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर,विश्वनाथ ठाकुर, भिखारी ठाकुर, सुदेश्वर राम, बैरिस्टर सिंह, सत्यनारायण ठाकुर,महेश ठाकुर, सुमेर ठाकुर, शक्ति ठाकुर, किशोर ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित रहें।



जननायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक व अन्य

# डीसी एवं एसपी ने संयुक्त रूप से परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पुलिस लाइन स्टेडियम में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर मंगलवार को परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास में डीसी अंजनेयुलू दोड्डे और एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही पूर्वाभ्यास परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न टुकड़ियों आकर्षक एवं भव्य परेड का स्वरूप प्रदर्शित किया। डीसी अंजनेयुलू दोड्डे ने कहा कि गणतंत्र दिवस को लेकर परेड पूर्वाभ्यास किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस जवानों की ओर से यहां परेड की तैयारियां बेहतर तरीके से की गई है। परेड के दौरान किसी प्रकार की त्रुटिया न रहे, इसके लिए कमियों को यथाशीघ्र दूर किया जा रहा है। अंतिम दिन के परेड की रिहर्सल के पूर्व पुलिस लाइन स्टेडियम में ध्वजारोहण समारोह के लिए पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है। मैदान की साफ-सफाई स्टेज डेकोरेशन एवं रंगरोगन का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने परेड में भाग ले रहे प्लाटून का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पलामू में परेड सुंदर व खूबसूरत दिखेगी।साथ ही उन्होंने सभी टुकड़ियों को पूरे स्वाभिमान व गर्व के साथ परेड में भाग लेने की सीख दी। उन्होंने परेड में शामिल सभी टुकड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि ऐसे ही 26 जनवरी को परेड सुंदर और खूबसूरत दिखे इसके लिए आप सभी अपना शत प्रतिशत देंगे।पूर्वाभ्यास परेड के मौके पर नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह, जनसंपर्क उपनिदेशक-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आनंद सहित जिला प्रशासन के पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।



# सबकी योजना, सबका विकास अभियान को लेकर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

### आम सहभागिता से होगा ग्राम पंचायत का सर्वांगीण विकास : प्रखंड प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2022-23 के अंतर्गत पंचायती राज पंचायत प्रतिनिधियों तथा ब्लॉक कर्मियों का प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रमुख राजकुमारी देवी,उप प्रमुख इंदु देवी व पंचायत प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि आम सहभागिता के बिना ग्राम पंचायत का विकास संभव नहीं है। विकास की रूपरेखा तैयार करने के लिए आम जनता की सहायता जरूरी है। स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर एक सुविचारित ग्राम पंचायत विकास योजना समुदायों की समावेशी प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस पहल के तहत, ग्राम पंचायतों को सभी बाहरी व आंतरिक संसाधनों का उचित प्रबंधन करते हुए लोगों की मंजूरी के साथ एक जीपीडीपी विकसित करनी चाहिए। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत विकास योजना जन योजना अभियान-2023 के उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों के स्थायीकरण के लिए चिन्हत विषय, सकारात्मक वातावरण, निर्माण योजना, निर्माण प्रक्रिया, अभिशरण के माध्यम से योजना निर्माण के बारे में विस्तृत रूप से पंचायती राज प्रखंड समन्वयक राजू रंजन के द्वारा बताया गया । इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मुख्य रूप सें मुखिया बिनोद कुमार सिंह,अमरेंद्र कुमार ठाकुर,नरेश पासवान, सरिता कुमारी,आत्मेश कुमार सिंह,मुखिया पति रामलखन यादव, प्रशांत कुमार सिंह,रामजी राम, बिमलेश पासवान, बिजय राम, सहित सभी मुखिया, पंचायत सचिव वशिष्ठ तिवारी, जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील कुमार ,कम्प्यूटर ऑपरेटर सोनी आदि उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड प्रमुख व पंचायत प्रतिनिधि

# कर्पूरी की जयंती पर राजद ने जागरूकता का लिया संकल्प



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज(पलामू)** हरिहरगंज न्यू बस स्टैंड के स्थित राष्ट्रीय जनता दल पार्टी कार्यालय में मंगलवार को महान स्वतंत्रता सेनानी पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की 99 वीं जयंती मनायी गयी। इस दौरान राजद के हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र यादव के नेतृत्व में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जहां उनके चित्र पर राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राजद के वरिष्ठ नेता बुधन सिंह यादव, अशोक जायसवाल ने जननायक कपूरी ठाकुर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। वहीं कार्यकर्ताओं ने भारतीय संविधान की रक्षा को लेकर पंचायत से बूथ स्तर पर लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। इस मौके पर शंकर यादव, राजकुमार गुप्ता, बच्चन पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## हवन और भंडारे के साथ पांच दिवसीय वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम संपन्न



**मेदिनीनगर।** स्थानीय कश्यप मुहल्ला सत्संगी चौक स्थित मनोकामना सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर के गुम्बज का निर्माण परशुराम सेना के संगरक्षक सह समाजसेवी अर्जुन पाण्डेय ऊर्फ गुरू पाण्डेय द्वारा कराया जायेगा। इसकी घोषणा उन्होंने रविवार को उस समय की जब वे मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के तहत मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय कार्यक्रम के चौथे दिन यहां पहुँचे थे। उन्होंने कहा कि आनेवाले दो चार दिनों में ही मंदिर के गुम्बज निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। इस दौरान उन्होंने मंदिर में मत्था टेका और पूजा कार्यक्रम के मुख्य आचार्य मारुती नंदन जी महाराज से आशीर्वाद लिया। गौरतलब हो कि उक्त मंदिर का 15वां वार्षिकोत्तसव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पर पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। 12घंटे के अखंड कीर्तन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में कलश यात्रा,सुन्दर कांड का सामूहिक पाठ एवं नगर शांति के निमित श्री दुर्गा शप्तसती का पाठ आदि आयोजित किये गए। इस दौरान सम्पूर्ण वातावरण वैदिक मन्त्रोंच्चारण की गूंज से भक्तिमय बना रहा। आज पूजा कार्यक्रम की पूणार्हुति हवन के साथ की गई। इसमें मुख्य यजमानों के साथ स्थानीय भक्तों ने हवन में अपनी आहुति दिए। इसके उपरांत भव्य भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में महिला -पुरुष श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। इस वार्षिकोत्तसव कार्यक्रम पर आयोजित पूजा-पाठ बनारस से आये विद्वान आचार्य मारुतीनन्दन जी महाराज के नेतृत्व में पांच युवा ब्राह्मणों द्वारा किया व कराया गया। पूजा के मुख्य यजमानों में दीपलाल प्रसाद कश्यप, प्रमोद कश्यप एवं दीपक कश्यप सपत्निक शामिल थे। कार्यक्रम को लेकर हनुमान मंदिर की आकर्षक सजावट की गयी है।

## गरीबी के कारण आवाज नहीं दबेगी : बंटी सिंह



**सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही)** सोशल मीडिया पर अपने गाने ए मेरे वतन के लोगों से ट्रेंड कर रही वायरल गर्ल अंकिता उरांव को जमशेदपुर के समाजसेवी बंटी सिंह ने मोबाइल फोन उपलब्ध कराया है। आपको बता दें की अंकिता उरांव पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड के स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय सोहड़ीखास की छात्रा है। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में रिहर्सल कर रही छात्रा का वीडियो सोशल मीडिया पर समाजसेवी अतुल कुमार और अर्पण गुप्ता ने डाला था। जिनके ट्विटर हैंडल पर समाजसेवी बंटी सिंह ने लिखा कि बहन की आवाज पूरी दुनिया सुनेगी और जल्द ही उसको मोबाइल फोन उपलब्ध कराया जाएगा और इसी कड़ी में आदिवासी छात्रा अंकिता उरांव को मोबाइल फोन उपलब्ध कराया गया। जिसकी कीमत करीब 12 हजार रुपए हैं और उनको आशीर्वाद देते हुए जमशेदपुर के समाजसेवी बंटी सिंह ने कहा कि गरीबों की आवाज दुनिया सुनेगी। गरीबी विकास में बाधा कभी नही बनेगी। बहन अच्छे से रियाज करे,पढ़ाई करे और आगे बढ़े।

## स्पोर्ट्स



कंबाइंड मीडिया को हराकर टाइम्स आफ इंडिया की टीम पहुंची सेमी फाइनल में

# शुभमन गिल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किये 2,000 रन



**इंदौर,** भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 2,000 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।23 वर्षीय गिल ने इंदौर के होल्कर स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। गिल ने महज 78 गेंदों में 143.58 की स्ट्राइक रेट से 112 रनों की पारी खेली। इस दौरान गिल ने 13 चौके और पांच छक्के लगाए। गिल ने 37 मैचों की 49 पारियों में 47.62 की औसत से 2048 रन बनाए हैं। उन्होंने 208 के सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पांच शतक और नौ अर्द्धशतक बनाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में, गिल ने 13 मैचों में 25 पारियों में 32.00 की औसत से 736 रन बनाए हैं। 110 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ, उनके प्रारूप में एक शतक और चार अर्धशतक हैं।गिल ने 21 वनडे में 1,254 रन और इतनी ही पारियों में 73.76 की औसत से रन बनाए हैं। उन्होंने 208 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ प्रारूप में चार शतक और पांच अर्धशतक बनाए हैं। बल्लेबाज ने भारत के लिए तीन टी 20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने तीन मैचों में 19.33 की औसत से 46 के सर्वश्रेष्ठ के साथ 58 रन बनाए हैं। गिल वनडे में वर्ष 2023 में छह पारियों में 113.40 की औसत से 567 रन बनाए हैं। इस साल उनके नाम तीन वनडे शतक और एक अर्धशतक है, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 208 है।इस मैच में, 23 वर्षीय गिल तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बन गए हैं। गिल ने कीवी के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के तीन मैचों में 180 की औसत से 360 रन बनाए। इस श्रृंखला में उनके दो शतक हैं, जिसमें 208 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इससे पहले विराट कोहली ने एक वनडे सीरीज में किसी भारतीय द्वारा सबसे ज्यादा रन बनाए थे। उन्होंने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 283 रन बनाए थे, जिसमें दो शतक और 166 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी शामिल था।

गिल पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है, जिन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 360 रन बनाए थे, उन्होंने प्रत्येक मैच में एक शतक लगाया था। मैच की बात करें तो भारत ने ओपनर शुभमन गिल (112) और रोहित (101) के बेहतरीन पारियों की बदौलत 50 ओवर में 9 विकेट पर 385 रन बनाए हैं।

# जरूरतमंद मरीजों के परिजन भी करें रक्तदान : नवीन तिवारी

### सफल हो रहा है धीरज का रक्तदान, जागरूकता अभियान दिवाकर दुबे ने किया रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रमंडलीय संरक्षक अधिवक्ता दिवाकर दूबे ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में सोमवार को मझिंआंव प्रखंड अंतर्गत खरसोता निवासी स्व.प्रभू साव की धर्मपत्नी अनिता कुंअर को रक्तदान किया। श्री दुबे ने बताया कि प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में वो रक्तदान करते हैं। इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी ने कहा कि युवा वाहिनी लगातार रक्तदान के क्षेत्र में जागरुकता अभियान चला रही है। रक्तदान महादान है और किसी का जीवन बचाने से बड़ा कोई धर्म नहीं है। वहीं रक्तदान के क्षेत्र में रक्तदान जागरुकता अभियान चला रहे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा ने लोगों से अपने जन्मदिन या अन्य समारोह में इस तरह के रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान है। रक्तदान में सभी लोगों को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज,कोर कमेटी सदस्य संजय मिश्रा, अनुशासन कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी,प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, रवि ओझा,प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी व जिलाध्यक्ष पंडित विकास दूबे सहित कई सदस्य मौजूद थे।



## गोमिया के प्रवासी मजदूर संतोष महतो की मुंबई में संदिग्ध परिस्थिति में मौत



चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)। झारखंड से देश के दूसरे राज्यों में काम की तलाश में पहुंचे प्रवारी मजदूरों के मौत का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। बोकारो, गिरिडीह व हजारीबाग के बाद अब सोमवार की रात गोमियां प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र निवासी 21 वर्षीय एक मजदूर की मुंबई में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान संतोष कुमार महतो के रूप में हुई है। वह हुरलुंग करमाटांड का रहने वाला था। वह मुंबई के अंधेरी में पलायन की भेंट चढ़ गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि संतोष 2019 से मुम्बई के अंधेरी इस्ट स्थित अरासा रेस्टोरेंट में काम कर रहा था।जहां सोमवार रात को संदिग्ध स्थित में मौत हो गयी। मौत के कारणों का सही पता नहीं चल पाया हैं। बताया गया कि सोमवार की दोपहर फोन पर उसने अपनी मां से बात कर बैंक खाता नंबर मांगा था। बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करने की बात कही थी, लेकिन इसी बीत मौत की खबर आ गई। रेस्तरां मालिक ने मृतक के परिजनों को बताया कि संतोष ने फांसी लगा ली है। इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हितार्थ में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकंदर अली ने परिवार के प्रति संवेदना प्रकट किया है।

## झरिया में व्याप्त जल समस्या के समाधान को लेकर झरिया विधायक ने झमाडा निदेशक के साथ की बैठक



धनबाद (आजाद सिपाही)। झरिया में व्याप्त जल समस्या के निराकरण को लेकर मंगलवार को नगर आयुक्त सह प्रभारी प्रबंध निदेशक झमाड़ा सतेंद्र कुमार के कार्यालय कक्ष में विशेष बैठक हुई। जिसमें झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, जेएमसी के मुख्य प्रबंधक सीएच रमेश, पीएमसी के अधिकारी, एसडीओ माडा और जेई आदि शामिल हुए। बैठक में जल संकट से निदान को लेकर गंभीरता चर्चा हुई। जिसमें दामोदर जल संयंत्र जामाडोबा को 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, बिजली विभाग को विद्युत का बकाया राशि का शीघ्र भुगतान करने और बकाया भुगतान के 15 दिनों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्थित किए जाने, जामाडोबा फिल्टर प्लांट में नया मोटर लगाने, जल उपभोक्ताओं के बिल में निहित विसंगति को दूर करते हुए जल्द ऑनलाइन जलदर बिल जनरेट कर उपलब्ध करवाने आदि पर सहमति बनी। बताया गया कि शहरी जलापूर्ति योजना के तहत नि:शुल्क 32000 जल कनेक्शन उपभोगताओ को दिया जाना है। जबकि जेएमसी द्वारा एक माह के अंदर झरिया बाजार में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में विधायक प्रतिनिधि केडी पांड, सूरज सिंह माडा के अधिकारी और जेएमसी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बोकारो पहुंचे राज्यसभा सांसद खीरू महतो का हुआ नागरिक अभिनंदन



बोकारो (आजाद सिपाही)। जनता दल यूनाइटेड के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो का रविवार को पार्टी के के जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो के नेतृत्व में जैनामोड़ जिला आवासीय कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। इनके साथ प्रदेश के महासचिव सरवन कुमार और राज्यसभा सांसद के निजी सचिव संजय सिंह का भी अभिनंदन किया गया। जहां डॉ सुशील कुमार सियाराम ठाकुर, नवीन कुमार महतो, विनय कुमार सिंह, चंडी कुमार प्रजापति, सुधीर उपाध्याय , रविंद्र कुमार शर्मा, बसंत नारायण, मुन्ना खान, मनोहर प्रसाद बरनवाल, सुखराम मांझी, नंद लाल प्रजापति, रोहित कुमार जयसवाल और जगन महतो आदि उपस्थित थे। बोकारो जाने के क्रम में सिवनडीह में भी नूर आलम की अगुवाई में स्वागत किया गया। इसके बाद सांसद सेक्टर 12 पहुंचे, जहां जननायकपूर्री ठाकुर जी की जयंती पर उनके आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कहा कि उनके आदर्शों एवं उनके विचारों को आत्मसात करना चाहिए। तभी राज्य एवं देश का भला हो सकता है। ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी को कोटि-कोटि नमन। इस मौके पर राजा पांडे, कृष्णा सिंह, ललन प्रसाद, प्रेम कुमार रोशन, शुभम कुमार, सुधीर कुमार, मोहन ठाकुर, सौरभ कुमार, विपिन गोस्वामी, रामप्रीत यादव, गोपाल गोस्वामी, अमरजीत यादव, महेंद्र ठाकुर, सुधीर रजक, मनोहर सिंह, शेखर सिंह, धर्मेंद्र कुमार, रूपेश यादव, शंकर गोस्वामी, केशव गोस्वामी, गोपाल गोस्वामी, रामचंद्र ठाकुर, ओम प्रकाश यादव, राजेश यादव, गौतम गोस्वामी, हरेंद्र गोस्वामी, मनोज ठाकुर, पप्पू ठाकुर, संजय ठाकुर, गणेश गोस्वामी, काशीनाथ गोस्वामी और चक्रधर रजवार आदि उपस्थित थे।

## बोकारो स्टील प्लांट ने भिलाई में आयोजित प्रतिष्ठित सेल स्वर्ण जयंती क्विज जीता



बोकारो (आजाद सिपाही)। भिलाई में आयोजित प्रतिष्ठित सेल स्वर्णजयंती क्विज को बोकारो स्टील प्लांट ने जीत लिया है। इस स्पर्धा के लिए बीएसएल की टीम का प्रतिनिधित्व देवव्रत चौधरी जीएम/एचएसएम और राजीव गौतम जीएम आई/सी मार्केटिंग ने किया। सोमवार को विजेता टीम को अधिशासी निदेशक (एमएम एवं अतिरिक्त प्रभार पी एंड ए) अमिताभ श्रीवास्तव द्वारा सम्मानित किया गया। टीम ने उन्हें इस स्पर्धा और बीएसएल की उपलब्धि के बारे में जानकारी दी। सीजीएम/एचआरडी मनीष जलोटा भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इस मेगा क्विज का आयोजन सेल की स्वर्ण जयंती कि पृष्ठभूमि में किया गया था। ग्रैंड फिनाले में 12 टीमें थीं। 5 एकीकृत इस्पात संयंत्रों (बीएसएल, बीएसपी, आरएसपी, डीएसपी, आईएसपी) से 2 टीमें और सीओ, एमटीआई, आरडीसीआईएस और सीएमओ से अन्य दो टीमें थीं। दो सेमीफाइनल राउंड हुए। सेमीफाइनल के बाद 6 टीमों ने ग्रैंड फिनाले के लिए क्वालीफाई किया। भव्य और रोमांचक फाइनल में बोकारो स्टील प्लांट को इस प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया। डीएसपी (दुगार्पुर) टीम प्रथम उपविजेता रही, जबकि आरएसपी (राउरकेला) टीम द्वितीय उपविजेता रही। विजेताओं को ट्राफियां, प्रमाण पत्र और अन्य उपहार प्राप्त हुए। गौरतलब है कि हर केंद्र पर जोनल राउंड होते थे और ग्रैंड फिनाले के लिए उस जोनल राउंड के विजेताओं का चयन किया जाता था। बोकारो में, जोनल राउंड 7 जनवरी को आयोजित किया गया था और 40 टीमों में विजेता श्री देवव्रत चौधरी जीएम/एचएसएम और श्री राजीव गौतम जीएम आई/सी मार्केटिंग थे। प्रश्नोत्तरी सेल की पृष्ठभूमि और इतिहास, वैश्विक और भारतीय इस्पात परिदृश्य, पर्यावरण, कार्बन फुटप्रिंट, इस्पात उद्योग में डिजिटलीकरण के मुद्दों, भारत और दुनिया में इस्पात उद्योग के भविष्य, व्यापार और प्रबंधन से संबंधित समसामयिक मामलों आदि पर आधारित थी।

## मनोज यादव हत्याकांड का 24 घंटे में पुलिस ने किया उद्भेदन

# दो महिला व दो शूटर समेत पांच गिरफ्तार

## हत्याकांड में शामिल दो अन्य आरोपित फरार, तलाश में जुटी पुलिस

**हत्या में इस्तेमाल पिस्टल और सुपारी की रकम भी बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कतरास के कैलूडीह में रविवार को दिनदहाड़े मनोज यादव नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जांच में उतरी पुलिस ने हत्याकांड के 24 घंटे के भीतर ही मामले का उद्भेदन करते हुए दो महिलाओं समेत कुल पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें दो शूटर भी शामिल हैं। इसकी जानकारी एसएसपी संजीव कुमार ने दी। वे मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मनोज की हत्या आपसी रंजिश के कारण की गई। दो आरोपित फरार भी हैं, जिसकी तलाश जारी है।



हत्याकांड में शामिल आरोपितों की जानकारी देते एसएसपी व अन्य।

### वर्चस्व को लेकर की गयी हत्या

एसएसपी ने बताया कि घटना के बाद सिटी एसपी के नेतृत्व में टीम गठन कर मामले की छानबीन शुरू की गई। जिसके बात पता चला कि क्षेत्र में वर्चस्व को लेकर हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि छह महीने पहले ही विकास बजरंगी जेल से बाहर आया था। अपने पुराने वर्चस्व को बरकरार रखने के लिए मनोज की हत्या करा दी। हत्याकांड को अंजाम देने के लिए दो शूटरों की मदद ली गई। उनके पास से हत्या के लिए इस्तेमाल की गई पिस्टल, रुपारी की दो लाख रुपये की रकम के साथ ही नौ मोबाल फोन भी बरामद किया गया है। फिलहाल दूसरी बाइक व उसपर सवार दो लोगों की तलाश की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि अनु यादव और सिद्दीक आलम के कहने पर गिरफ्तार महिला सारा और जहांआरा ने ही मनोज को फोन कर बुलाया था, जबकि मोलू उर्फ प्रकाश कुमार और गौतम यादव ने गोली मारी थी। वहीं, विकास बजरंगी हत्या का मुख्य साजिशकर्ता था। इस, मौके पर ग्रामीण एसपी रेशमा रमेशन और कतरास थानेदार रणधीर सिंह आदि मौजूद थे।

## सरकार की पहल पर ब्रजेंद्र सिंह ने गरीब व जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



धनबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के सौजन्य से मंगलवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन व धनबाद जिला 20-सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह के हाथों बढ़ती ठंड को देखते हुए पोलीटेक्नीक और हरिजन बस्ती के सैकड़ों जरूरतमंद व असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार गरीबों की सरकार है। बढ़ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए पूरे राज्य में द्वारा जरूरतमंद गरीबों असहायों के बीच निरंतर कंबल वितरण किया जा रहा है। कहा कि हेमंत सरकार राज्य की सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पिच है? वहीं, राजेश सरकार ने कहा कि इतने कम समय में कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार कर सरकार ने एक मिसाल कायम किया है। हेमंत सरकार राज्यहित में की जा रही कार्यों एवं कृषि, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, किसान से संबंधित योजनाओं, महिलाओं का सशक्तिकरण जैसे अनगिनत कार्यों के प्रति गंभीर है। सरकार का प्रयास है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को सुनिश्चित रुप से मिले, इसी कड़ी में महागठबंधन की हेमंत सरकार ने आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ कर ऐतिहासिक कार्य किया है। इस मौके पर पप्पू कुमार तिवारी, प्रभाकर नोनिया और सत्यनारायण चौहान आदि उपस्थित थे।

## मुखिया ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



तेनुघाट (आजाद सिपाही)। सरहचीया पंचायत के शिविर संख्या दो में मंगलवार को मुखिया बिंदु देवी और पंचायत समिति सदस्य गुड़िया सिंह ने पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। बतातें चलें कि एक लाख 18 हजार 527 रुपये की लागत से शिविर संख्या दो से सरहचीया को जोड़ने वाली पीसीसी पथ का निर्माण होना है। इस मौके पर देवदत्त पंडा, धनंजय सिंह, नरेंद्र सिंह, राजन कुमार, अशोक यादव आदि उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा को लेकर निरसा, सिंदरी, बलियापुर व चिरकुंडा थाने में शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा/सिंदरी।** 26 जनवरी एवं सरस्वती पूजा एक ही दिन होने को लेकर सोमवार को निरसा एवं चिरकुंडा थाने में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता निरसा बीडीओ विकास राय और चिरकुंडा थाने में ग्यारकुड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार ने की। इसमें शांति समिति के सदस्यों के अलावे दर्जनों सरस्वती पूजा समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में सरस्वती पूजा को लेकर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा दी गई सख्त हिदायतों व प्रतिबंधों से अवगत कराया गया। निरसा बीडीओ ने कहा कि सरस्वती पूजा ज्ञान की देवी हैष इसे धर्म से ना जोड़ें। कहा कि डीजे बजाने पर पूर्णतया प्रतिबंध है। इसके बाबजूद कोई डीजे बजाते पकड़ा गया तो उस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### पंडालों में अश्लील गाने नहीं बजाने की अपील

पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने बच्चों को समझाएं की स्वेच्छा से दिए जाने वाले चंदा को स्वीकार करें। चंदा को लेकर किसी प्रकार के झगड़े में ना पड़ें। पंडाल में अश्लील गाना नही बजेगा। प्रतिमा विसर्जन प्रशासन की ओर से तय सीमा में करना अनिवार्य होगा। किसी भी अप्रिय घटनाया इसकी संभावना दिखे तो तुरंत मैथन पुलिस को सूचना दें। बैठक में शामिल दोनों थानों में निरसा थाना प्रभारी दिलीप कुमार यादव, चिरकुंडा थाना सुनील कुमार सिंह, चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष, डीएन यादव, रिंकू भट्टाचार्य, प्रमुख आशा कुमारीदास, रोबिन धीवर, इत्यादि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



### सरस्वती पूजा में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

सरस्वती पूजा को लेकर बलियापुर थाना में मंगलवार को थाना प्रभारी पंकज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी व बीडीओ अमित कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। 27 और 28 जनवरी तक हर हाल में प्रतिमा विसर्जन करना होगा। लोग शांतिपूर्ण तरीके से पूजा का समापन करें। उपद्रवी गतिविधि से दूर रहें। ऐसे तत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी। शराब व मादक पदार्थ का सेवन कर प्रतिमा विसर्जन में न जाएं। किसी प्रकार की अफवाह फैलती है तो उसकी जानकारी शीघ्र थाना को दें। इस दौरान बैठक में सांसद प्रतिनिधि घनश्याम ग्रोवर, जिप सदस्य संजय महतो, मुखिया पति कन्हाई बनर्जी, मुखिया पति समीर मुर्मू, पूर्व मुखिया अनवर अली खान, मोहम्मद सिराज खान, मुखिया उत्तम चौबे, मुखिया विजय गोराई, मुखिया संजय गोराई, मुखिया गणेश महतो, शैलेन मंडल, भाजपा नेता आशीष मुखर्जी, मुखिया मनोज सिंह और सीमा देवी आदि उपस्थित थे।

## झामुमो प्रखंड कमेटी ने की स्थापना दिवस को लेकर बैठक, बनायी रणनीति

# स्थापना दिवस में बाघमारा की होगी महत्वपूर्ण भूमिका: अजमूल अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** धनबाद में चार फरवरी को झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी में बाघमारा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायत के झामुमो कार्यकर्ता जुटे हैं। मंगलवार को इसे लेकर महुदा के बह्मा मंदिर में झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। जिसमें स्थापना दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में बाघमारा झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में महुदा जॉन पंचायत कमेटी का गठन भी किया गया किया। बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी ने कहा कि कोरोना काल के बाद इस बार का स्थापना दिवस ऐतिहासिक बनाने की तैयारी चल रही है। बाघमारा के हर एक पंचायत से लेकर जिला तक के कार्यकर्ता व समर्थक हजारों की संख्या में शामिल होने के बाद धनबाद जायेंगे। इसमें बाघमारा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क के साथ लोगों से जुटने की अपील करने की बात कही। इस मौके पर प्रखंड सचिव रंजीत महतो, धीरेंद रवानी, हलीम अंसारी, ज्योति लाल महतो, कार्तिक महतो, नीलकंड गोस्वामी, अब्दुल रज्जाक, अरशद मलिक, विजय महतो, मनोज महतो आदि उपस्थित थे।



झामुमो के स्थापना दिवस को लेकर बैठक करते नेता-कार्यकर्ता।


## व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग

### विज्ञापन सं0 : 01/2023

1. व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग में रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से विहित पत्र मे स्वहस्तलिखित आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।
2. रिक्तियों की विवरणी निम्नांकित है:–

| क्रम संख्या | पदनाम | (रिक्त पदों की संख्या श्रेणी अनुसार) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | पिछड़ा वर्ग | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | कुल रिक्त पद |
| 1. | पियून/आदेशपाल | 65 | 23 | 00 | 05 | 00 | 00 | 93 |
| 2. | चालक | 03 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 04 |
| 3. | दफ्तरी | 02 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 03 |
| 4. | माली | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 5. | स्वीपर | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 01 |

3 .शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान :– पदों की शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान निम्न है:–

| क्रम संख्या | पदनाम | वेतनमान | योग्यता | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पियून/आदेशपाल | 18,000 – 56,900/– लेवल–1 | मैट्रिक अथवा समकक्ष | स्क्रीनिंग टेस्ट एवं साक्षात्कार के आधार पर सीधी भर्ती। |
| 2. | चालक | 19,900 – 63,200/– लेवल–2 | मैट्रिक अथवा समकक्ष तथा हल्के मोटर वाहन के ड्राइविंग लाइसेंस के साथ। | ड्राइविंग नियमों में वर्णित स्क्रीनिंग टेस्ट के आधार पर सीधी भर्ती। |
| 3. | दफ्तरी | 18,000 – 56,900/– लेवल–1 | मैट्रिक एवं इस क्षेत्र में एक वर्ष का अनुभव। | कौशल परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर सीधी भर्ती। |
| 4. | माली | 18,000 – 56,900/– लेवल–1 | मैट्रिक एवं इस क्षेत्र में दो वर्ष के अनुभव के साथ विशेष कार्य में प्रशिक्षित। | कौशल परीक्षा/उपयुक्तता/साक्षात्कार/ आउटसोर्सिंग के आधार पर सीधी भर्ती। |
| 5. | स्वीपर | 18,000 – 56,900/– लेवल–1 | मैट्रिक एवं इस क्षेत्र में दो वर्ष के अनुभव के साथ विशेष कार्य में प्रशिक्षित। | कौशल परीक्षा/उपयुक्तता/साक्षात्कार/आउटसोर्सिंग के आधार पर सीधी भर्ती। |

4. उम्मीदवार भारत का नागरिक हो, मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, नैतिक चरित्र अच्छा हो एवं किसी आपराधिक आचरण वाले किसी मामले में वांछित या सजा याफ्ता न हो तथा विवाहित होने की स्थिति में उनका एक से अधिक जीवित पत्नी/पति न हो।
5. अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग (PwBD) एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) हेतु झारखण्ड सरकार द्वारा मान्य एवं निर्धारित अद्यतन आरक्षण नियम लागू होंगे। आरक्षण का दावा करने वाले उम्मीदवार का आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत होना चाहिए।
6. सरकारी नियमानुसार पद आरक्षित है। महिला, दिव्यांग एवं खेल–कूद कोटा के संदर्भ में नियमानुसार क्षैतिज आरक्षण का लाभ मान्य होगा।
7. उपरोक्त पदों पर उम्मीदवारों की उम्र सीमा दिनांक 01/08/2022 को कम से कम 18 वर्श तथा सामान्य जाति के लिए अधिकतम 35 वर्श, पिछड़ी जाति/अत्यंत पिछड़ी जाति के लिए अधिकतम 37 वर्श, महिलाओं के लिए अधिकतम 38 वर्ष तथा अनुसूचित जाति/जनजाति (पुरूश/महिला) के लिए अधिकतम 40 वर्श होनी चाहिए। (उम्मीदवार की उम्र सीमा एवं आरक्षण की सुविधा झारखण्ड राज्य द्वारा निर्धारित नियमावली के अनुसार होगी तथा आवेदक की सेवा शर्त व्यवहार न्यायालय नियमावली के अनुसार होगी।)
8. अपनी उम्र, शैक्षणिक तथा वांछित योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति एवं आरक्षित वर्ग के आवेदक आरक्षण से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें।
9. उम्मीदवार अपना स्वहस्तलिखित आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र देवनागरी लिपि में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हजारीबाग को संबोधित करते हुए विहित प्रारूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 28/02/2023 के अंदर तक स्वयं या निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा कार्य दिवस को प्रातः 10.30 बजे से शाम 05.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
10. आवेदक, आवेदन पत्र के साथ 3 अद्यतन पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ संलग्न करें, जिसमें एक आवेदन पत्र पर, दूसरा प्रवेश पत्र पर सटा रहना चाहिए एवं तीसरा अतिरिक्त होगा। स्व पता लिखा लिफाफा 25 से.मी. x 11 से.मी. (प्रवेश पत्र पर निर्गत करने हेतु) जिसपर 40/– रूपये का डाक टिकट सटा हुआ हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न हो।
11. महत्वपूर्ण निर्देश :–
    - I. आवेदन–पत्र के प्रपत्र 'क' एवं 'ख' के प्रारूप को पृथक पन्नों में आवेदन के साथ संलग्न करें। प्रपत्र 'क' के प्रारूप को हिंदी में भरें जो स्वहस्तलिखित एवं स्वहस्ताक्षरित हो। आवेदक प्रपत्र 'ख' को स्वहस्तलिखित प्रति में आवेदन के साथ संलग्न करें। प्रपत्र 'ख' की कंडिका 4 एवं 5 को छोड़कर अन्य कण्डिकाएँ आवेदक स्वयं भरें। आवेदन पत्र का प्रारूप व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग की वेबसाइट **https://districts.ecourts.gov.in/hazaribag** से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
    - II. आवेदकों को व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
    - III. उम्मीदवार एक आवेदन पत्र पर केवल एक ही पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।
    - IV. उपरोक्त वांछित सूचनाएँ किसी प्रकार से अपूर्ण होने पर अथवा वांछित प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं रहने पर उम्मीदवार का आवेदन किसी भी समय रद्द कर दिया जायेगा और तत्संबंधी किसी भी प्रकार का पत्राचार अमान्य होगा।
    - V. आवेदक का प्रवेश पत्र, जिसमें परीक्षा/साक्षात्कार का स्थान एवं तिथि अंकित होगा, उनके दर्शाये गऐ पते पर डाक द्वारा भेजा जायेगा।
    - VI. उम्मीदवार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी रूप से प्रभावित करने के प्रयास को उनकी अयोग्यता मानते हुए उनकी अभ्यर्थिता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जाएगी।
    - VII. लिफाफे के ऊपर विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम एवं श्रेणी बड़े–बड़े एवं साफ अक्षरों में लिखा जाना आवश्यक है।
    - VIII. वर्तमान विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
    - IX. परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
    - X. उपरोक्त पदों की संख्या घट बढ़ सकती है।
    - XI. आवेदन भेजने का पता (निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट या हाथों हाथ)

**सेवा में,**
**प्रभारी न्यायाधीश,व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग।**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग।

PR 288237 Law(22-23)D

# 'श्री जगन्नाथ यात्रा' के लिए भारत गौरव पर्यटक ट्रेन आज रवाना होगी

**गाजियाबाद, अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर और लखनऊ से भी यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** नयी दिल्ली भारतीय रेलवे के उपक्रम आईआरसीटीसी द्वारा, भारत गौरव पर्यटक ट्रेन को, श्री जगन्नाथ यात्रा के लिए चलाया जा रहा है। इस विशेष यात्रा में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उड़ीसा राज्यों के प्रसिद्ध धार्मिक और विरासत स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक साज सज्जा के साथ तैयार पूर्णतः वातानुकूलित भारत गौरव ट्रेन 25 जनवरी को दिल्ली सफदरजंग रेल्वे स्टेशन से रवाना होगी। आठ दिनों की यात्रा में देश के चारों धाम में से एक, श्री जगन्नाथ पुरी का दर्शन कराएगी। इसके अतिरिक्त वाराणसी, बैद्यनाथ धाम और गया का दर्शन भी यात्रा में शामिल होगा। इस ट्रेन पर सवार होने के लिए गाजियाबाद, अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर और लखनऊ रेल्वे स्टेशनों पर हाल्ट की सुविधा होगी।

दिल्ली से रवाना होकर यह ट्रेन यात्रा के दूसरे दिन वाराणसी पहुंचेगी जहां काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर एवं कोरिडॉर तथा गंगा घाट पर आरती का दर्शन किया जा सकेगा। वाराणसी से चल कर यह ट्रेन बैजनाथ धाम पहुंचेगी जहां ज्योतिर्लिंग मंदिर का भ्रमण कराया जायेगा। ट्रेन का अगला पड़ाव जगन्नाथ पुरी होगा जहां पर्यटकों को होटलों में दो रात्रि का विश्राम कराया जायेगा। साथ ही यहां दो दिनों के भ्रमण के दौरान पर्यटकों को जगन्नाथ पुरी धाम मंदिर व कोणार्क के प्रसिद्ध शिव मंदिर का दर्शन लाभ प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त भुवनेश्वर के कलिंग काल में निर्मित प्राचीन विरासत मंदिरों का भ्रमण भी बसों द्वारा कराया जायेगा। यह ट्रेन अपने अंतिम पड़ाव, बिहार स्थित गया धाम पहुंचेगी जहां विष्णुपद मंदिर का दर्शन कराया जायेगा। गया से चलकर आठवें दिन ट्रेन दिल्ली वापस पहुंच जायेगी। इस पूरी यात्रा के दौरान ट्रेन द्वारा लगभग 4000 किमी की यात्रा पूरी की जायेगी।

इस पूर्णतया वातानुकूलित पर्यटक ट्रेन में ऐसी तृतीय श्रेणी के कोच हैं। साथ ही आधुनिक किचन कार से निर्मित शाकाहारी स्वादिष्ट भोजन यात्रियों को उनकी बर्थ पर ही परोसा जायेगा। ट्रेन में यात्रियों के मनोरंजन एवं यात्रा की जानकारी आदि प्रदान करने हेतु इन्फोटेन्मेंट सिस्टम भी लगाया गया है। स्वच्छ शौचालय के साथ ही सुरक्षा गार्ड एवं सीसीटीवी कैमरे भी प्रत्येक कोच में उपलब्ध रहेंगे।

भारत गौरव पर्यक ट्रेन, भारत सरकार की पहल 'देखो अपना देश' के अनुरूप, घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चलायी जा रही है। आइआरसीटीसी ने इस आठ दिनों की यात्रा के लिए शुरुआती कीमत 17,655 रुपये प्रति व्यक्ति का शुल्क निर्धारित किया है। इस टूर पैकेज की कीमत में यात्रियों को रेल यात्रा के अतिरिक्त स्वादिष्ट शाकाहारी भोजन, बसों द्वारा पर्यटक स्थलों का भ्रमण, एसी होटलों में ठहरने की व्यवस्था, गाइड एवं इंश्योरेंस आदि सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जायेंगी।

## मुकेश अंबानी के बेटे अनंत पुरी आये और जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शादी से पहले विश्व के प्रतिष्ठित उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी ने पुरी आकर महाप्रभु श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया। मंगलवार को अनंत दोपहर 2.30 मिनट पर चार्टर फ्लाइट से भुवनेश्वर पहुंचे। वहां से उन्होंने कार से पुरी के लिए यात्रा की। उन्होंने सोमवार को गुवाहाटी में मां कामाक्षा देवी के दर्शन किये और मंगलवार को गुवाहाटी से सीधे भुवनेश्वर आये। अनंत पुरी पहुंचने पर उनका सेवायतों और जिला प्रशासन के तरफ से स्वागत किया गया। वह बडदांड में कुछ दूर तक चलकर सिंह द्वार पर पहुंचे। उसने बडदांड से नीलचक्र को देखा और प्रणिपात किये। उन्होंने एक आम भक्त की तरह मंदिर में प्रवेश किया। बाद में अनंत गरुड़ स्तंभ, पतितपाबन और देवी-देवताओं की पूजार्चना की। वह तीस मिनट तक मंदिर में रहे और श्रीजीयू को दर्शन किये।

## पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर ने निरीक्षण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर ने सम्बलपुर डिवीजन के संबलपुर -टिटलागढ़-लांजीगढ़ रोड सेक्शन और बलांगीर- झारतरभा सेक्शन (खुर्दा-बलांगीर लाइन) का निरीक्षण किया और क्षेत्र में चल रही विभिन्न परियोजनाओं और बुनियादी ढांचे के कार्यों की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने संबलपुर मंडल के संबलपुर-टिटलागढ़ सेक्शन में बरगढ़ रोड, बलांगीर और टिटलागढ़ स्टेशनों और बलांगीर-झारतरभा सेक्शन के झारतरभा स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशनों पर उपलब्ध विभिन्न यात्री सुविधाओं का जायजा लिया और सेक्शन में चल रही विकासात्मक गतिविधियों के साथ-साथ निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं और क्षेत्र में विकास कार्यों की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। महाप्रबंधक के निरीक्षण के दौरान विनीत सिंह, मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर और मुख्यालय एवं संबलपुर मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ थे।

## बीजेबी उच्च विद्यालय खुर्दा में पुष्पांजलि कार्यक्रम



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** जिला स्तरीय बक्शी जगबंधु के श्राद्ध दिवस के अवसर पर मंगलवार को बीजेबी उच्च विद्यालय खुर्दा के प्रांगण में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उक्त कार्यक्रम में स्थानीय विधायक ज्योतिरिन्द्र नाथ मित्र, जिलाधिकारी के. सुदर्शन चक्रवर्ती, अतिरिक्त जिलापाल (राजस्व) साफल्य मंडित प्रधान, अतिरिक्त जिलापाल (प्रशासन) प्रताप चंद्र बेउरा, उप जिलापल दीप्ति रंजन सेठी, खुर्दा तहसीलदार इप्सित साहू, जिला सूचना एवं लोकसंपर्क अधिकारी ज्योस्नामयी आचार्य, सभी बीजेबी हाई स्कूल के शिक्षक, छात्र, अधिकारियों और मीडिया प्रतिनिधियों के विभागों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। अतिथियों ने वीर पाइक के सुपुत्र बक्सी जगबंधु के स्मृतिचरण करने के साथ स्वाधीन खुर्दा में उनके योगदान को भी याद किया।

## प्रख्यात सर्जन डॉ धीरेंद्र कुमार राय का निधन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** प्रख्यात सर्जन और चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल के पूर्व डीन प्रो (डॉ) धीरेंद्र कुमार राय का रविवार को यहां सम अल्टीमेट मेडिकेयर में इलाज के दौरान निधन हो गया। प्रो राय, जिनका लंबे समय से इलाज चल रहा था। 76 वर्ष के थे। वे स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा शिक्षा के विशेषज्ञ माने जाते थे। सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक ने प्रो राय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें 'एक महान व्यक्ति और एक धन्य आत्मा' बताया। सोआ परिवार उनका ऋणी है।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या : 07-MC-HeavyRepair-2022-23** **दिनांक:20/01/2023**

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडि), पूर्व मध्य रेल, धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–खुली निविदा (e-open tender) Two Packet System में आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम तथा स्थान :** एक साल के लिए 1416 Unloadable Wagons ('C' Category) BOXNHL & BOXN के बॉडी का गहन मरम्मत, **2. कार्य का अनुमानित लागत :** ₹10,20,20,342.06/– (रुपया दस करोड़ बीस लाख बीस हजार तीन सौ बयालीस एवं पैसा छः) मात्र। **3. बयाना राशि :** ₹6,60,100/– (रुपया छः लाख साठ हजार एक सौ) मात्र। **4. निविदा जमा करने का तारीख तथा समय :** ई–निविदा जमा करने का तारीख 26–01–2023 से 09–02–2023 को 17:30 बजे तक। **5. निविदा खुलने का तारीख तथा समय :** 10–02–2023 को 12:30 बजे। **6. वेबसाईट विवरण :** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडि)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
**पीआर/01961/डीएचएन/यॉ०/टी/22–23/32**


### जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड और जिंदल स्टेनलेस (हिसार) लिमिटेड का वित्तीय परिणाम

# आय 9,073 करोड़, एबिट्डा 951 करोड़ और मुनाफा 568 करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुरुग्राम।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) और जिंदल स्टेनलेस (हिसार) लिमिटेड (जेएसएचएल) के निदेशक मंडल ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम की घोषणा की। जिंदल स्टेनलेस' (विलय(प्रोफॉर्मा) के बाद की इकाई को ध्यान में रखते हुए) की आय 9,073 करोड़ रही, जबकि एबिट्डा 951 करोड़ रुपये और कर पश्चात मुनाफा 568 करोड़ दर्ज हुआ। समीक्षाधीन तिमाही में ऋणदाताओं का शुद्ध ऋण 2,824 करोड़ रुपये रहा और शुद्ध ऋण - इक्विटी अनुपात 0.3 रहा, जो धातु उद्योग में सर्वश्रेष्ठ स्तर है। विलय (प्रोफॉर्मा) की जा रही इकाई के लिए ब्याज लागत तिमाही दर तिमाही आधार पर पिछली तिमाही के मुकाबले घट कर 16 प्रतिशत रह गयी।

तिमाही-दर-तिमाही आधार पर, जेएसएल की बिक्री में 22 प्रतिशत, एकल आय में 14 प्रतिशत, एबिट्डा में 51 प्रतिशत और कर पश्चात मुनाफे में 86 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। 31 दिसंबर, 2022 तक जेएसएल का शुद्ध वाह्य ऋण 1,714 करोड़ रुपये था। समेकित आधार पर, जेएसएल की आय 6,350 करोड़ रुपये, एबिट्डा 525 करोड़ रुपये और कर पश्चात मुनाफा 299 करोड़ रुपये रहा।

तिमाही-दर-तिमाही आधार पर, जेएसएचएल की एकल आय में 9 प्रतिशत, एबिट्डा में 15 प्रतिशत और कर पश्चात मुनाफे में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि बिक्री में 5 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई। जेएसएचएल का शुद्ध वाह्य ऋण 31 दिसंबर, 2022 तक 1,092 करोड़ रुपये रहा। समेकित आधार पर, वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में जेएसएचएल की शुद्ध आय 4,285 करोड़ रुपये रही जबकि एबिट्डा 367 करोड़ रुपये और कर पश्चात मुनाफा 344 करोड़ रुपये रहा।

बिक्री और परिचालन योजना में निरंतर सक्रियता से जिंदल स्टेनलेस को घरेलू बिक्री पर अपना ध्यान केंद्रित करने में मदद मिली। जिसने कंपनी को निर्यात से संबंधित नीति में अनिश्चितता के कारण उत्पन्न बाजार की स्थिति में बदलाव के अनुकूल बनने में सहायता प्रदान की। रणनीतिक सोर्सिंग, विशिष्ट मूल्य वर्द्धित स्टेनलेस स्टील ग्रेड के विकास एवं आपूर्ति के जरिये उत्पाद मिश्रण में निरंतर वृद्धि, और उन्नत परिचालन दक्षता ने इस अनुकूलन रणनीति को अधिक सक्षम बनाया। इसके परिणामस्वरूप जिंदल स्टेनलेस की कुल बिक्री में वृद्धि हुई। उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में कुल बिक्री में से लगभग 95 प्रतिशत की आपूर्ति घरेलू ग्राहकों को की गयी और ऐसा लगातार दूसरी तिमाही में हुआ।

घरेलू स्टेनलेस स्टील उद्योग चीन और इंडोनेशिया से उपमानक गुणवत्ता वाले आयातों की लगातार डंपिंग से जूझ रहा है वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2022-23 (वार्षिक स्तर पर अप्रैल-अक्टूबर) के दौरान चीन और इंडोनेशिया के आयातों में क्रमशः 230 प्रतिशत और 300 प्रतिशत की भारी वृद्धि देखी गयी। इसलिए भारतीय विनिर्माताओं और सब्सिडी वाले विदेशी आयात के बीच कारोबार में बराबरी के अवसर की असमानता पूरी तिमाही में जारी रही।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कंपनी के प्रदर्शन के बारे में कहा कि बाजार की बदलती स्थितियों के अनुरूप सक्रियता एवं अनुकूलन, जिंदल स्टेनलेस की बिक्री और परिचालन योजना के मूल बिंदु है। यह रणनीति पिछली तिमाही में भी सहायक सिद्ध हुई और इसने बिक्री को घरेलू मांग के अनुकूल बनाने में मदद प्रदान की। अपनी पर्यावरणीय जिम्मेदारी को पूरा करने हेतु हमने केवल नवीकरणीय ऊर्जा के जरिये भावी विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता के लिए विशिष्ट उपाय भी किये। भारतीय स्टेनलेस स्टील उद्योग की ओर से, हम स्टेनलेस स्टील उत्पादों पर लगाए गए निर्यात शुल्क को रद्द करने के फैसले के लिए भारत सरकार के आभारी हैं। इस कदम से सरकार के स्थानीय से वैश्विक (लोकल से ग्लोबल) दृष्टि को बल मिलेगा। हमें उम्मीद है कि सरकार भारत और चीन तथा इंडोनेशिया जैसे अन्य एफटीए देशों के बीच सब्सिडी वाले और शुल्क मुक्त आयात की डंपिंग के कारण पैदा व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठायेगी।

## सूटकेस में मिला युवक का शव, पत्नी और साला के साथ एक रिश्तेदार गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सूटकेस में युवक का शव मिला है। इस मामले में नाचुणी पुलिस ने मृतक की पत्नी, साला और एक रिश्तेदार को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिये गये आरोपियों ने बताया कि जिस सूटकेस में लाश मिली थी, उसे उन्होंने खुर्दा जिले के टांगी इलाके की एक दुकान से खरीदा था। रविवार की सुबह जब कुछ स्थानीय लोग खुर्दा जिले के चिलिका प्रखंड के हरिपुर जंगल को लकड़ी लाने के लिए गये, तो उन्होंने वहां नीले रंग का ट्रॉली बैग पड़ा देखा और इसकी सूचना नाचुणी थाने को दी। आइआइसी चंद्रशेखर जेना के नेतृत्व में एक पुलिस टीम पहुंची और ट्रॉली बैग खोलने के बाद, उन्हें एक युवक का शव मिला। ट्रॉली बैग के पास विदेशी शराब की बोतलें और पानी की पाउच थीं। हालांकि मर्डर का सीन सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मृत युवक की पत्नी लिली दास मौके पर पहुंची और शव की पहचानें। मृतक का नाम मनोरंजन महापात्र पिता का नाम गंगाधर महापात्र घर बलभद्रपुर पंचायत के रणपुर थाने के पाठीपड़ गांव का बताया जाता है।

## पूर्व तट रेलवे महिला संगठन की स्पॉट ड्राइंग, पेंटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता पुरस्कार समारोह




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे ने महिला कल्याण संगठन की ओर से स्पॉट ड्राइंग, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता के जोनल स्तर के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए किया गया था। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष राधा सुनकर ने प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कार प्रदान किये। अनुपमा श्रीवास्तव उपाधाक्ष पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन और महिला कल्याण संगठन के सदस्य भी उपस्थित थे।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



त्रिवेणी कुमार भोक्ता
हेरहंज वार्ड नम्बर 12

**सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि किसी भी पृष्ठों पर छपे विज्ञापनों की जांच अपने स्तर पर कर लें।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now!
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

रत्न विक्रेता | जय माता दी | रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com | bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar– I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | | |
| English Grammar– I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compluments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**